

- वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों-12



- आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार-12



- ईरान बोला-अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाए तो हम समझौते के लिए तैयार-13



- टी-20 विश्वकप में इटली को 24 रनों से हराकर इंग्लैंड पहुंचा सुपर आठ में-14

आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.53
सूर्यास्त 06.05


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ
- बरेली
- कानपुर
- मुरादाबाद
- अयोध्या
- हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:30 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 17 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 321, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट हुआ जारी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ मुरादाबाद के अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नंबर पांच ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। वर्ष 2017 में एक शादी समारोह में प्रस्तुति देने के लिए अभिनेत्री को 14 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन वह समारोह में शामिल नहीं हुईं, जिससे आयोजकों को आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठाना पड़ा।

शिकायतकर्ता पवन वर्मा के अधिवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि अभिनेत्री अमीषा पटेल को पूरी धनराशि अग्रिम देने के बावजूद नहीं आईं। बाद में संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला और न ही रकम वापस की गई। अदालत की ओर से पूर्व में समन जारी किए गए थे, लेकिन अभिनेत्री पेश नहीं हुईं। लगातार अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। अभिनेत्री ने दो वर्ष पूर्व जिला जज की अदालत से जमानत ली थी। जमानत की शर्तों में बिना न्यायालय की अनुमति विदेश यात्रा न करने और अदालत के आदेशों का पालन करने की बात शामिल थी। अधिवक्ता के अनुसार, इन शर्तों का पालन नहीं किया गया। अदालत ने 9 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत उपस्थिति का आदेश दिया था, लेकिन उस तारीख पर भी पेश नहीं हुईं। इसके बाद न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश पारित किया।



- 2017 में एक कार्यक्रम में 14.50 लाख रुपये लेने के बाद भी प्रस्तुति न देने का मामला

## भारी भीड़, लंबी कतारों के बीच एआई महाकुंभ का आगाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सपो का किया उद्घाटन, भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लगीं
- प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल

दुनिया का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन सोमवार को भारी भीड़ और लंबी कतारों के बीच यहां 'भारत मंडपम' शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्सपो का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में सम्मेलन के प्रतिनिधियों, वक्ताओं और मेहमानों के स्वागत के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। सम्मेलन के सुबह साढ़े नौ बजे से काफी पहले ही भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जो इस विषय और सम्मेलन में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के सीईओ दारियो अमोडेई के सत्र बुधवार से पहले शुरू नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के अंतिम दो दिन 19 और 20 फरवरी को दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख हिस्सा लेंगे। 'समिट 2026' में प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा शामिल होंगे। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में 3,250 से अधिक वक्ता और 500 से अधिक सत्र होंगे। आयोजकों ने कहा कि पंजीकरण अपेक्षाओं से अधिक हुए हैं।




नई दिल्ली में स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### गूगल, एनवीडिया, अमेजन, मेटा, ओपनएआई माइक्रोसॉफ्ट भी नवाचार को प्रदर्शित कर रही

सम्मेलन के दौरान एआई एक्सपो का भी आयोजन किया गया है, जहां प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां जैसे गूगल, एनवीडिया, अमेज़न, मेटा, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और भारत की बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने एआई नवाचार को प्रदर्शित कर रही हैं। यह एक्सपो एआई के बदलाव और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है और इसमें 300 से अधिक प्रदर्शनियां, 13 देशों के पवेलियन शामिल हैं। इसके अलावा, एक्सपो में पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जोर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरिम व्यापार समझौते को रूप देने अमेरिका जाएगा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय अधिकारियों का एक दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा। इस समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह यात्रा 23 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। भारत और अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

### शबरिमला मामले में पूर्व टीडीबी सचिव जयश्री ईडी के समक्ष पेश हुईं

**कोच्चि।** शबरिमला सोना चोरी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में टीडीबी की पूर्व सचिव एस जयश्री सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुईं। द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्ति से तौर पर सोना गायब होने से संबंधित मामले में चौथी आरोपी जयश्री की कथित भूमिका की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही है। उन्हें जांच के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम सुरक्षा प्रदान की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन मामले में भी उनका नाम आरोपी के रूप में दर्ज किया गया।

### मोदी-मैक्रों की मुलाकात आज रणनीतिक साझेदारी पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेता भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोनों नेताओं की बातचीत रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने तथा उन्हें नए और उभरते क्षेत्रों तक विस्तारित करने पर केंद्रित रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी 17 फरवरी को मुंबई जाएंगे, जहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे।

# भारतीय संस्कृति को रौंदने वाले गाजी की समर्थक है सपा : योगी

## विधान परिषद में गाजी मियां व वंदेमातरम् मुद्दे पर मुख्यमंत्री का तीखा प्रहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधान परिषद (विप) में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गाजी मियां और वंदेमातरम् से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सपा ऐसे गाजी के मेले का समर्थन करती है, जो भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस एक ओर संविधान की दुहाई देती हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का अपमान कराती हैं, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर वंदेमातरम् न गाने की बात करना संविधान निर्माताओं और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान है। वंदेमातरम् को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी गई थी। प्रत्येक भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि गाजी भारत की संस्कृति और परंपरा को मिटाने आया था, लेकिन श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदू राजाओं ने उसे परास्त कर दिया। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को उनका उचित सम्मान दिया है, बहराइच के चित्तौड़ा में भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय इसका प्रमाण हैं।

योगी ने वर्ष 2017 से पहले की कानून-व्यवस्था की स्थिति को याद करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे और माफिया समांतर सरकार चला रहे थे। गुंडा टैक्स, अवैध वसूली, दंगे और कर्फ्यू आम बात थी। पर्व-त्योहार आस्था नहीं, बल्कि आशंका का कारण बन जाते थे। न महिलाएं सुरक्षित थीं, न व्यापारी। कहा कि 2017 के बाद यूपी ने उपद्रव से उत्सव तक की यात्रा पूरी की है। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा है। यूपी की बढ़ती जीडीपी, किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान, ओडीओपी और एमएसएमई के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने विकास को गति दी है।



- सीएम बोले- 2017 से पहले यूपी में माफिया चला रहे थे समांतर सरकार आज प्रदेश फियर जोन से फेथ जोन बना

### बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे सपाई

मुख्यमंत्री ने संवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष के रवैये की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज को जातीय आधार पर बांटने, आस्था का अपमान करने और संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार करने से नहीं चूक रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही एसआईआर प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है, फिर भी सपा कार्यकर्ता बीएलओ और अन्य कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं, जो संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम संविधान की शपथ लेते हैं, तो उसकी संस्थाओं का सम्मान करना भी हमारा दायित्व है।

### नई घोषणाएं व प्रमुख दावे

- प्रदेश में तीन नई पीएसी बटालियन के गठन की प्रक्रिया तेज
- सभी नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी परियोजना लागू
- फॉरेंसिक लैब और साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार
- कृषि, एमएसएमई और उद्योग में टेक्नोलॉजी आधारित योजनाओं पर जोर
- निवेश के लिए ट्रस्ट, स्टेबिलिटी और स्पीड के मॉडल को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता

## आशा कार्यकत्री, शिक्षामित्र आंगनबाड़ी और अनुदेशकों का बढ़ाया जाएगा मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी विधान परिषद में सीएम योगी का बड़ा एलान, पेंशन में भी बढ़ोतरी

**अमृत विचारः** विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों के मानदेय में बढ़ोतरी का बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इन वर्गों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

योगी ने कहा कि निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन भी बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने याद दिलाया कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शिक्षामित्रों की समस्या का विधिक समाधान करने का वादा किया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से शिक्षामित्रों का सहायक अध्यापक पद पर समायोजन निरस्त हो गया था। उस दौरान सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति माह किया था। हालांकि उसके बाद मानदेय में वृद्धि नहीं हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक लगातार बढ़ोतरी की मांग उठाते रहे हैं।

### नौ साल बाद बढ़ेगा मानदेय

प्रदेश में करीब 1.47 लाख शिक्षामित्र और 28 हजार से अधिक अनुदेशक कार्यरत हैं। सरकार लगभग नौ साल बाद इनके मानदेय में वृद्धि करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में करीब दो हजार रुपये प्रति माह तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 1.70 लाख आशा कार्यकत्रियों को भी राहत

प्रदेश में करीब 1.70 लाख आशा कार्यकत्रियां सेवारत हैं। एक हजार की आबादी पर एक आशा कार्यकत्री नियुक्त होती है। आशा कार्यकत्रियां गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में ले जाकर सुरक्षित प्रसव कराने सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग करती हैं। वर्तमान में इन्हें 2500 से 3500 रुपये प्रतिमाह तक प्रोत्साहन राशि मिलती है। सरकार इस राशि में भी बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर रही है।

## पत्नी व बेटे को गोली मारकर रिटायर्ड फौजी ने भी दी जान

- लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कानपुर, अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय रिटायर फौजी चेतराम ने लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से पहले 47 वर्षीय पत्नी सुनीता और 15 वर्षीय बेटे दीप की गोली मारकर हत्या कर दी, इसके बाद घर से करीब दो किलोमीटर दूर भाऊपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी भी जान दे दी। पुलिस को पत्नी और बेटे की हत्या का पता तब चला, जब वह रिटायर्ड फौजी की शिनाख्त होने पर आत्महत्या की सूचना देने उसके घर पहुंची। इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। फौजी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, फिलहाल आर्थिक तंगी की बात सामने आ रही है।

मूलरूप से घाटमपुर के पतारा में शेरूवा बखेड़िया गांव का रहने वाला चेतराम पासवान फौज से रिटायर था।

## सीबीएसई छात्रों के लिए 10वीं की पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य

- पहले चरण में तीन विषयों में उपस्थित नहीं होने पर अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा
- सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है और जो विद्यार्थी पहले चरण में कम से कम तीन विषयों में उपस्थित नहीं होते हैं, उन्हें अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने जा रहा है।

बोर्ड द्वारा यह स्पष्टीकरण कुछ अनुरोध प्राप्त होने के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कुछ कारणों से कक्षा 10वीं के जो विद्यार्थी पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जानी चाहिए। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, सभी विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। सभी उत्तीर्ण और पात्र विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जाएगी। पहली पहली परीक्षा में शामिल नहीं होने पर अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं में ही परीक्षा दे सकेंगे।

## अवैध रूप से बना रहे थे पटाखे धमाके में 7 लोग जिंदा जले

- भिवाड़ी में घटी घटना, मैनेजर पुलिस हिरासत में

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे में सोमवार को पटाखे बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुमित्रा पारीक ने बताया गारमेंट फैक्टरी में अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे।

फैक्टरी में फंसे दो लोगों को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। पारीक ने कहा, परिसर को गारमेंट फैक्टरी के लिए किराए पर लिया गया था, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार इसमें अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे।

## जेईई मेन्स : पहले फेज में 12 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100

नई दिल्ली, एजेंसी

- 13.04 लाख उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा, परफेक्ट 100 में सभी लड़के

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की।

इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश व एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एनटीए स्कोर ऐसे सामान्यीकृत अंक हैं जो कई पालियों में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समान रूप से मापने के लिए तैयार किए जाते हैं। ये अंक उस पाली में परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। प्रत्येक पाली में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 0 से 100 तक के पैमाने में परिवर्तित किए जाते हैं। एनटीए अंक प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते। परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष खोला गया था।

सुनवाई | पीठ ने कहा– यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित, आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार

## डेटा संरक्षण 2023 कानून से संबंधी याचिका पर केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक हम मामले की सुनवाई नहीं करते, तब तक अंतरिम आदेश से संसद द्वारा लागू की गई व्यवस्था को रोका नहीं जा सकेगा।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन को लेकर डीपीडीपी अधिनियम और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया। पीठ ने तीन याचिकाओं, डिजिटल समाचार मंच 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' की ओर से वेंकटेश नायक, पत्रकार नितिन सेठी और राष्ट्रीय जन सूचना अधिकार अभियान (एनसीपीआरआई) द्वारा दायर, को भी बृहद पीठ के पास भेज दिया। इन याचिकाओं में विश्वसनीयता संबंधी प्रावधानों पर चिंता जताई गई है, जो केंद्र सरकार को अपने विवेक से किसी भी डेटा प्रबंधन संस्था से डेटा प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। पीठ ने कहा कि यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित है, और इसमें दो परस्पर विरोधी मौलिक अधिकारों, सूचना के अधिकार और निजता के अधिकार के बीच संतुलन बनाना शामिल है। सीजेआई ने कहा, यह परस्पर विरोधी हितों को संतुलित करने का मामला है। हमें सभी जटिलताओं को दूर करना होगा और यह निर्धारित करना होगा कि व्यक्तिगत जानकारी क्या होती है।

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने ऐतिहासिक सुभाष अग्रवाल फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही आरटीआई और निजता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए एक ढांचा तैयार कर लिया है। पीठ ने हालांकि कहा कि नए विधायी ढांचे के लिए एक नए, गहन परीक्षण की आवश्यकता है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने अतिरिक्त दलीलें पेश करने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने केंद्र से व्यापक जवाब सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी करने की कार्यवाही शुरू कर दी। मामले की सुनवाई मार्च में निर्धारित की है।



### धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव मामले की 9 जजों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नौ न्यायाधीशों की पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू करेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि गठित की जाने वाली यह पीठ सात अप्रैल को याचिकाओं पर महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करेगी। सुनवाई 22 अप्रैल को पूरी होने होने की संभावना है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने शबरिमला से संबंधित उस फैसले की समीक्षा याचिकाओं का समर्थन किया है, जिसमें केरल के पवित्र पर्वतीय मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। शबरिमला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले पक्षों के लिए पीठ द्वारा नियुक्त वकील कृष्ण कुमार सिंह नोडल अधिवक्ता हैं। सीजेआई ने कहा, हम यह उचित समझते हैं कि वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर और शिवम सिंह को अदालत मित्र नियुक्त किया जाए। सिंह इस न्यायालय के समक्ष सभी पक्षों के विचार प्रस्तुत करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 700 से ज्यादा आंगनबाड़ी खस्ताहाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के 2772 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 700 से अधिक केंद्र जर्जर और खस्ताहाल हैं। बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप राय ने बताया 135 आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार के लिए दो वर्ष पूर्व पंचायत राज विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस है। करीब डेढ़ सौ केंद्रों की मरम्मत के लिए धनराशि प्राप्त होने के बाद शेष राशि पर रोक लग गई, जिससे कार्य अधूरा रह गया। वहीं नगर क्षेत्र में लगभग 650 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। प्रस्ताव बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय को भेजे जा चुके हैं, लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है।

### पुलिस की मौजूदगी में हुई युवती की शादी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुल्लाखेड़ा निवासी मुन्नी देवी पत्नी मानकचंद ने शुक्रवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर पोती के विवाह में सुरक्षा की मांग की थी। कहा कि छह महीने पहले उनकी बड़ी पोती का विवाह हुआ था। जिसमें डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में तीन लोग गंभीर घायल हुए थे। अब 15 फरवरी की देर शाम उनकी दूसरी पोती अमृता की बारात आनी थी, जिसे लेकर परिवार काफी डरा हुआ था। जिसके बाद बारात के आगमन से विदाई तक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि जांच के बाद ही पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। पुलिस की कड़ी निगरानी में विवाह की सभी रस्में बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्वक संपन्न हुईं और बेटी की डोली खुशी-खुशी विदा हुई।

# अमरोहा जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

## जिला जज की आफिशियल आईडी पर सुन्निया दासन के नाम से आया मेल, टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम पाकिस्तान आईएसआई ने दी धमकी

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिला जज की आधिकारिक मेल आईडी पर धमकी भरा ई-मेल आने के बाद अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। घंटों तक संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वॉड टीम के साथ बम निरोध दस्ता ने सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इस धमकी की जिम्मेदारी लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम पाकिस्तान आईएसआई ने ली है।

सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में अदालतों को उडाने की धमकी दी गई। इसी तरह अमरोहा जनपद न्यायालय को भी बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल भेजा गया है। सोमवार की सुबह जिला जज की आधिकारिक ईमेल आईडी पर सुन्निया दासन नाम की एक ईमेल आईडी से यह मेल आया जिसमें लिखा था, जज के चैंबर में 12 आरडीएक्स आईईडी बम लगाए गए हैं, जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडू में ईडब्लयूएस रिजर्वेशन लागू होने से रोकें। दोपहर 12:15 तक सभी को खाली करा लें। ईमेल मिलने के की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई। धमकी की जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मचा गया। एसपी अमित आनंद ने तुरंत न्यायालय की सुरक्षा बढ़ा दी। नौगांवा सीओ अवधमान भदौरिया अपनी टीम के साथ पहुंचे। डॉग स्क्वॉड व बम निरोध दस्ता टीम भी पहुंचा और सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कई घंटे तक टीम ने खोजबीन की हॉलाकि बम जैसी कोई वस्तु वहां नहीं मिली। इस धमकी भरे मेल की जिम्मेदारी लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम पाकिस्तान आईएसआई ने ली है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि अमरोहा जिला जज को एक ईमेल करीब 8:38 पर मिला है। इसके बाद अधिवक्ताओं को इसकी जानकारी दी गई थी। हम लोग धमकी से डरने वाले नहीं है। पुलिस जांच कर रही है।



लोगों को चेक करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार




न्यायालय परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाती डॉग स्क्वॉड टीम। ● अमृत विचार



न्यायालय परिसर में चेकिंग करते सीओ अवधमान भदौरिया व पुलिस। ● अमृत विचार

- **तमिलनाडू में ईडब्लयूएस रिजर्वेशन लागू होने से रोकने की मांग की गई**
- **जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मचा बढ़ाई गई कोर्ट की सुरक्षा**



588 16/2/26

Subject: आपके कोर्ट के जज के चैंबर में 12 RDX IED लगाए गए हैं, जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडु में "EWS रिजर्वेशन" लागू होने से रोकें, दोपहर 12:15 PM तक सभी को खाली करा लें!
From: Sunniya Dasan <sunniya_dasan@outlook.com>
Date: Feb 16, 2026, 8:38:46 AM
To: "dcjyo@allahabadhighcourt.in" <dcjyo@allahabadhighcourt.in>

Hon'ble Judges,

Stop EWS Reservation Implementation in Tamil Nadu by DMK Government. 12 c-4 RDX Silicon Base Fuze IEDs in Court to Blast at 12:15 PM!

LTTE-Pakistan ISI

धमकी भरा ईमेल। ● अमृत विचार

> कोर्ट की आईडी पर धमकी भरा ईमेल आया था। कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ कचहरी परिसर और न्यायालयों में चेकिंग कराई गई है। ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली है। ईमेल की जांच कराई जा रही है।
> **– अमित कुमार आनंद**, एसपी अमरोहा

## मुरादाबाद में पुलिस अलर्ट, कचहरी परिसर की सघन चेकिंग की

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** अमरोहा जिले में कचहरी परिसर में बम रखकर विस्फोट करने के धमकी भरे ईमेल के बाद मुरादाबाद में भी प्रशासन सतर्क हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सोमवार को कचहरी परिसर और उसके आसपास व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

सोमवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि अमरोहा जनपद के जिला जज की अधिकारिक मेल पर धमकी मिली थी आपके कोर्ट के जज के चेंबर में 12 (आरडीएक्स आईईडी) लगाए गए हैं, जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडु में ईडब्ल्यू रिजर्वेशन लागू होने से रोकें, दोपहर 12:15 बजे तक सभी को खाली करा लें। इसके बाद मुरादाबाद जिले में सतर्कता बरतते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया। पुलिस ने कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर सघन तलाशी अभियान चलाया। डॉग स्क्वॉड की टीम ने परिसर के विभिन्न हिस्सों की गहन जांच कर मेटल डिटेक्टर के माध्यम से कचहरी में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और लावारिस वस्तुओं पर विशेष नजर रखी गई। परिसर में खड़े वाहनों की तलाशी के अलावा बिना अनुमति प्रवेश करने वालों से पूछताछ की गई और पहचान पत्र देखा गया। बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद किया गया है। पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने और हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जनपद के आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। कचहरी परिसर में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था से अधिवक्ताओं और आम लोगों में राहत है। पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



कचहरी में सुरक्षा के तहत निरीक्षण करता डॉग स्क्वाड व पुलिस अधिकारी।

- **डॉग स्क्वायड के साथ कचहरी परिसर में की गई चेकिंग, हर आने जाने वाले की तलाशी ली गई**

# डीआरएम ने किया हर्रावाला रेल खंड का विंडो निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान कार्यों के प्रगति की जानकारी लेतीं मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव।

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने सोमवार को मुरादाबाद-हर्रावाला रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मंडल के हर्रावाला और रूड़की स्टेशन का निरीक्षण कर पुनर्निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने मुरादाबाद से हर्रावाला रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने हर्रावाला और रूड़की रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता देखी। उन्होंने स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी और दोनों स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। गुणवत्ता के साथ कार्य समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। रूड़की स्टेशन यार्ड में एलएचएस के निरीक्षण के दौरान एलएचएस में पानी भरने की समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए कहा। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) एसपी तिवारी, सीपीएम ( गति शक्ति) अनिल कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य ) चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (प्रथम) पियूष पाठक, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (समन्वय )अक्षय कुमार और अन्य रेल अधिकारी मौजूद रहे।

### होली में यात्रियों की सुविधा के लिए अगले महीने चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मार्च में होली पर्व को देखते हुए रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसमें बढ़नी अमृतसर बढ़नी स्पेशल ट्रेन बरेली-मुरादाबाद होकर अमृतसर आएगी जाएगी। गाड़ी संख्या 05005 बढ़नी-अमृतसर बुधवार 4 मार्च से 25 मार्च तक कुल 4 फेरा लगाएगी। यह ट्रेन रात 23 :08 बजे बरेली स्टेशन पर पहुंचेगी। दो मिनट स्टॉपेज के बाद वह मुरादाबाद रात 12 :45 बजे पहुंचेगी। यहां दस मिनट ठहराव के बाद अगले स्टेशन सहारनपुर जंक्शन के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 9 :30 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन मुरादाबाद-बरेली होते हुए बढ़नी जाएगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 05023 गोमतीनगर-खातीपुरा-गोमतीनगर स्पेशल गोमतीनगर से 3 मार्च को संचालित होगी। यह 24 मार्च तक 4 फेरे लगाएगी। गोमतीनगर से चलकर यह ट्रेन सुबह 9 :00 बजे मुरादाबाद आएगी। यहां दस मिनट का स्टॉपेज रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल आदित्य गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा मुरादाबाद रेल मंडल के अन्तर्गत कई और विशेष गाड़ियों को भी होली के मद्देनजर चलाया जाएगा।

## बिना टिकट यात्रा करते 43 को पकड़ा 19210 जुर्माना वसूला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रेलवे की टीमों ने किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित शर्मा के नेतृत्व में 6 टिकट चेकिंग स्टाफ ने दो रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ के सहयोग से टिकट चेकिंग अभियान के अंतर्गत गाड़ी 16 गाड़ियों को चेक किया गया।

अभियान के दौरान टीमों ने बिना टिकट यात्रा के 43 केस पकड़ा। जिसमें 19210 और अनियमित यात्रा के 8 मामले में 2215,धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के नौ मामले में 1800 सहित कुल 60 केस में 23,225 का रेल राजस्व प्राप्त किया। यात्रियों से रेल प्रशासन ने अपील किया कि प्लेटफॉर्म पर प्लेटफॉर्म टिकट या अपना रेल यात्रा टिकट लेकर ही जाएं। गाड़ी में बिना टिकट यात्रा न करें एवं जिस श्रेणी / दर्जा का टिकट है, उसी कोच में यात्रा करें।

# विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेसी रोके

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** विधानसभा का घेराव कर मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा व प्रदेश में हो रहे अनियोजित विकास (तोड़-फोड़) के विरोध में लखनऊ कूच कर रहे कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष व अन्य को पुलिस ने हाऊस अरेस्ट कर लिया। विरोध करते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि यह लोकतंत्र की आवाज दबाने वाली घटना है।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा कि यह आम जन के हक पर हमला है। लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिशें अब खुलकर सामने आ रही हैं। जनविरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए सोमवार को विधानसभा घेराव के लिए जा रहे थे तभी सरकार ने तानाशाही रवैये का परिचय देते हुए उन्हें शिविर कार्यालय भूड़े के चौराहे पर ही हाउस अरेस्ट करा लिया। कांग्रेसियों ने वहीं धरने देकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की है।

इस दौरान नजाकत ठेकेदार, मो. शादान, रिजवान रईस, अहमद अयाज, अनस अंसारी, दानिश कुरैशी, सिराज अहमद, जावेद अंसारी, जकरिया कुरैशी, शमशेर खान, सोनू शर्मा, योगेश कुमार, शिवम कुमार, संजू कुमार, राजेश सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

- **पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट**



कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम को घर पर रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर के घर पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### सरकार घोंट रही लोकतंत्र का गला: गुंबर

लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जाने से पहले ही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर को पुलिस ने सुबह हाउस अरेस्ट कर लिया। देर शाम तक पुलिस कर्मी उनकी निगरानी में लगे रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। जनहित की आवाज उठाने वालों को रोक कर भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान को खात्म करना चाहती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि सुबह मंदिर से पूजा कर घर पर आए तो पुलिस ने उनके घर को चारों ओर से घेर रखा था। कारण पूछने पर बताया कि लखनऊ में विधानसभा घेराव करने के लिए जाने नहीं देंगे। इसका विरोध जताने पर पुलिस ने थाने पर ले जाने की धमकी दी। इसके बाद हाउस अरेस्ट कर रोक दिया। बाद में आग्रह कर अपनी दुकान पर गया तो वहां पर भी पुलिस का पहरा लगा रहा। ऐसा करके सरकार लाठी व वर्दी के बल पर लोकतंत्र में राजनीतिक दलों व नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रही है। ऐसी सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को दिया है।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**संवाददाता, सैदनगर**

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने कानूनी कार्यवाही करने से इंकार किया है।

घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के सैनपुर गांव में आम के बाग में ग्रामीणों ने युवक का शव लटका देखा तो सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों की भीड़ जमा होने लगी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। पहचान होने पर मालूम हुआ युवक पास ही के गांव नगलिया आकिल निवासी जितेंद्र सैनी उर्फ जिंदल उम्र 30 वर्ष है। युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया युवक मानसिक रूप से कुछ कमजोर है और देर शाम को घर से गायब हुआ था। परिजनों की मौजूदगी में युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से साफ इनकार कर दिया। पंचनामे के बाद पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार किया है।

- **परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से किया इंकार**

## मारपीट कर युवक की फोड़ी आंख

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति की मारपीट के दौरान आंख फोड़ दिए जाने के मामले में पुलिस ने दो के नामजद समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव रवाना लाला उर्फ विशनपुरी निवासी बलजीत सिंह द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि वह बीते रविवार को गांव में ही काम वाली महिला को बुलाने जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही प्रेमजीत सिंह अपने पुत्र युवराज सिंह और दो साथियों के उसे रास्ते रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने उस पर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने आंख पर मुक्का मारा, जिससे उनकी आंख फूट गई। लहूलुहान होकर गिर पड़े। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि विवेचना की जा रही है।

## 2790 बिजली चोरों पर 8.94 करोड़ बकाया, आरसी जारी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में बिजली चोरी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 2790 बकायेदारों पर कुल 8 करोड़ 94 लाख रुपये की जुर्माने की धनराशि बकाया है। विद्युत विभाग ने सभी के खिलाफ आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी कर दी है। इसके साथ बिजली चोरों के छापेमारी अव प्रवर्तन दल को भेजकर उनसे जुर्माने की राशि वसूलने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य अभियंता वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि जो उपभोक्ता सीधे विभाग में जुर्माने की राशि जमा करेंगे, उन्हें जुर्माने की राशि में 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। हालांकि जिन मामलों में आरसी जारी हो चुकी है,यदि बिजली चोरी करने वाले बिजली विभाग योजना में सम्मिलित नहीं होंगे तो उन्हें जुर्माने की राशि जमा करनी होगी। बिजली चोरी रोकने के लिए प्रवर्तन टीमों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। दो टीमें विशेष अभियान के तहत कार्रवाई कर रही हैं। इस क्रम में शहर के दीवान का बाजार और कटघर क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान घर-घर जाकर जांच की गई, लेकिन कार्रवाई के बीच मात्र चार लोगों ने ही जुर्माने की धनराशि जमा कराई।उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और बकायेदारों से हर हाल में वसूली सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने अपील की है कि स्वेच्छा से बकाया राशि जमा कर दें।

- **छापेमारी , प्रवर्तन दल घर जाकर वसूल रहे जुर्माने की राशि**

**चिंताजनक** | **स्वच्छ वायु के लिए ठोस प्रयासों के बावजूद नहीं बढ़ रही नागरिकों की रुचि**

# महानगर की हवा प्रदूषित, एक्यूआई अनहेल्दी श्रेणी में

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** महानगर में इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। इससे लोगों को सांस लेने में भी मुश्किलें हो रही हैं। अस्थमा व श्वांस संबंधी मरीजों को इससे दिक्कत होती है। सोमवार को महानगर के सभी प्रमुख क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से सूचकांक खराब अर्थात अनहेल्दी श्रेणी में दर्ज किया गया। इससे क्लीन एंड ग्रीन मुरादाबाद के संकल्पों को ठेस पहुंच रहा है।

वाहनों के धुआं, धूल, खुले में कूड़ा जलाने और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले जहरीले केमिकल युक्त धुआं से महानगर में वायु गुणवत्ता का स्तर खराब है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सर्वाधिक 184 रिकॉर्ड किया गया। जबकि दिल्ली रोड पर 167, बुध बाजार में 174, कांशीराम नगर में पीसीबी के मॉनीटर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में 161 दर्ज किया गया। इसमें प्रमुख रुप से आए दिन बढ़ रही वाहनों की संख्या जिम्मेदार रही। इनसे निकलने वाले धुएं से लोगों को सांस संबंधी बीमारी भी हो रही है। वायु प्रदूषण बढ़ने से नगर निगम के क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद के संकल्प को नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि निगम प्रशासन की ओर से प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर से सड़कों पर पानी का छिड़काव , डिवाइडरों व पेड़ पौधों पर कराया जाता है। साथ ही सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग भी कराने के साथ ग्रीन बेल्ट को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी कराए जाते हैं। लेकिन फिर भी आए दिन महानगर में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बढ़ जाता है। स्मार्ट सिटी की ओर से महानगर के दस स्थानों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स मॉनीटर भी लगाया गया है। बावजूद इसके महानगर में स्वच्छ वायु के लिए ठोस प्रयासों में नागरिकों की रुचि नहीं बढ़ रही है।




सेवायोजन कार्यालय पर लगा वायु गुणवत्ता सूचकांक मॉनिटर। ● अमृत विचार

- **बुध बाजार में वायु गुणवत्ता सूचकांक 174 पहुंचा, सांस लेने में भी हो रही मुश्किलें**

## छत पर खेल रही 7 साल की बच्ची करंट से झुलसी, गंभीर

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सलेम सराय में सात वर्षीया बच्ची छत में खेलने के दौरान हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलस गई। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

गांव सलेम सराय निवासी शेर मोहम्मद की धेवती इरम(7) रविवार को घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आकर उसे रंट लग गया। करंट लगते ही बच्ची जोर से चिल्लाई। चीख सुनकर घरवाले और आसपास के लोग दौड़ पड़े। बच्ची की हालत देखकर सभी घबरा गए। परिजन तुरंत उसे डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां काफी प्रयास के बाद उसकी जान बचाई जा सकी। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची बुरी तरह झुलसी है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज जारी है।

### शिकायत पर भी नहीं हटाए तार, रोष

परिजनों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन घर की छत के बहुत करीब से गुजर रही है। कई बार लोगों ने इसे हटाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि अगर समय रहते लाइन को हटाया या ऊंचा किया गया होता तो यह हादसा नहीं होता। गांव के लोगों में घटना को लेकर गुस्सा है। उनका कहना है कि इस तरह खुले में और घरों के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइनें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

## शहर में आज

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व एक मुट्ठी अनाज मुरादाबाद संगठन की ओर से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकट पीतल बस्ती रोडवेज पर मासिक भंडारा सुबह 10 :00 बजे
- इंद्रप्रस्थ हास्पिटल नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की ओर से स्वास्थ्य पर चर्चा दिल्ली रोड स्थित होटल मानसरोवर पैराडाइज में शाम 4 :00 बजे
- भाजपा की ओर से देहात विधानसभा में बजट चौपाल मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज नवीन नगर में शाम 4 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### एआई शिखर सम्मेलन में शिरकत करेगा टीएमयू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की मेजबानी भारत करेगा। भारत मंडपम में होने वाले इस समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के नेतृत्व में 109 विद्यार्थी पांच दिनी समिट के लिए आज सुबह रवाना होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से एआई इंडिया मिशन समिट में प्रधानमंत्री समेत 20 देशों के राष्ट्रध्यक्ष, व 50 से अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ भी आ रहे हैं। 20 सत्र होंगे जिनमें एक सत्र में यूनिवर्सिटी की डीन प्रो. मंजुला जैन भी विचार रखेंगी। बीआईसी के मैनेजर प्रशांत सिंह ने बताया कि तीन स्टार्ट्स अप के प्रेजेंटेशन की भी तैयारी है।

### मोबाइल चोरी कर तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मोबाइल स्वामी असीम अली निवासी सीधी सराय थाना गलशहीद ने कोतवाली आकर बताया कि स्कूटी की डिग्गी से साथ में आए शमशाद अली ने मोबाइल चोरी कर लिया है। जब मोबाइल स्वामी ने जानकारी की तो आरोपी ने थैले से टूटा हुआ मोबाइल वापस कर दिया। इस पर आरोपी को पकड़ कर कोतवाली ले आया। मोबाइल स्वामी की तहरीर के आधार पर थाना कटघर में आरोपी शमशाद अली निवासी करूला इस्लाम नगर, गली नंबर-1, के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: दस कंप्यूटर चार एलईडी, तीन शिफ्टों में 30 कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

# डीआईओएस कार्यालय परिसर में बना परीक्षा कंट्रोल रूम

मुरादाबाद, कार्यालय संवाददाता

- परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे होगी निगरानी
- 19 संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पर्यवेक्षक लगाए गए

**अमृत विचार :** जनपद में बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल एवं नकलविहीन कराने के लिए प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 18 फरवरी से शुरु हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 112 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है, जिनमें तीन कक्ष अध्यापक तैनात रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के निगरानी के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

परीक्षा केंद्रों पर की व्यवस्था हर वक्त लगाए गए कैमरों से निगरानी में रहेंगी। तीस कर्मचारियों कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिले के संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को चेक किया। केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के चेतावनी दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया बोर्ड परीक्षा बुधवार 18 फरवरी से शुरु होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:15, दूसरी पाली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया पिछले वर्ष के मुकाबले परीक्षार्थियों की संख्या में लगभग चार हजार परीक्षार्थी कम है। जनपद में इस बार कुल 75,760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, सभी का सिटिंग प्लान भी चेक किया गया है। जिसमें हाईस्कूल में 39,560 और इंटरमीडिएट में 36,200 छात्र परीक्षा देंगे। 2500 बेसिक और 3000 माध्यमिक शिक्षक नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराएंगे। कंट्रोल रूम से 12 कंप्यूटर और चार एलईडी लगाई गई है, जिसमें कैमरों के माध्यम से सभी केंद्रों की निगरानी की जाएगी कि प्रत्येक 112 परीक्षा केंद्रों पर लगाए कैमरे और परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका रखे जाने वाले स्ट्रांग रूम पर लगे दोनों कैमरों को चेक किया गया। इस साथ ही कार्यालय परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें प्रत्येक कंट्रोल रूम पर निगरानी के लिए चार बड़ी एलईडी और दस कंप्यूटर की व्यवस्था की गई है। जिसके दस-दस कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है। परीक्षा की दोनों पालियों के बाद रात दस बजे कर्मचारी सभी परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर लगे कैमरों से स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे।

### छह सचल दल करेंगे निरीक्षण

परीक्षा केंद्र के औचक निरीक्षण के लिए बनाए गए छह सचल दल प्रत्येक संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर एक बार भ्रमण जरूर करेंगे साथ ही इनके अतिरिक्त पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर 12 व्यवस्थापक और 112 सहायक केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन कराने के उद्देश्य से 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 112 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पांच जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रत्येक केंद्र छात्रों की संख्या के अनुरूप पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# प्रमाण पत्र के बिना बीज बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 20 फरवरी से गन्ना विभाग चलाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचार :** जिले में बिना यूपी शोध परिषद केंद्र से प्रमाण पत्र लिए बीज विक्रेताओं पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गन्ना विभाग ने ऐसे बीज विक्रेताओं के चयन और जांच के लिए 20 फरवरी से विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा टीमें गठित की जाएंगी जो क्षेत्र में सक्रिय बीज विक्रेताओं का सत्यापन करेंगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विक्रेता संबंधित शोध केंद्र से प्रमाणित बीज ही किसानों को उपलब्ध करा रहे हों। बिना प्रमाण पत्र बीज बेचते पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गन्ना विभाग की ओर से गठित सभी टीमें अपनी रिपोर्ट उन्हें देंगी।

उन्होंने कहा कि चोरी-छिपे बीज बेचने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी, जिससे किसान नकली या अवैध बीज के झांसे में न आएं। विभाग का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना है, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो और उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक हानि न उठानी पड़े। अधिकारियों ने किसानों से भी अपील की है कि वे केवल प्रमाणित विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# नोटिस का जवाब देने में मतदाता दिखा रहे सुस्ती

## एसआईआर: 1,78,000 अनमैप्ड वोटर्स को भेजे गए हैं नोटिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभी तक 82,000 मतदाताओं ने दिया है नोटिस का जवाब

> प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी मतदाता बनाने का कार्य अभियान के दौरान किया जा रहा है।
> – **संगीता गौतम**, अपर जिलाधिकारी प्रशासन

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में अनमैप्ड मतदाताओं की नोटिस के बाद भी सुस्ती जारी है। किसी के नाम मिसमैच हैं तो किसी के पते में संशोधन होने के चलते वह ट्रेस नहीं हो पाए। जिसे उन्हें अनमैप्ड श्रेणी में डालकर उन्हें नोटिस देकर आपत्ति के संबंध में जवाब मांगा गया है। लेकिन आखिरी तारीख 6 मार्च तक बढ़ने के बाद मतदाता निश्चिंत हो गए हैं। हालांकि इससे जिला प्रशासन के माथे पर चिंता बढ़ रही है।

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में 1,78,000 अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी कर उन्हें साक्ष्य व दस्तावेज सहित जवाब मांगा गया है। इसमें सभी तहसील क्षेत्रों के मतदाता हैं। हालांकि नोटिस भेजने के बाद भी उसका जवाब मांगा गया है। प्रक्रिया में कहीं बीएलओ की कमी मतदाताओं पर भारी पड़ी तो कहीं मतदाताओं की सुस्ती खुद उनके लिए मुश्किल बनी। अब बीएलओ के साथ ही मतदाता भी निर्वाचन आयोग के द्वारा दावे व आपत्ति के लिए आखिरी तारीख 6 मार्च तक बढ़ाने के इसमें तेजी कम हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को प्रक्रिया की सतत निगरानी कर समय से कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए एक बार बूथों पर बीएलओ के माध्यम से कार्य कराए गए। लेकिन शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना चुनौती बना है। कई बार बैठकों में प्रक्रिया की समीक्षा कर कमियों को दूर करने के साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्ण और सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया है।

## राजकीय संप्रेक्षण गृह से फरार चल रहे तीन किशोर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) के छत से कूदकर फरार हुए पांच किशोरों में फरार चल रहे तीन किशोरों को सोमवार को पुलिस ने पकड़ लिया। इससे पहले दो किशोरों को अमरोहा से पकड़ा था। होमगार्ड सिपाही और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन कोतवाली मनीष सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात को हरथला स्थित संप्रेक्षण गृह से पांच किशोर और छ होमगार्ड, सिपाही और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फरार हो गए थे। जिसे लेकर प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी की ओर से थाना सिविल लाइंस में 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। दर्ज मुकदमे में पांच फरार किशोरों में से दो 9 फरवरी को पकड़ लिए गए थे। जिसके बाद पुलिस अन्य तीन किशोरों की तलाश कर रही थी। जिसमें एक किशोर सुबह और दो किशोर शाम सात बजे रेलवे स्टेशन से पकड़ लिए गए है।

# टीएफआई के नेतृत्व में चरणबद्ध आंदोलन करेगा प्राथमिक शिक्षक संघ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मूंढापांडे में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

- 22 फरवरी को ट्विटर अभियान 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांध जताएंगे विरोध

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने (टीएफआई) के नेतृत्व में प्रदेश के अन्य शिक्षक संगठनों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन चलाने की घोषणा की है। यह निर्णय प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया।

सोमवार को मूंढापांडे में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा और जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षकों को संगठित रहकर संघर्ष करना होगा। वक्ताओं ने आशंका जताई कि टीईटी, सुपर टीईटी या अन्य नई परीक्षाओं के माध्यम से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा प्रभावित की जा सकती है। उन्होंने इसे तानाशाही रवैये के खिलाफ संघर्ष बताते हुए एकजुटता का आह्वान किया। डॉ. नीरज शर्मा ने अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 22 फरवरी को ट्विटर अभियान चलाया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 26 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 26 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशव्यापी रैली में भागीदारी की जाएगी। जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक एस आईआर, पंचायत चुनाव और बोर्ड परीक्षाओं में व्यस्त हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के हितों के विरुद्ध बताया। बैठक में कार्यसमिति के नए सदस्यों गरिमा गुप्ता, गौतम सिंह, राजकुमार और पंकज कुमार सिंह का स्वागत किया गया। संचालन ब्लॉक मंत्री हिमांशु वशिष्ठ ने किया। बैठक में मोहम्मद हारून, राजीव, वेद प्रकाश, लवकुश यादव, शिवचरन सैनी, विनोद यादव, रेनू यादव, राजीव कुमार सिंह, चंद्रकिरण, नरेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप शर्मा, अंजलि गुप्ता, रश्मि सिंह, चमन सिंह, हाकिम अली, लेखराज सिंह, मनोज यादव, भूपेंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अशफाक उल्ला खां रखा जाए प्रस्तावित खेल स्टेडियम का नाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन देते पूर्व छात्र समिति के सदस्य।

- राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र समिति ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। मांग उठाई कि प्रस्तावित खेल स्टेडियम का निर्माण शहीद ए वतन अशफाक उल्ला खां ने नाम से कराया जाए।

बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज का परिसर ऐतिहासिक तौर पर सूबेदार रुस्तम खां के समय स्थापित हुआ। ब्रिटिश शासन काल में 1860 में राजकीय इंटर कालेज के रूप में अस्तित्व में आया। इसके परिसर में शिक्षा विभाग का कार्यालय व विद्युत विभाग का जर्जर अवस्था में हास्टल और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय स्थित है। इसके परिसर में कॉकी व क्रिकेट आदि खेलों को सीखकर स्थानीय युवक नाम रोशन कर रहे हैं। कॉलेज परिसर में खेल स्टेडियम बनाना प्रस्तावित है। जिसमें सरकार से मांग है कि प्रस्तावित स्टेडियम का निर्माण अशफाक उल्ला खां ने नाम से कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट मो. तनजीम शास्त्री, फिरोज़ खान, एडवोकेट अरशद परवेज आदि शामिल रहे।

## आमजन के सशक्तिकरण पर केंद्रित है बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बजट चौपाल को संबोधित करते क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम। ● अमृत विचार

- केंद्रीय बजट पर भाजपा कार्यालय में नगर विधानसभा की चौपाल आयोजित

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट को लेकर सोमवार को भाजपा के बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर नगर विधानसभा का चौपाल आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की।

क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए होगी और इसे साबित कर दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट मुख्य रूप से युवा, महिला, किसान, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और गरीबों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। जो 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। विद्यार्थियों की शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, स्टार्टअप, तकनीकी प्रशिक्षण व नए अवसरों पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश को मिलने वाले 4.26 लाख करोड़ से बुनियादी ढांचे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास और ग्रामीण योजनाओं को गति मिलेगी।

अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिससे विकास को गति मिलेगी। संचालन महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने किया। बजट चौपाल में पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, दिनेश शीर्षवाल, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन, विशाल त्यागी, राहुल शर्मा, चंद्र प्रजापति, महानगर मंत्री शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, अनुराग सिंह, अतुल दुबे, मुकेश भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहे।

# 24 को राजकीय पॉलीटेक्निक में लगेगा रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



तैयारियों की समीक्षा करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

- सीडीओ ने तैयारियों की समीक्षा की, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में 24 फरवरी को होने वाले वृहद रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। यह रोजगार मेला राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में लगेगा।

मुख्य विकास अधिकारी की समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत आयोजित इस वृहद रोजगार मेले में अब तक 40 से अधिक निजी क्षेत्र की कंपनियों ने प्रतिभागिता सुनिश्चित की है। इनमें से लगभग 15 कंपनियां, इकाइयां मुरादाबाद जिले की हैं। कंपनियों द्वारा तीन हजार से अधिक रिक्तियां उपलब्ध कराई गई हैं। इस पर सीडीओ ने कहा कि स्थानीय उद्योगों और इकाइयों से संपर्क कर उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई मुरादाबाद, जिला समन्वयक कौशल विकास तथा राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पासआउट एवं अध्ययनरत अभ्यर्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए।

उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर युवाओं के लिए कैरियर काउंसिलिंग एवं साइकोमैट्रिक टेस्ट की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए, जिससे युवाओं को अपने भविष्य के कैरियर विकल्पों के संबंध में उचित मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने डिग्री कॉलेजों, तकनीकी, पैरामेडिकल एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों से संपर्क कर अधिकाधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 14 मार्च को लोक अदालत, 22 फरवरी को विधिक सहायता शिविर का होगा आयोजन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास गर्ल्स महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकरण से आई टीम ने छात्राओं को विधवा, विकलांग पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन व कमजोर वर्ग से जुड़ी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। सोमवार को महाविद्यालय परिसर में जिला विधिक प्राधिकरण टीम के सदस्यों ने बताया कि समस्याओं के निराकरण के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नि3शुल्क सरकारी वकील की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाती है। बताया कि 22 फरवरी को पंचायत भवन में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित होगा। जिसमें सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इच्छुक प्रार्थियों को अपना बैंक खाता संख्या, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। वहीं 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टैक्स, बिजली चोरी, चालान आदि से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। प्राचार्या ने कहा कि सरकार द्वारा असहाय, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए चलाया जा रहा यह अभियान अत्यंत सराहनीय है। इस दौरान महाविद्यालय की मुख्य अनुशासिका प्रो. किरन साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. सीमा अग्रवाल, प्रो. सुधा सिंह, प्रो. करुणा आनंद, प्रो. इंदू सिंह राजपूत, बिंदु शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## न्यूज डायरी



### बेहतर अंक लाने का दिया आशीर्वाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएस इंटर कॉलेज में सोमवार को फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र वितरित कर तनाव रहित परीक्षा में शामिल होने के लिए शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया। कॉलेज के मुख्य अनुशासक व अंग्रेजी प्रवक्ता जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि फेयरवेल विद्यार्थियों के जीवन की एक महत्वपूर्ण एवं चिर स्मरणीय सुखद घटना है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण स्थल भी होता है। कहा कि तनावमुक्त रहकर पूर्ण आत्मविश्वास व सकारात्मकता के साथ बोर्ड परीक्षा में शामिल हों, सभी विषयों के लिए उचित समय प्रबंधन और पाठ्यक्रम विभाजन कर बार बार अभ्यास करें। इस दौरान प्रवक्ता व परीक्षा प्रभारी संजीव कुमार, प्रवक्ता योगेंद्र कुमार, दुष्यंत कुमार, पूनम त्यागी, सुमनलता, सुनीता गुप्ता, बेबी, रोहित कुमार गौड़, मुकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### मुख्य आरक्षी चन्द्रपाल सिंह को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य आरक्षी चन्द्रपाल सिंह के निधन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ दिवंगत मुख्य आरक्षी को सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद गंगवार, क्षेत्राधिकारी लाइन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। एसएसपी ने कहा कि चन्द्रपाल सिंह ईमानदार, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ थे। एसएसपी ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस विभाग की ओर से पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ गृह जनपद भेजा गया।


### शबाबुल हसन 'शबाब मैनाठेरी' के निधन पर साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** काव्यसुधा मंच साहित्यिक संस्था के वरिष्ठ शायर शबाबुल हसन का ग्राम मैनाठेर में 73 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया। उनके निधन पर साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि दी। डॉ. महेश दिवाकर ने बताया कि वह तीन बेटियां और दो पुत्र छोड़ गए हैं। शबाबुल हसन न्यायालय में पेशकार थे और 12 वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो चुके थे। उनकी रचनाएं राष्ट्रीय स्तर की कई पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। रघुराज सिंह निश्चल, वीरेंद्र सिंह बृजवासी, प्रो. कैप्टन राजीव चौहान, मो. याकूब हुसैन 'राज' ओंकार सिंह 'ओंकार', राम सिंह 'निशंक', जहीर 'राही', ताज भोजपुरी, डा. मीनाक्षी ठाकुर, सरफराज हुसैन 'फराज', शायर मुरादाबादी, आकाश वर्मा, विकास वर्मा, अब्दुल हामिद तारिक, वानी सिफ्फाई, नातिक सिफ्फाई, तालिब हामिद, नौशाद 'अनगढ़' आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### रुद्राभिषेक की महिमा अपरंपार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रही 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठें दिन राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिन्दू संस्कार केंद्र प्राचीन शिव मंदिर, लक्ष्मी नगर में कथा व्यास पुजारी महेंद्र शास्त्री ने कहा कि भगवान शंकर को जल की धार अति प्रिय है। शिव और रुद्र ब्रह्म के ही पर्यायवाची शब्द हैं। कथा व्यास ने कहा कि दुख व सभी ग्रहों की पीड़ा और कुंडली में काल प्रसर्प दोष होने पर भी शांत हो जाता है। रुद्राभिषेक अवर्णनीय है। जगत में राम से बड़ा दृष्टा और कौन है जिन्होंने लंका जाने से पूर्व राक्षस विध्वंस के लिए स्वयं रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना कर रुद्राभिषेक किया और पृथ्वी पर राक्षसों से मुक्त कर शांति की स्थापना की। कथा व्यास ने बताया कि जल चढ़ाने से भोलेनाथ अति प्रसन्न होते हैं और सभी भक्तों की जल्द से जल्द सभी कामनाओं को पूरी करते हैं। सारे जग में भोलेनाथ से निराला कोई और नहीं है। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। हर स्वरूप, चंद्रभान सैनी, पंडित विनोद शर्मा, पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी, शिव कुमार, डॉ. संजीव प्रजापति, जगदीश सहित कई लोग मौजूद रहे।



### समय पर जांच व इलाज से पूरी तरह ठीक हो सकता है कुष्ठ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बढ़ते कदम एनजीओ के कार्यालय में सोमवार को स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने लोगों को कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच व इलाज से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक जीवाणु जनित रोग है, जो लंबे समय तक संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहने से केवल तब फैल सकता है जब दूसरे व्यक्ति के शरीर में रोग से लड़ने की क्षमता बहुत कम है। उन्होंने स्वच्छता, संतुलित आहार और शरीर पर दिखाई देने वाले किसी भी सफेद या सुन्न धब्बे की तुरंत चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी। अभियान के अंतर्गत बुद्धि विहार आवास विकास, मझोला और खुशहालपुर से आए मरीजों की निशुल्क जांच भी की गई। इस दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष सृष्टि अधिकारी, राजेश कुमार प्रजापति, ऋषि, राकेश सैनी, रश्मि तिवारी, अंजना व अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्ग खस्ताहाल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सुरजन नगर मार्ग पर लापरवाही से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के सख्त निर्देश थे, लेकिन वह धरातल पर नजर नहीं आया। मरम्मत के नाम पर मोटे-मोटे पत्थर (खनक) बिखेर दिए गए हैं, जिससे मार्ग पहले से अधिक दुर्गम हो गया है। लोगों का कहना है कि मरम्मत के नाम पर केवल सतही तौर पर खानापूर्ति की गई है, जबकि अधिकांश हिस्से में गड्ढे यथावत हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों को परेशानी झेलनी पड़ी। पीडब्ल्यूडी के जेई अजय कुमार ने कॉल नहीं उठाया।

### युवक गिरफ्तार, 1490 ग्राम चरस बरामद

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को मुगलपुरा प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार राणा ने बताया कि मुर्सलीम उर्फ तुल्ला निवासी मोहल्ला बरवालान को करूला जयंतीपुर क्षेत्र थाना मझोला के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1490 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। मुकदमा दर्ज आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जहां उसे जिला कारागार के रवाना किया।

# शिविर लगाकर श्रम कार्ड बनवाने की हो व्यवस्था

## मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने उठाई श्रमिकों के हक की मांगे

संवाददाता, बिलारी



ग्रामीणों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करते वक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नरसरा में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद की ओर से मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता शाकिर मलिक, मानवाधिकार रक्षक प्रेम कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने श्रमिकों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं और श्रम कानूनों पर चर्चा की।

सोमवार को कांग्रेसी नेता शाकिर मलिक ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब मजदूरों के लिए मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गईं। उन्होंने नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के प्रयासों का समर्थन किया। कहा कि श्रमिकों को 5 हजार रुपये महीना श्रमिक सम्मान निधि मिलनी चाहिए। किसानों को 7 हजार रुपया महीना किसान सम्मान निधि मिलनी चाहिए।

मानवाधिकार रक्षक प्रेम कुमार ने मजदूरों के लिए सरकारी सुविधाओं की कमी पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सरकार को शिविर लगाकर श्रम कार्ड बनवाने की व्यवस्था करनी चाहिए। इस मौके पर परमी सिंह, नरसी, राकेश यादव, विवेक यादव, सुमित, तरुण, ओमपाल, जोगेंद्र, धर्मेंद्र यादव, शकीर मालिक कांग्रेस नेता, ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार , सुरेश आदि मौजूद रहे।

### श्मशान घाट का मार्ग संकरा करने का आरोप एसडीएम से शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार: क्षेत्र स्थित पशुपति एक्रीलोन फैक्ट्री के पीछे बने प्राचीन श्मशान घाट के मार्ग को लेकर घाट के पुजारी ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर 22 फीट चौड़े मार्ग को यथावत रखने की मांग की है।

नगर के काशीपुर बॉर्डर के निकट फैक्ट्री के पीछे वर्षों से श्मशान घाट संचालित है। घाट तक पहुंचने के लिए लगभग 22 फीट चौड़ा रास्ता छोड़ा गया था। आरोप है कि वर्तमान में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण कर रास्ते को घटाकर मात्र 10 फीट किया जा रहा है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए जाने व लोगों के आवागमन में परेशानी उत्पन्न होगी। घाट के पुजारी वीरदास महाराज ने बताया कि पूर्व सांसद स्व कुंवर सर्वेश कुमार द्वारा मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत पोल भी लगवाए गए थे। आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन अब उन खंभों को भी अपनी भूमि में शामिल करने का प्रयास कर रहा है। 22 फीट मार्ग यथावत छोड़ने का अनुरोध किया गया तो फैक्ट्री प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया।

# शिव चौदस पर गूंजे जयघोष, चढ़ाया जल

संवाददाता, कांठ



जलाभिषेक के दौरान उपस्थित कांवड़िया। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शिवरात्रि के दूसरे दिन भी चौदस होने की वजह से क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सायंकाल तक श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए पहुंचते रहे।

शिवरात्रि को चतुर्दशी तिथि में श्रद्धालु जलाभिषेक करना ज्यादा शुभ मानते हैं। रविवार को चतुर्दशी यानी चौदस सायं पांच बजकर सात मिनट(5:07) मिनट पर लगी, जोकि सोमवार को सायं पांच बजकर तैतीस (5:33) बजे तक रही। तमाम श्रद्धालु इस असमंजस में भी रहे थे कि वे व्रत रविवार को रखेंगे या सोमवार को। हालांकि यह स्थिति स्पष्ट होने के बाद श्रद्धालुओं ने रविवार को ही व्रत रखा। श्रद्धालुओं को शिव चौदस जैसा मुहूर्त दूसरे दिन भी मिल गया तो श्रद्धालुओं ने दूसरे दिन भी जलाभिषेक किया। नगर के मौहल्ला घोसीपुरा स्थित प्राचीन शिव मोहिनी मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही लोग जल चढ़ाने के लिए आते रहे। शाम तक मुहूर्त होने की वजह से यह सिलसिला जारी रहा। प्राचीन शिव मोहिनी मंदिर पर श्री विश्नोई कांवड़ बेड़े के संरक्षक एवं पूर्व महंत इंद्रजीत सिंह, महंत राकेश बिश्नोई, उप महंत राजेंद्र बिश्रोई ने सभी शिव भक्तों का आरती के बाद विधि विधान के साथ जलाभिषेक कराया।

### लूट पाट की झूठी सूचना देने पर डंपर व कैंटर चालक हिरासत में लिए

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : डायल 112 को लूटपाट और मारपीट की झूठी सूचना देने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पूरा मामला झूठा निकला। पुलिस के अनुसार नासिर हुसैन ने डायल 112 पर फोन कर बताया कि उसके गाड़ी चालक से कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं और लूटपाट की घटना को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि मौके पर कोई लूटपाट या मारपीट नहीं हुई थी। बल्कि दो चालकों समीर और इसरार अहमद के बीच डंपर और कैंटर भिंड़त पर झगड़ा हो गया था पूछताछ की तो सामने आया कि समीर नामक चालक के मालिक ने झूठी सूचना डायल 112 पर दे दी। फिलहा दोनों चालक पुलिस हिरासत में है।

# यादव जी की लव स्टोरी पर रोक लगाने की मांग



एसडीएम विनय सिंह को ज्ञापन सौंपते अहीर रेजिमेंट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : सोमवार को अहीर रेजिमेंट टीम बिलारी के अध्यक्ष राज यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे ,जहां उन्होंने सेंसर बोर्ड के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा । दिए गए ज्ञापन में कहा कि 27 फरवरी को यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि जिसमें उनके समाज को बदनाम करने की नीयत से यादव लड़की को मुस्लिम लड़के से प्रेम प्रसंग का सीन दिखाया गया है। जिससे उनके समाज नीचा दिखाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे अहीर रेजिमेंट और समाज में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाई ,अगर फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो अहीर रेजिमेंट धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अध्यक्ष राजू यादव ,विमल यादव, वीरेश यादव, प्रमोद यादव ,सचिन यादव, अशोक यादव, शिवम यादव, सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

### सर्राफा व्यवसायी को मिला वर्ल्ड डायमंड सेंटर से सर्टिफिकेट

बिलारी,अमृत विचार : नगर निवासी सर्राफा व्यवसायी माधवय गुप्ता को मुंबई के इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट से जेमोलॉजिकल में अवार्ड डिप्लोमा ग्रेजुएट डीसी करने पर वर्ल्ड डायमंड सेंटर मुंबई से सर्टिफिकेट मिला है। सोमवार को माधवय गुप्ता ने बताया कि शनिवार को उन्हें यह सर्टिफिकेट मिला है। उपलब्धि पर सर्राफा एसो, कुमार तनय महासभा ,श्री राधा रमन सत्संग समिति ने शुभकामनाएं दीं। वह लव कुमार गुप्ता के पौत्र और राधा रमन सत्संग समिति के संयोजक सचिन गौरव के पुत्र हैं।



मुंबई में सर्टिफिकेट के साथ माधवय गुप्ता।

# पारिवारिक विवाद में युवती से मारपीट चाची व चचेरे भाई पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



घायल सुमैरा।

अमृत विचार : थाना मुगलपुरा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। संभली गेट तबाकियान निवासी सुमैरा पुत्री उसमान अहमद ने चाची यासमीन और उनके बेटे काजिम के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता सुमैरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने चाचा के परिवार के साथ एक ही मकान में रहती है। रविवार को वह अपनी मां शहनाज के साथ नल के पास कपड़े धो रही थी। उसी दौरान उसकी चाची यासमीन,पत्नी फिरोज अहमद, पास में झाड़ू लगा रही थीं। आरोप है कि

#### ● झाड़ू लगाने से धूल धुले हुए कपड़ों पर आने से हुआ विवाद

झाड़ू लगाने से धूल उसके धुले हुए कपड़ों पर आ गई, जिस पर सुमैरा ने झाड़ू न लगाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। चाची ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर यासमीन ने बेटे काजिम को बुला लिया और दोनों ने सुमैरा व उसकी मां से मारपीट की। यासमीन ने वाइपर से सुमैरा के सिर पर वार किया, जबकि काजिम ने लोहे की डंडी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट आई। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां उसे बचाकर ऊपर कमरे में ले गईं। इस दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी दी और अपने कमरे में ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंदिर में घुसकर पुजारी को पीटा, दी धमकी

कुंदरकी, अमृत विचार : ब्लॉक कुंदरकी क्षेत्र के अंतर्गत मैनाठेर थाना क्षेत्र के बघी गोवर्धनपुर गांव के शिव मंदिर में पूजा के दौरान पुजारी पर दो बदमाशों ने हमला बोल दिया। गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पुजारी गोपाल गिरी उर्फ महंत गिरी को चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।पुजारी ने बताया कि वे मंदिर में रोज पूजा-पाठ करते हैं। गांव के ही अनिल और केशव मंदिर में घुसे और पूजा भंग करने लगे, विरोध पर लात-घूंसे बरसाए और जान से मार डालने की धमकी दी। शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे तो दोनों फरार हो गए। घायल पुजारी थाने पहुंचे और शिकायत की ।थाना प्रभारी किरन पाल सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज हो गया।

# त्योहारों को लेकर बैठक



बैठक के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी व लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैनाठेर

#### ● रमजान से पहले शांति व्यवस्था को लेकर थाना परिसर में बैठक

अमृत विचार : सोमवार को थाना परिसर में रमजान को देखते हुए क्षेत्र के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों व सभ्रांत व्यक्तियों की गोष्ठी आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना तथा पूर्व में हुए विवादों की समीक्षा करना रहा। गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों के साथ पुराने विवादों और संवेदनशील मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से भी सभी को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रमजान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है जिसके लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया तथा शांति बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Mohammad Fahed से बदलकर Mohd Fahad S/o Maqdoom Ali R/o ईदगाह, नई आबादी, थाना गलशहीद, मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में नए नाम से जाना जाए

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अजीम को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसका मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **इकरार पुत्र प्यारे निवासी मोहल्ला पुरानी ईदगाह कस्बा व थाना सैफनी शाहबाद जनपद रामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मनीष व पुत्रवधु ज्योति को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। बनवारी लाल पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम मगरमऊ थाना शहजादनगर जिला रामपुर।

**NOTICE**

I have changed my name from Fheem Haider s/o Mehzer Ali to Faheem Haider s/o Mehzer Ali Moh.Mahal town Said Nagli Teh. Hasanpur Dist. Amroha. I shall be called accordingly in future.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मिल अफसरों की देखरेख में हुई बसंतकालीन गन्ने की बुवाई

सवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सोमवार को त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के जोन शौदासपुर के जोनल प्रभारी प्रवीण शर्मा एवं उमाशंकर गुप्ता, सहायक प्रबंधक( गन्ना) पप्पू कुमार व सुमित कुमार के साथ पीलकपुर में हर स्वरूप सिंह के खेत पर दो वाई चार की दूरी में बसंतकालीन गन्ना बुवाई कराने पहुंचे।

सोमवार को उन्होंने गन्ने के बीज का निरीक्षण किया और किसानों से अनुरोध किया कि किसान गन्ना वुवाई के लिए अंतिम जुताई से पहले ट्राइकोडर्मा ,गोबर की खाद में मिलाकर जरूर डालें और सिंगल या डबल बड के टुकड़ों से गन्ने की बुवाई करें। इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने चीनी मिल के महाप्रबंधक ( गन्ना ) टी.एस. यादव से वार्ता की और कहा कि वर्तमान पेराई सत्र में कृषकों के मेंन कैलेंडर की पर्चियां का इंडेंट निकाला जाए और सभी किसानों को उचित मूल्य400 प्रति क्विंटल के हिसाब से उत्तम पैदावार का गन्ना उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान सत्यपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मदन पाल सिंह, पुलकित चौहान, मनोहरी सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर कार्य समय से पूरा करें

कांठ, अमृत विचार: एसडीएम कांठ ने तहसील सभागार में आयोजित बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों को एसआईआर कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में एसडीएम संत दास पवार ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों समझो को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में एस आईआर के कार्य को तत्काल पूरा करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जो अपात्र हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने चाहिए और जो पात्र व्यक्ति हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को नोटिस शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# विधानसभा में विधायक ने उठाया धरोहरों के विकास व पानी का मुद्दा

संवाददाता, कांठ



विधानसभा में बोलते कांठ विधायक कमाल अख्तर।

अमृत विचार: विधानसभा में विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने प्रदेश में पर्यटन धरोहरों के विकास के नाम पर हो रहे पक्षपात तथा जल जीवन मिशन योजना की जमीनी स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

पर्यटन धरोहरों पर बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर कहा कि सर्वसमाज और सभी आस्था स्थलों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कांठ विधानसभा क्षेत्र के बिश्नोई समाज के भूड़ मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही हाल ही में स्वर्गवासी हुए पूज्य गुरु राजेंद्र नंद जी महाराज की प्रतिमा मंदिर परिसर के समीप स्थापित कराने के लिए अनुरोध किया।

लाडलाबाद स्थित शिव मंदिर के मार्गों के शीघ्र निर्माण की मांग करते हुए जानना चाहा कि प्रदेश में पर्यटन धरोहरों के विकास के लिए सरकार कौन-कौन सी योजनाएं चला रही है, कितना बजट आवंटित किया जा रहा है तथा पार्किंग, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की क्या व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

चक्कर की मिलक स्थित दरगाह हजरत शाह बुलाकी को विशेष बजट देने की मांग की। जल जीवन मिशन पर कहा कि आज भी प्रदेश के अनेक गांवों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आरोप लगाया कि कई जगह पाइपलाइन नियमानुसार चार फीट गहराई में दबाई जानी चाहिए थी, लेकिन मात्र एक फीट पर ही डाली गई है। पाइप की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं है तथा सड़कों को खोदने के बाद मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है। कहा कि सपा सरकार के दौरान जनेश्वर मिश्र योजना और लोहिया ग्राम योजना के तहत गांवों में सड़क, बिजली और पानी की बेहतर व्यवस्था मिली थी।

### बाल विवाह के दुष्परिणाम बताएं

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव हरोरा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, सुपरवाइजर शाहनवाज आलम ने बताया कि बाल विवाह करने और कराने वालों के लिए सजा का प्रावधान है। लड़की की आयु 18 साल तथा लड़के की आयु 21 साल होनी चाहिए। 2 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख का जुर्माना हो सकता है। लिहाजा टोल फ्री नंबर पर गोपनीय सूचना दें। कार्यक्रम में अदनान, रिंकी, आरती, रविंद्र सिंह, ग्राम प्रधान व लेखपाल, अध्यापक मौजूद रहे।

# चंद्रयान से ज्वालामुखी तक चमकी प्रतिभा

संवाददाता, कुंदरकी



शिक्षकों के साथ पुरस्कृत बाल वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : क्षेत्र के जेडी जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण, ऊर्जा, मानव शरीर और अंतरिक्ष जैसे विषयों पर 20 से अधिक अभिनव मॉडल्स प्रस्तुत कर सभी को चौंकाया।

वर्किंग मॉडल्स जैसे किडनी, एटीएम, ज्वालामुखी, जल शुद्धिकरण, सौर मंडल, चंद्रयान, पवन चक्की जैसे मॉडल्स ने छात्रों की वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन किया। चौकी प्रभारी संजय त्यागी, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज के शिक्षक बागेश्वर यादव

#### ● जेडी जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

और प्रबंधक धीरज जैन ने मॉडल्स का मूल्यांकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ऋद्धि शर्मा, आशीष, गौसिया, भव्या शर्मा, सितफ़, आमिर व राधिका को पदक भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रबंधक धीरज जैन, चौकी प्रभारी संजय त्यागी, बागेश्वर यादव, विपुल जैन, अजादार अली, नकुल शर्मा, प्रधानाचार्य उषा जैन, सजल जैन, मुस्कान भटनागर, दिशा जैन सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### सफाई कर्मियों की समस्या पर चर्चा कर संगठन की मजबूती पर जोर

मुरादाबाद, अमृत विचार : स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ की बैठक सोमवार को गोविंद नगर स्थित एक बैंक्वेट हाल में हुई। इसमें प्रदेश महामंत्री बिल्लू चौहान, प्रदेश महामंत्री प्रदीप चौहान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संघ सफाई कर्मचारियों की निरंतर लड़ाई लड़ रहा है। बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्या की जानकारी लेकर संगठन को मजबूत कर आगे की रणनीति पर विचार किया गया। इस दौरान दिलीप वाल्मीकि, बीरू वाल्मीकि, मुरारी लाल शेषन, गौतम राणा, ओमीलाल, राजू भाई अम्बेडकर, सचिन वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### राजीव कुमार बने विश्व हिंदू महासंघ के मंडल सह प्रभारी

कांठ, अमृत विचार : ग्राम चक पचोकरा खानपुर पोस्ट कुचावली छजलैट निवासी राजीव कुमार को विश्व हिंदू महासंघ के शीर्ष नेतृत्व ने मुरादाबाद का मंडल सह प्रभारी नियुक्त किया है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ अवधूत, प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, प्रदेश महामंत्री दिग्विजय राणा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ इंद्रदेव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय महामंत्री शरद परमार, हस्तिनापुर संभाग प्रभारी पंकज वालिया इन सभी की बैठक में राय परामर्श के बाद राजीव कुमार ग्राम चक पचोकरा खानपुर पोस्ट कुचावली छजलैट को मंडल सह प्रभारी के पद पर नियुक्त किया, जिसमें राजीव चौधरी के समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई । कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर रमन चौधरी, राहुल सैनी, मनोज सैनी, अरुण सैनी, प्रदीप चौधरी, सुमित शर्मा, योगेन्द्र सिंह, अंकित, अनुराग आदि रहे।

### छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, सुसाइड नोट से परिजन डरे



ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र से बीए छात्र रियाज अहमद( 22) के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार रियाज के व्हाट्सएप से कुछ दोस्तों को सुसाइड नोट भेजा था। घबराए परिजनों ने कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। परिवार का कहना है कि पिछले लगभग 20 दिनों से रियाज मानसिक तनाव में दिखाई दे रहा था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उत्तराखंड के सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

### सकारात्मक सोच बनाए रखें



कांठ, अमृत विचार : बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या रेनू विश्नोई ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए संदेश देते हुए उपयोगी टिप्स साझा किए। कहा कि परीक्षा में सफलता सही रणनीति, समय प्रबंधन और समर्पण से भी प्राप्त होती है। उन्होंने नियमित स्वाध्याय करने की सलाह देते हुए कहा कि प्रतिदिन 6 से 8 घंटे अध्ययन करें और बीच-बीच में आवश्यक विश्राम भी लें। विषयों को समझने के बाद नियमित रूप से पुनरावृत्ति करना अत्यंत आवश्यक है। टाइम टेबल बनाकर उसका पालन करने की बात कही। पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा तनाव कम करने के लिए योग या ध्यान अपनाएं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर समूह अध्ययन के माध्यम से एक-दूसरे की सहायता करने का सुझाव भी दिया। अंत में उन्होंने सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने पर बल दिया।

### परिवार नकल प्राप्त करने में हो रही परेशानी, सौंपा ज्ञापन




अगवानपुर, अमृत विचार : नगर वासियों को परिवार नकल प्राप्त करने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों में परिवार के विवरण की पुष्टि नहीं हो पा रही हैं। लोग कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र वंचित हो रहे हैं। लापरवाही से नगर वासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि बार-बार कार्यालय का चक्कर लगवाए जा रहे है। दानिश सैफी ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग उठाई कि जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित को निर्देश दिए जाए कि नगर पंचायत में परिवार नकल विवरण की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाए।

# एसीओ की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन

## अधिवक्ताओं ने की मृतक के परिजनों को पांच करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने की मांग, आरोपियों की संपत्ति की जांच कराने की कही बात

- अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया शुरू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन रामपुर के सदस्य अधिवक्ता फारूख अहमद खां की हत्या के मामले में सोमवार को वकीलों प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने सोमवार सुबह का कचहरी सभागार में बैठक की। उसके बाद प्रस्ताव पास किया कि अधिवक्ता के परिजनों को पांच करोड़ के मुआवजे और जिला पंचायत परिषद के अपर मुख्य अधिकारी की गिरफ्तारी किया जाए। मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पार्क में प्रदर्शन किया, इसके बाद मामले में पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर परिजनों को पांच करोड़ का मुआवजा और अपर मुख्य अधिकारी की गिरफ्तारी की मांग की है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने बताया कि जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता फारूख वेशभूषा में गए हुए थे। जहां पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिवक्ताओं ने अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी को तुरंत गिरफतार करने की मांग की और हत्या के आरोपियों की सम्पत्ति की जांच करने की मांग की है। उनके घरों पर बुलडोजर की कार्यवाही की जाए साथ ही दोनों आरोपियों को निलंबित किया जाए। शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये जाएं। मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता अतिशीघ्र दिलाया जाए। बार एसोसिएशन रामपुर द्वारा यह प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें मांगे पूरी होने तक बार एसोसिएशन रामपुर द्वारा समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पास किया है। कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।


कलेक्ट्रेट के पार्क में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट में एएसपी और सीओ सिटी के साथ मौजूद टीम। ● अमृत विचार

### दो घंटे बाद पहुंचे अधिकारी

करीब दो घंटे प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे, जहां अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव यादव, उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह, उपाध्यक्ष मुरताज अली, संयुक्त सचिव सोहनलाल, पूर्व बार अध्यक्ष बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, पूर्व बार अध्यक्ष श्यामलाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आज भी रहेगी हड़ताल

बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने बताया कि मंगलवार को भी अधिवक्ताओं की हड़ताल रहेगी, इसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि अधिवक्ता को न्याय नहीं मिला और मांगे पूरी नहीं की गई तो अधिवक्ता आगे भी हड़ताल करने को विवश होंगे। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


अधिवक्ताओं से मिलने पहुंचे डीएम, एसपी साथ में सीओ सिटी। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### हत्यारोपी का शस्त्र लाइसेंस होगा निरस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत कार्यालय में हेड क्लर्क असगर अली ने 11 फरवरी को अधिवक्ता फारुख अहमद खां की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में हत्यारोपी को सिविल लाइंस पुलिस जेल भेज चुकी है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने जिलाधिकारी को शस्त्र लाइसेंस के निरस्त की रिपोर्ट भेज दी है। अब डीएम की ओर क्लर्क के शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### बीच-बचाव कराने आए युवक का सिर फोड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर क्षेत्र के रतनपुरा गांव निवासी सिलास के अनुसार रविवार देर शाम वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि गांव का एक युवक अपने पड़ोसी सोनू को पीट रहा था। सिलास ने मारपीट रुकवाने के लिए बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी दौरान, पीटने वाले युवक का एक और साथी बाइक से वहां पहुंचा। उसने सोनू को बाइक से टक्कर मारकर गिरा दिया, जिससे सोनू भी घायल हो गया। सिलास ने जब सोनू को दोबारा बचाने की कोशिश की, तो उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। रॉड सिर पर लगने से सिलास गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो कारों की भिड़ंत में सात लोग घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** जौहर विवि के ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह दो कारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में सात लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में ले जाया गया। घायलों में पांच वर्षीय जिया नूर, 50 वर्षीय नबी अहमद, 25 वर्षीय शमशाद और 25 वर्षीय रूबीना शामिल हैं। सभी घायलों का इमरजेंसी वार्ड में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। वहीं घायलों को अस्पताल भेजा है। जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# खैर से भरी हरियाणा निवासी युवक की कार को पुलिस ने पकड़ा

- पुलिस को देखते ही कार छोड़कर फरार हो गए तस्कर

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने चेकिंग के दौरान खैर की लकड़ी भरी एक कार को पकड़ लिया। हालांकि पुलिस को देख तस्कर मौके से फरार हो गए।

रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ तस्कर जंगल से खैर की लकड़ी काटकर गाड़ी में भरकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस एक्टिव हो गई और चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस टीम ने एक संदिग्ध स्कॉर्पियो कार को रोक लिया। पुलिस को देखते ही तस्करों में हड़कंप मच गया। पकड़े जाने के डर से आरोपी खैर की लकड़ी से लदी गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। पुलिस ने मौके से गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है, जिसमें खैर की लकड़ी के कुल 38 बोटे बरामद हुए हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो कार रामखिलाड़ी पुत्र कन्हैयालाल, निवासी ग्राम झरसा जिला गुरुग्राम हरियाणा के रूप में दर्ज है। अभी इसमें जांच पड़ताल जारी है। जांच उपरांत तस्करों की शिनाख्त की जाएगी तथा अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


खैर लकड़ी भरी कार। ● अमृत विचार

## ग्राहक पर रायफल तानने वाला पंप कर्मी पकड़ से दूर

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नैनीताल हाईवे पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने आए ग्राहक पर लाइसेंसी राइफल तानने वाला आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। रुद्रपुर निवासी बाबी कोहली नैनीताल हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने आए थे। लाइन में लगने को लेकर वहां पेट्रोल पंप कर्मी से कहासुनी हो गई थी और कर्मी केबिन के अंदर रखी लाइसेंसी राइफल ग्राहक के सीने पर तान दी थी। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी पंप कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट की। भीड़ के सामने लाइसेंसी रायफल लहराने के बावजूद भी लाइसेंस के निरस्तीकरण की कोई रिपोर्ट जिला प्रशासन को नहीं भेजी गई है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह का कहना है कि मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कुकर्म और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सात वर्षीय मासूम के साथ अप्राकृतिक कृत्य करना व मारपीट कर हत्या कर देने के मामले में मिलक थाना पुलिस ने सोमवार को आरोपी गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया। थाना मिलक के एक गांव निवासी आरोपी गुलफाम को पुलिस ने शाहबाद-पटवाई रोड रेवड़ी कला तिराहे से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपी गुलफाम ने मासूम के साथ कुकर्म और उसकी पिटाई की बात कबूल की है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वो नशे में था। अपने गांव के ही सात वर्ष के मासूम को चीज दिलाने का लालच देकर खेत पर ले गया। जहां खेत मे उसके साथ कुकर्म किया, मासूम चीखने-चिल्लाने लगा तो उसके साथ मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गया। इसी दौरान गांव की तरफ से खेतो में घास लेने महिला आती दिखी तो वह भाग गया। तब आरोपी ने मासूम को गोद में उठाया तथा सड़क की तरफ लेकर आया। पास के ही खेतों में उसका भाई काम कर रहा था। उसने मेरी गोद में अपने भाई को देखा तो आरोपी ने कहा कि लगता है इसे सांप ने काट लिया है। इसके बाद बड़ा भाई मासूम को गोद में उठाकर अपने घर ले गया। इसके बाद वो वहां से भाग गया। उसको बाद में पता चला कि मासूम की मृत्यु हो गई है। आरोपी गुलफाम करीब 6 महीने पहले नशा मुक्ति केंद्र शाहबाद में भी भर्ती रह चुका है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, वहां से कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह, उप निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल जागेश सिंह शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में आरोपी गुलफाम। ● अमृत विचार

- सात वर्षीय बच्चे के साथ आरोपी ने किया था कुकर्म
- चीखने चिल्लाने पर आरोपी की पिटाई से हो गया था घायल

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार:** थाना अजीम नगर क्षेत्र के गांव कुचेटा निवासी डॉ. जलील अहमद की 22 वर्षीय बेटी मुमताज जहां का शव सोमवार को उसके ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में रस्सी के फंदे से लटकता मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।


मृतका मुमताज जहां।

डॉ. जलील अहमद ने अपनी बेटी मुमताज जहां की शादी अप्रैल 2025 में नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी वेल्डिंग का काम करने वाले युवक जुनैद पुत्र जाकिर अली के साथ की थी। सोमवार को जलील अहमद अपने बेटों के साथ बेटी से मिलने उसकी ससुराल पहुंचे और ससुरालियों से उसे बुलाने को कहा। आरोप है कि ससुरालियों ने मुमताज के सोने की बात कहकर मायके पक्ष को वापस जाने के लिए कहा। जिससे परिजनों को शक हुआ। इसके बाद उन्होंने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो मुमताज का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देख परिजन बदहवास हो गए और चीख पुकार मच गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस दौरान ससुरालियें मौके से फरार हो गए। मृतक महिला के पिता ने ससुरालियों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी है।

## शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन सोमवार को स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं ने ग्राम भुर्जी की मड़ैया में जागरूकता रैली निकाली। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। भुर्जी की मड़ैया के प्राथमिक विद्यालय में लगे शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, बेरोजगारी, सड़क, नाली, पीने का पानी, शौचालय, बिजली आदि की समस्याएं जानी गई व सर्वे कार्य किया है। दोपहर गोष्ठी में हुई गोष्ठी में नेहरु युवा केंद्र के उप निदेशक माहे आलम ने छात्र छात्राओं को सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. कैश मियां, डॉ. प्रमोद कुमार, घनश्याम सरोज, डॉ. इरम नईम, डॉ. नरेश कुमार, सिमरन प्रजापति, हर्षिता आदि मौजूद रहे।

# शराब की दुकान के पीछे मिला महिला का शव

संवाददाता, ढकिया

- खंजीपुरा गांव में शव मिलने से मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** क्षेत्र के खंजीपुरा गांव में एक पैतालीस वर्षीय महिला की कल संदिग्ध हालत में मौत हो गई। महिला का शव गांव में स्थित देशी शराब की दुकान के पीछे जंगल में पड़ा मिला। परिजनों ने आनन फानन में मृतक महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव में महिला की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं है। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के खंजीपुरा गांव निवासी एक 45 वर्षीय महिला की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत होने पर पूरे गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक महिला का शव गांव में स्थित देशी शराब की दुकान के पीछे एक खेत में खून से लथपथ पड़ा था। परिजनों को जैसे ही महिला का शव जंगल में एक खेत में पड़ा होने की सूचना मिली तो तत्काल वे शव को खेत में से उठा लाए और आनन फानन में मृतक महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक महिला शराब पीने की आदी थी और मौत के समय भी शायद उसने शराब पी थी। महिला की मौत को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं है। ग्रामीण महिला की हत्या होने की भी आशंका जता रहे है। लेकिन शाहबाद कोतवाली की ढकिया चौकी पुलिस ने महिला की संदिग्ध हालत में हुई मौत की घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

## 22 फरवरी को लगेगा मेगा शिविर

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामपुर के तत्वावधान में आम नागरिकों को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से सद्भावना मंडप पनवड़िया में लगेगा। शिविर में पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सलाह, लोक अदालत संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाओं में पंजीकरण एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इस शिविर में राजस्व, श्रम, पंचायती राज, जिला विकास, आवास एवं नगर विकास, डूडा, आईसीडीएस, पुलिस, कृषि, बैंक सहायता ऋण योजनाएं, युवा कल्याण, वन, विद्युत वितरण, खनन, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण, कौशल विकास, जलशक्ति, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# 19 व 21 को आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

संवाददाता, रामपुर

- चयनित पात्र जोड़ों को मिलेगा योजना का लाभ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम 19 फरवरी व 21 फरवरी को होगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि निर्धारित तिथियों में संबंधित विकास खंडों एवं नगर निकायों के चयनित पात्र जोड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 25-26 से सामूहिक विवाह योजना के तहत लाभार्थी वर और वधू का बायोमेट्रिक-फेशियल प्रमाणीकरण (फिंगरप्रिंट एवं चेहरे की पहचान) अनिवार्य किया है। सभी लाभार्थियों को आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट एवं फोटो अद्यतन हों, आधार अद्यतन न होने की स्थिति में कार्यक्रम से पूर्व निकटतम आधार केंद्र पर आवश्यक संशोधन कराना अनिवार्य होगा। बायोमेट्रिक-फेशियल उपस्थिति दर्ज कराए बिना किसी भी लाभार्थी को कार्यक्रम स्थल से जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई जोड़ा प्रमाणीकरण कराए बिना कार्यक्रम स्थल से चला जाता है, तो विभाग द्वारा प्रदत्त सामग्री अथवा धनराशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित नहीं की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं लाभार्थी की होगी।

# जनगणना: मोबाइल ऐप पर डाटा एकत्र करेंगे कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई। जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कर्मी घर-घर जाकर मोबाइल ऐप पर डाटा एकत्रित करेंगे। पहले चरण में मकान गणना होगी, इसके लिए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत प्रस्तावित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स से संबंधित सभी कार्यों को सफलतापूर्ण संपन्न कराने के लिए कार्मिकों की सूची शीघ्र तैयार की जाए। ताकि मई से जून 2026 के मध्य हाउस लिस्टिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में की जाएगी, जिसमें नियुक्त कर्मी मोबाइल ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर डेटा संकलित करेंगे। साथ ही नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से वे वेब पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने, कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनगणना-2027 के लिए निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल, सूचना विज्ञान अधिकारी अजहर खां सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


विकास भवन में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते सीडीओ गुलाब चंद्र। ● अमृत विचार

- सीडीओ ने तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की

## घर में घुसकर बदमाशों ने की सवा लाख की लूट

**स्वार, अमृत विचार:** स्वार क्षेत्र में बदमाश घर में घुसकर महिला से मारपीट करते हुए 30 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब सवा लाख रुपये का सामान लूट ले गए। घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे की है। मामले में पीड़िता ने तहरीर दे दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव समोदिया निवासी अहसान अली सोमवार तड़के अपनी दुकान पर मिट्टी डलवाने गया था। घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। इसी दौरान चार अज्ञात बदमाश मौके का फायदा उठाकर घर में घुस आए। महिला को डरा धमकाकर बदमाशों ने 30 हजार रुपये की नकदी और कानों की बालियों सहित करीब सवा लाख रुपये का सामान समेट लिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई और बदमाश आराम से फरार हो गए।

# विद्यालय प्रबंधक पर लगाया अश्लील हरकतें करने का आरोप

संवाददाता बिलासपुर

- पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- दर्जनों अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर किया हंगामा

**अमृत विचार:** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव खूटाखेड़ा स्थित एक स्कूल में अभिभावकों ने प्रबंधक पर छात्र-छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा किया। साथ ही प्रबंधक की पिटाई कर दी। बाद में परिजनों पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

सोमवार दर्जनभर अभिभावक परिचितों के साथ गांव खूंटाखेड़ा स्थित एक चर्चित विद्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने विद्यालय में प्रबंधक (फादर) को आड़े हाथों ले लिया और मारपीट करने लगे। अभिभावकों को हंगामा करते देख भारी भीड़ एकत्रित हो गई। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल में तैनात प्रबंधक (फादर) द्वारा काफी समय से बच्चों को सजा देने के बहाने अपने कक्ष में बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। डरे-सहमे बच्चों ने जब घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, तो परिजनों में खलबली मच गई। बताया कि प्रबंधक ने पहले भी ऐसी हरकत की थी, जिस पर मंगलवार को उसने माफी भी मांगी थी। लेकिन शनिवार को दोबारा बच्चों बदसलूकी के बाद अभिभावकों का धैर्य जवाब दे गया। जिससे लोग आक्रोशित हो गए और उसकी धुनाई कर दी। हंगामे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और आक्रोशित लोगों को शांत कर फादर को हिरासत में ले लिया। इस पर थानाध्यक्ष ने बताया कि अभिभावकों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अभिभावकों ने बताया कि उन्हें पता नहीं था कि प्रबंधक इस तरह की हरकतें बच्चों के साथ करेगा। सभी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जिले में 13 केंद्रों पर सीबीएसई परीक्षा आज से

## सोमवार को परीक्षा केंद्रों पर कराया गया सीटिंग प्लान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सीबीएसई परीक्षा 13 केंद्रों पर मंगलवार आज से शुरू हो जाएगी। परीक्षा के पहले दिन 10वीं का गणित का पेपर सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होगा।

सोमवार को परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान कराया गया। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जा सकेंगे। उनके हाथ बंधी स्मार्ट वॉच भी परीक्षा कक्ष में नहीं ले जाई जा सकेगी। सीबीएसई परीक्षा के लिए केंद्रों पर सीटिंग प्लान कराया गया। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को मंगलवार की सुबह 9 बजे पहुंचना होगा। 9:30 बजे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को पेपर पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया जाएगा। इस वर्ष से सीबीएसई ने कुछ नए नियम लागू किए हैं। परीक्षार्थी को नियम के मुताबिक प्रश्न के उत्तर लिखना होंगे। नियम की अवहेलना करने पर सही उत्तर के अंक नहीं मिलेंगे। उत्तर पुस्तिका में सेक्शन वाइज आंसर फॉर्मेट अपनाना होगा। सेक्शन की बाउंड्री की अनदेखी करने पर सही उत्तर लिखने के बावजूद अंक नहीं मिलेंगे। 10 वीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए नए नियम के मुताबिक साइंस में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, सिविक्स, इकोनॉमिक्स में आंसर मिलाने या सेक्शन की बाउंड्री को नजरअंदाज करने पर री-इवैल्यूएशन के बाद भी कोई मार्क्स नहीं मिलेंगे। सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई नीरज तिवारी ने बताया कि परीक्षार्थी सोशल साइंस और इकोनॉमिक्स को चार अलग-अलग भागों में बांटे। हिस्ट्री, ज्योग्राफी, पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स को अलग-अलग रखें और इनसे सम्बंधित तमाम प्रश्नों के उत्तर तय जगह पर लिखें। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी प्रकार का बटुआ, बैग या स्टडी मटेरियल ले जाना प्रतिबंधित है।


सीबीएसई परीक्षा को सीटिंग प्लान कराते ग्रीनवुड स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी।

> सीबीएसई परीक्षा के लिए तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान करा दिया गया है। मंगलवार को 10वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का मैथ का पेपर होगा। 18 फरवरी से 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों की भी परीक्षा शुरू हो जाएगा।
> **- नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई परीक्षा

## प्रदर्शन कर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को भारत-अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत-अमेरिका के बीच पारस्परिक व्यापार समझौते पर वार्ता हुई थी। उस समय यह आश्वासन दिया गया था कि खेती, दूध और दुग्ध उत्पादों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लेकिन समझौता किया गया और इस समझौते अमेरिकी किसानों और पशुपालकों को लाभ होगा और भारतीय किसानों को नुकसान पहुंच सकता है। चेतावनी दी गई कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी हुई तो देशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नासिर मियां, गुड्डू खान, जावेद मियां, जाहिद अली, दर्शन लाल, जगदीश सागर, अखलाक अहमद, सुहेल पाशा, मोहम्मद शारिक पाशा, बृजलाल मौर्य, अभिषेक मौर्य, आदेश मौर्य, अभिषेक मौर्य, आदेश मौर्य, फाजिल खान, मोईन खान, राजा अली, शाने अली आदि रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा कल से, नकल रोकने को कड़े बंदोबस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराए जाने के लिए कवायद हो रही है। राजकीय रजा इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का ट्रायल हुआ। 74 परीक्षा केंद्रों को कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल से जोड़ा गया है। प्रश्न पत्र रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम पर नजर रखने के लिए नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं। 24 घंटे स्ट्रांग रूम और परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। जबकि लखनऊ से सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग लखनऊ से होगी। राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल के अलावा प्रयागराज, लखनऊ और बरेली से भी जोड़ा गया है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी में अब कोई जुगाड़ नहीं हो सकेगा क्योंकि, इस वर्ष बोर्ड द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन के माध्यम से ड्यूटियां लगेंगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए 74 परीक्षा केंद्रों पर रात के अंधेरे में भी फिल्म बनाने वाले कैमरे लगाए गए हैं। इसके लिए राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल में 8 कंप्यूटर लगाए गए हैं। प्रत्येक सेट पर तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम में रखे हुए प्रश्न पत्रों की निगरानी भी इसी सेल के माध्यम से होगी। मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल को क्षेत्रीय कार्यालय बरेली, लखनऊ और बोर्ड कार्यालय प्रयागराज से जोड़ दिया गया है। किस परीक्षा केंद्र के किस परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षक किस अंदाज में ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। उच्च अधिकारी परीक्षा केंद्रों में हो रही परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहेगा।


राजकीय रजा इंटर कालेज में कंट्रोल रूम बनाया गया है। • अमृत विचार

- **राजकीय रजा इंटर कालेज में बने कंट्रोल रूम का हुआ ट्रायल**
- **24 घंटे स्ट्रांग रूम और परीक्षा केंद्रों पर रखी जाएगी नजर**

> नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। राजकीय रजा इंटर कालेज में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जाएगी
> **- अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## अमेरिका-भारत समझौते को बताया नुकसानदायक

**रामपुर, अमृत विचार:** शाहबाद स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सोमवार मासिक किसान पंचायत हुई। पंचायत में किसानों, बेसहारा और असहाय लोगों की मदद के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने तथा संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान को तेज करने का संकल्प लिया गया।

किसानों ने कहा कि संगठन स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत के बताए आदर्शों पर चलते हुए किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई जारी रखेगा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका-भारत समझौते के विरोध में आवाज उठाई गई। साथ ही बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का भी विरोध किया गया। किसानों ने तर्क दिया कि इससे आम उपभोक्ताओं और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, महावीर सिंह, जगतपाल सिंह, तेजपाल सिंह, ओमप्रकाश, नवलकिशोर, प्रेम सिंह, हरकिशन, बन्नू सिंह आदि रहे।

# डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने ऑफीसर इलेवन को छह विकेट से हराया

**मसवासी, अमृत विचार:** ग्राम शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के मैदान में सोमवार को इंडियन ऑयल द्वारा ईंधन बचत कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच हुआ। इसमें ऑफिसर इलेवन और डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन के बीच मैच खेला गया।

मैच का शुभारंभ इंडियन ऑयल के वरिष्ठ एरिया प्रबंधक मुकेश सिंह, वरिष्ठ अधिकारी पीवी सिंह एवं विद्यालय प्रबंधक चौधरी संसार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। विकास भारती स्कूल के प्रबंधक चौधरी संसार सिंह ने टॉस कराया। टॉस डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन के कप्तान शरद गुप्ता ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। ऑफिसर इलेवन की कमान इंडियन ऑयल के वरिष्ठ एरिया प्रबंधक मुकेश सिंह के हाथों में रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑफिसर इलेवन ने 20 ओवर में 187 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में एक गेंद शेष रहते 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इसमें दाऊद अली को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। मैच से पहले बैठक में इंडियन ऑयल के वरिष्ठ एरिया प्रबंधक मुकेश सिंह ने कहा कि ईंधन बचत आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इंडियन ऑयल खेल, संवाद और आपसी सहभागिता के माध्यम से इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से न केवल आपसी समन्वय मजबूत होता है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग का भी संदेश मिलता है। इस दौरान जीवतेश सिंह, अमित किशोर, विकास खत्री, अनीस अहमद, फुजैल, वसीम अहमद, विकल्प गुप्ता, प्रबल गुप्ता, हिमांशु जैन समेत अन्य इंडियन ऑयल के अधिकारी एवं वितरक मौजूद रहे।



खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि। • अमृत विचार

- **ईंधन बचत कार्यक्रम के तहत हुआ क्रिकेट मैच**

## बाबा इलेवन को हराकर सेवा फार्मेसी फाइनल में

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला क्लब के मैदान पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला सेवा फार्मेसी और बाबा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें सेवा फार्मेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी सेवा फार्मेसी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाबा इलेवन की पूरी टीम 19 .5 ओवर में 101 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह मुकाबला सेवा फार्मेसी ने 54 रनों से जीतकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। मैन ऑफ द मैच शिवम शर्मा रहे। मुख्यातिथि प्रिंस श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, अजय गोस्वामी, संजय ज्वाला आदि मौजूद रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्यातिथि प्रिंस श्रीवास्तव। • अमृत विचार

## 11.70 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर थमी चीनी मिल की चेन

**रामपुर, अमृत विचार:** 11.70 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर रुद्र-बिलास चीनी मिल की चेन थम गई है। जबकि राणा शुगर मिल शाहबाद की चेन भी जल्द थमने जा रही है।

इसके बाद 10 मार्च को त्रिवेणी चीनी मिल की चेन थमेगी। रुद्र-बिलास चीनी मिल को आवंटित गन्ना क्षेत्र में पेरा जा चुका है इसके बाद चीनी मिल की चेन को रोक दिया गया। राणा शुगर मिल ने 28 फरवरी तक पैराई बंद करने का नोटिस दे दिया है। रुद्र-बिलास चीनी मिल की पेराई क्षमता कम होने के कारण मिल को कम क्षेत्र आवंटित किया गया था। चीनी मिलों के क्षेत्र में मुरादाबाद और बरेली का भी कुछ रकबा आता है। जिला गन्ना अधिकारी ने शैलेश मौर्य ने बताया कि रुद्र-बिलास चीनी मिल को आवंटित रकबे का गन्ना पेरा जा चुका है। चीनी मिल ने तीन माह पूर्व गन्ने की पेराई शुरू की थी।

## भाला फेंक प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, खुशबू द्वितीय


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य कोषाधिकारी रणजीत सिंह। • अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** पीएम श्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज के वार्षिक खेलकूद में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। भाला फेंक प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, खुशबू ने द्वितीय जबकि, शीतल और आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि मुख्य कोषाधिकारी रणजीत सिंह एवं पीटीए इमरान मियां ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद कबड्डी, खो-खो, हैमर थ्रो, भाला फेंक, चक्का फेंक, 100 और 200 मीटर दौड़ हुई। 100 मीटर दौड़ में आस्था प्रथम, अंजलि द्वितीय और बुशरा तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, खुशबू द्वितीय, शीतल और आरती तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि ने विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया। अंत में कॉलेज प्रधानाचार्य शिव शंकर सिंह ने विचार व्यक्त किए। समारोह में खेल शिक्षिका ज्योति का सहयोग रहा।

# छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक मिलक से सोमवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता 2025-26 के चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की एक दिवसीय शैक्षिक एक्सपोजर विजिट की गई। सुबह 9 बजे खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबिता सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

जहां से भ्रमण दल पराग डेयरी दलपतपुर पहुंचा। वहां पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को एआरपी पृथ्वी सिंह के सौजन्य से एक-एक पैकेट पराग दूध दिया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बताया कि गांवों से दूध किस प्रकार संग्रहित किया जाता है और दुग्ध संकलन केंद्रों पर उसकी गुणवत्ता की प्राथमिक जांच कैसे होती है। पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखकर छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच एवं जिज्ञासा का विकास हुआ। एआरपी पृथ्वी सिंह, सुशील गुप्ता, पंकज कुमार एवं रोहित शर्मा की देखरेख में अभ्यर्थियों को जलपान ग्रहण कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को गांधी समाधि ले जाया गया। वहां विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन, उनके सिद्धांतों एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के विषय में जानकारी दी गई। मार्गदर्शन की जिम्मेदारी मुक्ति शर्मा अध्यापिका, उर्वशी राज्य पुरस्कृत अध्यापिका, उपासना अध्यापिका एवं अंकुर गंगवार को सौंपी गई। मीडिया कोऑर्डिनेटर के रूप में सैयद आफाक हुसैन ने जिम्मेदारी निभाई।


शैक्षिक भ्रमण के लिए बस को हरी झंडी दिखाती बीईओ मिलक बबिता सिंह।

- **राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट की**

## एआईएमआईएम की हुई समीक्षा बैठक

**सैफनी, अमृत विचार:** रविवार को नगर में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की जिला कार्यकारिणी द्वारा हाबिल अंसारी के आवास पर समीक्षा बैठक की गई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कई लोगों को पदाधिकारी नियुक्त किया। पार्टी जिलाध्यक्ष फरीदुज्जफर रहमानी ने पार्टी में कुछ नए युवाओं को पद देकर जिम्मेदारी दी। नगर अध्यक्ष तालिब हुसैन अंसारी की देख रेख में हाजी मोहम्मद हनीफ और हाबिल अंसारी को नगर महासचिव नियुक्त किया। इस दौरान आकिल सलमानी, फरहत अली, जिलानी, अफसर, नासिर, नसीम, सलमान, कासिम, इलियास, इकबाल, जलीस मेंबर, अशरफ, मोहम्मद आलम आदि लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।


पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देते जिलाध्यक्ष। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष की भांति है

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित पुरानी आवास विकास कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा में तीसरे दिन भक्तों ने धर्म लाभ लिया। कथा में भागवत भूषण पंडित देवव्रत शुक्ल महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है। मानव को कभी संतों का अपमान नहीं करना चाहिए। कथा से पूर्व मुख्य यजमान सूर्यनाथ यादव एवं पत्नी नीलम यादव तथा सह यजमान हर्ष गुप्ता पत्नी मुक्ता गुप्ता, दिलीप गुप्ता, पत्नी सीमा गुप्ता तथा सुशील कुमार गुप्ता उनकी पत्नी द्वारा विधि विधान से व्यास जी एवं व्यास पीठ का पूजन किया। पूजन पंडित देवव्रत शुक्ल द्वारा कराया गया। कथा में सुदेश कुमार, राजकुमार अग्रवाल, उमेश सिंघल, उमेश शर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार, जैन गोविंद, शंकर शर्मा, सतीश कुमार भाटिया, अंकित कुमार, दिनेश कुमार, राकेश गुप्ता, राकेश कुमार, नरेश शर्मा आदि लोग रहे।






### किसानों के लिए राहत वाला नहीं बजट : सांसद नदवी

**सैफनी, अमृत विचार :** सोमवार को एक शोरूम का उद्घाटन करने आए सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस बजट में बेरोजगारी खत्म करने के लिए कोई सुविधा नहीं है। मार्केट खोल दिया गया है, जिससे बाहर की चीज आएंगी तो जो लोकल किसान है, गरीब किसान है, उन्हें सही दाम नहीं मिल पाएंगे। उनके लिए तो इसमें कोई राहत नहीं है। यूजीसी पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि असल मसला बेरोजगारी का है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, नगर इंचार्ज शुभम भारद्वाज, अब्दुल रऊफ एडवोकेट, हाजी सईद अख्तर, फईम अंसारी, शाहिद हुसैन खड्डी वाले, शोरूम स्वामी जावेद अनवर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### बसपा पदाधिकारियों ने तैयारियों पर किया मंथन

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक 36 विधानसभा क्षेत्र बिलासपुर में आयोजित हुई। इसमें जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम ने पार्टी संगठन की जमीनी तैयारियों तथा आगे के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। गौतम ने कहा प्रदेश की जनता भाजपा सरकार में परेशान और आने वाला समय बसपा है जिसमें बसपा के जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान, महासचिव नवनीत यदुवंशी जी, भाईचारे के जिला संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार, बीवीएफ संयोजक दिलीप सिंह सागर , विधानसभा प्रभारी महेंद्र सिंह सागर, सरोजराम सागर, राजीव अम्बेडकर, राकेश सागर, नितिन सागर, विजेंद्र पाल सिंह, भगवान दास, सुखदेव लाला, नौबत सिंह सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर, अमीर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### एसआर स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**रामपुर, अमृत विचार :** एसआर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ, जिसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अभिभावकों के लिए मनोरंजक एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े क्विज़ प्रतियोगिता हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंजाबी डांस, आर्मी थीम प्रस्तुति, लक्ष्मीबाई पर आधारित प्रदर्शन, राजस्थानी गीत, लावणी नृत्य, बॉयज़ जलवा मैशअप तथा छोटे बच्चों के आकर्षक नृत्यों ने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। विशेष रूप से शिव तांडव की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा गुप्ता, उप-प्राचार्य वंश अग्रवाल, प्रशासक नवीन गुप्ता के साथ-साथ शिक्षिकाएं प्रियांशी, शबीना, सनवर, प्रीति, निशीका, खुशी, पूजा, बब्ली, अंकिता, अमृता, वंशिका, शिक्षा, रीता, श्वेता, आकांशा, कंचन, मनीषा, मेघा और रवनीत सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



**तैयारियां** इफ्तारी के लिए चिप्स, कचरी, पापड़ की कई वैरायटी आईं

# रमजान को लेकर बाजारों में छाई रौनक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान आते ही इफ्तार और सहरी के सामान से बाजार सज गए हैं। इफ्तारी को जायकेदार बनाने के लिए बाजार में तरह-तरह के चिप्स, कचरी और पापड़ की वैरायटी उतारी गई है। रोजेदारों को इफ्तार में गरमा-गरम चाय के साथ कचरी और पापड़ बहुत जायका देते हैं। बाजार में चावल, आलू, साबूदाने के चिप्स बाजार में उतारे गए हैं। इसके अलावा मूंग की दाल, उड़द की दाल, चने की दाल आलू और चावलों के पापड़ों की भरमार है।

बाजार में पनीर के चिप्स, आलू के चिप्स और साबूदाने के चिप्स की कीमतों में बड़ा अंतर है। पनीर के चिप्स की कीमत 80 रुपये किलो जबकि, आलू के चिप्स की कीमत 50 रुपये किलो हैं। रोजा इफ्तार में लोग अधिकतर पनीर के चिप्स और मूंग की दाल के पापड़ खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा फ्रूट चाट, दाल मोठ, आलू की टिक्की और गोल-गप्पे भी खूब खाए जाते हैं। हालांकि रोजा इफ्तार खजूर से करना सुन्नत माना जाता है इसलिए लोग पहले खजूर खाकर इफ्तार करते हैं। खजूर की कीमत 120 रुपये प्रति किलो से 800 रुपये प्रति किलो तक है। दुकानदार मोहम्मद अहमद बताते हैं कि चिप्स और पापड़ के दामों में भारी अंतर है। पनीर के चिप्स 65 रुपये किलो से 80 रुपये किलो तक बाजार में बिक रहे हैं। सभी दुकानदार अपने माल को अच्छा बता रहे हैं। बाजार मिस्टन गंज, नसरुल्लाह खां का बाजार, पुराना गंज, हामिद गेट, शुतरखाना में इफ्तार और सहरी के सामान से दुकानें सजी हुई हैं।


बाजार में सजी दुकान।



> माहे रमजान में अल्लाह अपने बंदों को अच्छी से अच्छी नेमत खिलाता है। महंगाई कितनी भी हो जाए रोजे रमजान में लोग सहरी और इफ्तार में अच्छे से अच्छा खाते हैं।
> **- अदनान**



> रमजान का महीना आते ही बाजार में सामान की कीमतें बढ़ जाती है। इसके बावजूद माहे रमजान में अल्लाह अपने बंदों को अच्छी से अच्छी नेमत से नवाजता है।
> **- आसिम खां**



> त्योहारों पर बढ़ती महंगाई पर सरकार को अंकुश लगाना चाहिए। इतनी महंगाई में मध्यम वर्ग के लिए परिवार की गाड़ी खींचना मुश्किल हो रहा है।
> **- जीशान मुराद**

## गोवंशीय पशुओं से टकराई बाइक तीन घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** आवारा गोवंशीय पशुओं से टकराकर हुईं दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

रविवार की रात पहली दुर्घटना केमरी रोड पर हुई। गांव भोट निवासी अर्जुन अपने ताऊ नौबतराम के साथ गांव हलुनागर में एक रिश्तेदार की शादी में जा रहे थे। केमरी मार्ग पर गांव ताल महावर के पास आवारा पशु अचानक सड़क पर आ गया, जिससे उनकी बाइक टकरा गई। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। नौबतराम को हेड इंजरी की आशंका के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना बाजार वाली पुलिया के निकट हुई, जिसमें गुफरान खान नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगीना देहात थाना क्षेत्र के सुंदरवाली गांव निवासी संदीप की पत्नी बसंती के पेट में समोसा खाने के बाद तेज दर्द होने परअस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। बसंती ने करीब छह माह पहले संदीप से कोर्ट मैरिज की थी। मृतका की मां ने बताया कि उन्होंने 2020 में अपनी बेटी की शादी रवींद्र निवासी घंगोरा, जनपद चंदौसी से की थी। रवींद्र को छोड़कर बसंती ने छह माह पहले संदीप से कोर्ट मैरिज कर ली थी। मां ने आरोप लगाया है कि संदीपउनकी बेटी के साथ आए दिन मारपीट करता था और अब उसने ही बसंती को मारा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता के भतीजे की मृत्यु पर शोक सभा

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के द्वारा तहसील परिसर हसनपुर में शोक सभा की। नंदराम सागर एडवोकेट के भतीजे की आकस्मिक मृत्यु पर शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, ताहरपुर मंडल संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा संजय चौहान एडवोकेट, नरेश पाल सिंह एडवोकेट, डॉ इसरार खा एडवोकेट, फतेह सिंह एडवोकेट, ओमपाल सिंह एडवोकेट, रामेश्वर सरन एडवोकेट, संजीव कुमार एडवोकेट, पवन चौहान एडवोकेट, विनोद त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना प्रभारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिल कुमार त्यागी व अंसार अली की टीम ने कस्बा उझारी के मोहल्ला बनवाली मस्जिद निवासी राशीद पुत्र अल्लादीया को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना सैदनगली में दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सीएचसी में डीएम मरीजों से मिलीं

## ओपीडी, एक्स-रे, एनबीएसयू,दवा वितरण सहित अन्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** डीएम ने सीएचसी अमरोहा का औचक निरीक्षण किया। ओपीडी, दवा वितरण कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा। अस्पताल में भर्ती मरीजों और प्रसूताओं से जानकारी ली। मरीजों से पूछा कि क्या डॉक्टर नियमित रूप से बैठते हैं और क्या उन्हें बाहर से दवाएं तो नहीं लिखवाई जाती हैं।

सोमवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स सीएचसी अमरोहा में निरीक्षण करने पहुंचीं। ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, एक्स-रे कक्ष, लैब कक्ष, लेबर रूम, एनबीएसयू, आईपीडी, फार्मेसी, टीबी यूनिट, एनसीडी कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, पीएनसी कक्ष, प्रेरणा दीदी कैंटीन, पैथोलॉजी लैब, पुरुष व महिला वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, आयुष्मान भारत योजना कक्ष और



निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों की जांच रिपोर्ट और लैब टेस्ट को उनकी आभा आईडी से लिंक किया जाए। संस्थागत प्रसवों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इनकी संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया और चिकित्सा अधीक्षक को स्टाफ नर्स-वार डिलीवरी की निगरानी करने का निर्देश दिया। एक्स-रे कक्ष के संबंध में उन्होंने मास्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान, उन्होंने सीएमओ को ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि

● **मरीजों से पूछा, दवा बाहर से तो नहीं लिखी जाती**

कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवाने से वंचित न रहे। डीएम ने बिजली जाने पर जनरेटर की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीबी यूनिट में, उन्होंने प्रतिदिन होने वाली जांचों की संख्या की जानकारी ली, जिसमें इस माह 28 टीबी मरीज पाए गए। उन्होंने इलाजरत मरीजों की स्थिति और कोर्स पूरा करने वालों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को इस माह होने वाली डिलीवरी के लिए नियमित निगरानी करने, प्रसव से पहले संपर्क स्थापित करने और सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ यागेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

## दुकानदार ने गिरवी रखे गहने नहीं दिए, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने नगर के एक दुकानदार पर आभूषण गिरवीं रख दिए। पैसे लेने के बाद भी न देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर आभूषण दिलवाने की मांग की।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाखेड़ा निवासी कुवर पाल पुत्र हरि सिंह ने कुछ समय पूर्व नगर निवासी एक दुकानदार के यहां एक तीन सौ पचास ग्राम की चांदी की एक हसली गिरमी रखी थी। 2 फरवरी को पीड़ित कुवर पाल द्वारा दुकानदार को पूरे पैसे दे दिए। गिरवी रखी हसली देने को कहा तो दुकानदार ने 7 फरवरी को चांदी की हसली देने को कहा लेकिन अभी तक दुकानदार ने कुंवर पाल को हसली नहीं दी। पीड़ित कुंवर पाल सोमवार को कोतवाली पहुंचा और आरोपी दुकानदार के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर पुलिस से गिरवी रखी हसली दिलवाले की मांग की।

# चोरों ने बिजली के नौ खंभों से चोरी किया तार



प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चोरों ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया है। रविवार की देर रात बदमाशों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव रझेडा में रतन पाल के खेत के पास लगे नौ बिजली के खंभों की बिजली के तार काटकर चोरी कर लिए।ग्रामीणों ने इस बात को लेकर भारी रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि महज पांच दिन पहले भी तार चोरी हुआ था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटना से नाराज ग्रामीणों ने

● **ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, चोरों की गिरफ्तारी की मांग**

खेतों पर ही एकत्र होकर पुलिस और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण योगेश कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने में फूलपुर क्षेत्र में भी 40 खंभों के तार चोरी हो चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान नरोत्तम सिंह, रतन पाल प्रजापति, कौशल सिंह, सतीश प्रजापति, गजेंद्र सिंह, पुष्पा देवी और शिक्षा देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

# बदहाल सड़क एवं जलभराव ग्रामीण उठा रहे भारी मुसीबत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बसेड़ा और माछरा भगवानपुर के पास मुख्य मार्ग पिछले दो वर्षों से तालाब में तब्दील है। सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ से नाराज ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया। यह मार्ग डगरपुरी, बसेडा, शेरगढ़, रामपुर भुड, नसीरपुर, भगवानपुर माछरा बावनखेड़ी और ताहरपुर जैसे दर्जनों गांवों को जोड़ता है, लेकिन जलभराव के कारण राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है।

ग्रामीण सोनू चौहान ने बताया कि दो साल से सड़क इसी हालत में है और कोई सुध लेने वाला नहीं है। वहीं, उर्मिला देवी ने दर्द साझा करते हुए कहा कि किसानों को अपने खेतों तक जाने के लिए इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। प्रमोद चंद के अनुसार ग्रामीण कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत

● **ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी पर लगाया लापरवाही का आरोप**

● **गांव बसेड़ा और माछरा भगवानपुर के पास मार्ग जर्जर**



मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी। ● अमृत विचार

कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में माछरा भगवानपुर के ग्राम प्रधान पति ताराचंद का कहना है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के कार्यक्षेत्र में आती है। उन्होंने प्रस्ताव आगे भेज दिया है और जल्द ही निस्तारण का आश्वासन दिया है। इस दौरान योगेश कुमार, नरोत्तम सिंह, रतन पाल प्रजापति सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

## राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन की इकाइयां भंग

**सैदनगली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन (आरएमवीएस) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने की।

बैठक में संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के बीच चल रहे गंभीर आपसी मतभेदों पर विस्तृत चर्चा हुई। कुछ पदाधिकारियों द्वारा की गई अनैतिक टिप्पणियों और तुष्टिकरण की राजनीति को संगठन की एकता एवं छवि के लिए हानिकारक बताते हुए गहन विचार-विमर्श किया गया। इसके परिणामस्वरूप संगठन की समस्त राष्ट्रीय, प्रादेशिक, मंडलीय एवं जनपदीय इकाइयों को भंग करने का ऐलान किया। राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष परमीत जॉनसन सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला को टक्कर मार कार पलटी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गजरौला मार्ग पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला उछलकर दूर जा गिरी, जबकि कार हवा में उछलती हुई सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई।.हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल महिला को सीएचसी धनौरा पहुंचाया। वहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया।

छोटी सैनी 55 पत्नी दयाराम सैनी, निवासी ग्राम सब्दलपुर खुर्द, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर गांव मोहम्मदपुर पट्टी में रिश्तेदारी में आई थीं और सोमवार सुबह अपने घर लौटने के लिए सड़क पार कर रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खंती में जा पलटी। कार में



सड़क किनारे पलटी कार।

● **गंभीर घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया**

सवार दो पुरुष, एक महिला और एक बच्चा सुरक्षित बाहर निकल आए। कार चालक एजाज, निवासी स्योहारा बिजनौर ने लोगों की मदद से घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर बछरायूँ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। हादसे के कारण कुछ देर के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क दुघर्टनाओं में दो लोगों की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** दुघर्टनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, चार घायल हो गए। पहली घटना स्योहारा की है। मृतक की पहचान नरेश कुमार ( 55 वर्ष) पुत्र मंगत सिंह, निवासी ग्राम कुरी बांगर के रूप में हुई है। घायलों में मोहित कुमार , अमर सिंह, राजू देवी निवासी ग्राम कुरी बांगर और रूपराम सिंह निवासी ग्राम निचलपुर हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना में कीरतपुर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर, कीरतपुर निवासी 45 वर्षीय अरविंद पुत्र राम सिंह अपने साथी गोरी शंकर निवासी विजयपुर गांव, नजीबाबाद के साथ उमरी जा रहे थे। अल्लीपुर अड्डे के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया।

# अमेरिका से डील रद करने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता ने सोमवार को विभिन्न किसान समस्याओं और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया और यूनियन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोहिया ने केंद्र सरकार से अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील को तत्काल रद करने की मांग की। लोहिया ने जोर देकर कहा कि किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी दर्जा देना अनिवार्य है, ताकि उन्हें अपनी फसल का उचित दाम मिल सके। यूनियन ने सामाजिक सुरक्षा और जनहित से जुड़ी कई अन्य मांगें भी रखीं। इनमें पूरे भारत में विधवा और वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाकर पांच हजार रुपये



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए किसान। ● अमृत विचार

● **भाकियू अंबाबता ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

करना, देश के समस्त किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करना और पूरे देश में शिक्षा व चिकित्सा को पूरी तरह निःशुल्क करना शामिल है। भाकियू ने स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही धांधली पर भी चिंता जताई। उन्होंने बिना डिग्री वाले डॉक्टरों और गली-मोहल्लों में चल रहे अवैध निजी अस्पतालों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, रहरा अड्डे पर स्थित संजीवनी अस्पताल के संचालन में अनियमितताओं और ग्राम मंगरोला में प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित तालाब की सफाई व खुदाई का मुद्दा भी उठाया गया। इस अवसर पर जगबीर सिंह मौर्य, राजवीर सिंह, अमरजीत, अयान, शमशाद सैफी और नफीस अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस चौकी में फेंका धमकी भरा पत्र

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस चौकी में धमकी भरा पत्र फेंकने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी की तस्वीर को दिखाकर लोगों से उसके बारे में जानकारी की जा रही है।

पांच दिन पूर्व शहर के चौपला स्थित यातायात पुलिस चौकी पर किसी युवक ने धमकी भरा पत्र लिखकर डाल दिया था जिसमें यातायात एसआई का जिक्र किया गया। साथ ही चेकिंग के नाम पर की गई वसूली की वीडियो व अन्य सबूत होने की धमकी देते हुए 30 हजार रुपये की मांग की गई। पत्र डालने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

रविवार को कांवड़ यात्रा से निपटने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। युवक की

● **पुलिस पत्र की जांच कर आरोपी को कर रही तलाश**

फोटो दिखाकर पुलिसकर्मी लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पत्र में दरोगा को लिखा गया है, कि चेकिंग के नाम पर खूब वसूली कर रहे हो, सारे सबूत मेरे पास है। वसूली करते वक्त का वीडियो भी है। बहुत मजे से वसूली कर रहे हो अब कुछ मुझे भी दे दो। कागज में लपेटकर 30 हजार रुपये पास ही मंदिर के पास खड़े युवक को दे दो। रुपये देने के लिए अकेले आना। यदि किसी अधिकारी को बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा। पत्र के मिलने के बाद से ही पुलिस अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। टीएसआई अनुज मलिक ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### ट्यूबवेल से स्टार्टर चोरी करने वाले तीन चोर पकड़े

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही ट्यूबवेल स्टार्टर चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 लोहे के स्टार्टर बॉक्स, 4 तेल कैप और भारी मात्रा में कॉपर का तार बरामद किया है। सोमवार को थाना सैदनगली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों की पहचान इकराम, आरिफ उर्फ भोला और इसराइल निवासी जनपद संभल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि इन चोरों ने राजपुर, ढक्का और कालाखेड़ा क्षेत्र के खेतों से स्टार्टर चोरी करने की बात स्वीकार की है। मुख्य आरोपी इकराम के खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सतेन्द्र नागर, सतवीर सिंह और रामनिवास शामिल रहे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया है।

### वाहन से लैपटॉप एवं डीजे की मशीन चोरी,दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्थित घर के अंदर खड़ी डीजे की गाड़ी से बीती रात अज्ञात चोरों ने लैपटॉप एवं दो मशीन चोरी कर ली। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकरौली मिलक निवासी गिरिराज पुत्र कैलाश शादी समारोह में डीजे बजाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार की रात उसके घर पर डीजे की गाड़ी खड़ी थी जिसमें डीजे बजाने की दो मशीन एवं एक लैपटॉप रखा हुआ था। जिसे किसी समय रात में ही चोरी कर लिया गया। सोमवार की सुबह जब गिरिराज ने गाड़ी में देखा तो दोनों मशीन एवं लैपटॉप गायब थे। उन्होंने तलाश की लेकिन मशीन लैपटॉप नहीं मिले। इसके बाद गिरिराज कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित गिरिराज ने बताया कि चोरी हुई दोनों मशीन एवं लैपटॉप लगभग सत्तर हजार रुपए की क़ीमत के है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को दिए पुरस्कार

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मुहल्ला होली चौक स्थित जीडी एकैडमी कुछ समय पूर्व वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता के दौरान प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के नाम की घोषणा की गई थी। विजयी छात्र–छात्राओं को सोमवार को प्रार्थना सभा के दौरान एकैडमी परिवार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



प्रबंधिका ब्रज त्यागी द्वारा बताया गया कि एकैडमी परिवार द्वारा हर वर्ष वार्षिक खेल प्रतियोगिता कराई जाती है। प्रतियोगिता के विजई छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर एकैडमी का स्टाफ मौजूद रहा।

### वृद्धाश्रम को अधिवक्ताओं ने दी आर्थिक सहायता

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में स्थित वृद्धा आश्रम में पहुंचकर अधिवक्ताओं द्वारा आश्रम संचालक को आर्थिक सहायता दी। नगर के गांव डोमखेड़ा स्थित बाबा घनश्याम दास वृद्धा आश्रम में सोमवार को तहसील बार संगठन के सदस्य रोहित कुमार एडवोकेट अपने साथियों के साथ पहुंचे और आश्रम संचालक देवी राम को 25000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। अधिवक्ता रोहित कुमार द्वारा बताया गया कि वृद्धा आश्रम का संचालन करना एक बहुत बड़ी बात है और मेरे द्वारा आर्थिक सहायता दे कर कुछ सहयोग करने का प्रयास किया है। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एडवोकेट , महासचिव ब्रजकिशोर एडवोकेट, प्रेमचंद मौर्य एडवोकेट , जयकुमार राणा एडवोकेट, गुलाब सिंह एडवोकेट, रविंद्र सिंह एडवोकेट अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सीएचसी में मेडिकल कराने गए घायलों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कृपानाथपुर निवासी इकरार व मुस्तकीम के बीच सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ने के बाद जमकर हो गई। लोगों ने दोनों को किसी तरह समझाकर शांत कराया। मारपीट में इकरार व मुस्तकीम दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस दोनों घायलों को मेडिकल कराने के लिए सीएचसी ले गई। जहां दोनों घायलों के बीच एक फिर दोनों के बीच कहासुनी होने के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिससे अस्पताल में मौजूद मरीजों में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों व अस्पताल के स्टाफ के लोगों ने दोनों घायलों को किसी तरह समझाकर शांत कराया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# ट्रैक्टर के विवाद में दो भाइयों ने की थी हरिओम की हत्या

कार्यकाल संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** गांव मूंढा मुकारी में हुई मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

गांव सलामतपुर निवासी हरिओम की गोली मार दी गई थी। मेरठ के अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। रविवार को जैसे ही उसका शव गांव में पहुंचा तो परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले में टिंकू और पिंकू पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी टिंकू को गिरफ्तार कर लिया। टिंकू ने बताया कि हरिओम को एक पुराना ट्रैक्टर दिलवाया था जिसके कागजात को लेकर विवाद हो गया। हरिओम बार-बार ट्रैक्टर

● **पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**



हत्यारोपी टिंकू।

वापस खड़ा कर रुपए वापस मांग रहा था जिसके चलते उसने भाई अपने पिंकू के साथ मिलकर 14 फरवरी की रात गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने टिंकू को जेल भेज दिया है। जबकि आरोपी टिंकू उर्फ बृजपाल फरार है। सीओ अवधमान भदोरिया ने बताया कि आरोपी पिंकू उर्फ बृजपाल को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# एआईएमआईएम ने किया कैडर कैंप का आयोजन, पार्टी की मजबूती पर चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन द्वारा रविवार को एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी की मजबूती पर चर्चा करते हुए कई पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे गए।

छुन्नन शाह को हसनपुर विधानसभा का कार्यवाहक अध्यक्ष, महताब शेख को नगर महासचिव, मुतलिब चौधरी को जिला उपाध्यक्ष और साजिद अली को जिला सचिव नियुक्त किया गया। डॉ. अमित कुमार को एससी/एसटी प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष (एससी/एसटी प्रकोष्ठ) डॉ. टीपी. सिंह ने कहा कि मुसलमानों को अपनी राजनीतिक शक्ति समझनी



एआईएमआईएम के कैडर कैंप को संबोधित करते डॉक्टर टीपी सिंह। ● अमृत विचार

● **विधानसभा चुनाव के लिए कसी कमर, कार्यकर्ताओं को सौंपे मनोनयन पत्र**

होगी। सेक्युलर दलों ने मुसलमानों के विकास की चाबी पर कब्जा कर रखा है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी ने कहा कि प्रदेश में पार्टी के एक करोड़ सदस्य बन चुके हैं और मजलिस अब पंचायत चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रदेश महासचिव एडवोकेट शहजाद खान ने कहा कि मुसलमान अब राजनीतिक रूप से अनाथ नहीं है। कार्यक्रम का संचालन जिला मुख्य महासचिव नबी हसन सैफी ने किया। इस अवसर पर फिरोज अंसारी, शाहजेब सलमानी, सादिक कादरी और बकार चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तालाब में मिला आठ दिन से लापता बच्ची का शव

## गांव में बने सचिवालय के पास तालाब किनारे बेर तोड़ने गये बच्चों को दिखाई दिया बच्ची का शव

संवाददाता,सौंधन/कैला देवी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में आठ दिन से लापता बच्ची का शव शनिवार को तालाब में उतराता मिला। पुलिस अधिकारियों के साथ ही फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया कि बच्ची की हत्या की गई या वह हादसे का शिकार हुई है।

9 फरवरी को 8 साल की संगीता अपने पिता जीराज व मां विमलेश के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गई थी। जंगल से लौटते समय वह गांव के चौराहे पर डीजे देखने लगी, फिर वापस नहीं लौटी। पिता ने कैला देवी थाने में 10 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बच्ची की तलाश के लिए एसओजी सहित पांच टीमों को लगाया था। सोमवार को गांव के नजदीक तालाब के किनारे बच्चे पेड़ से बेर तोड़ रहे थे तभी उन्हें बच्ची का शव दिखाई दिया। बच्चे चीखते चिल्लाते गांव आ गये। इसके बाद बच्ची के परिजन व ग्रामीण तालाब पर पहुंचे। सूचना पर कैला देवी थाना पुलिस के साथ रजपुरा पुलिस पहुंची। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार और सीओ कुलदीप कुमार भी पहुंचे। शव निकाला गया तो परिजनों ने शिनाख्त संगीता के रूप में की।

पिता जीराज व मां विमलेश बेटी का शव देखते ही बेसुध हो गये। इस बीच फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पानी में पड़ा होने की वजह से शव काफी फूल गया है। ऐसे में यह साफ नहीं हो पा रहा है कि बच्ची की मौत कैसे हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बच्ची की मौत की वजह सामने आयेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस अपनी जांच आगे बढ़ायेगी। वहीं आठ दिन से बेटी के सकुशल लौटने की आस लगाए परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मासूम की मां बेसुध है, जबकि पिता जीराज का दर्द शब्दों में बयान नहीं हो पा रहा। गांव में मातम पसरा है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं कि मासूम की मौत के पीछे की सच्चाई क्या सामने आती है।



बच्ची का शव मिलने के बाद पहुंचे एएसपी, सीओ व अन्य पुलिस कर्मी।



शव मिलने के बाद बिलखते बच्ची के माता-पिता। ● अमृत विचार

### गल चुका था शव

**सौंधन, अमृत विचार :** तालाब से बरामद बच्ची का शव जहां गल चुका था वहीं लगातार पानी में रहने की वजह से फूल गया था। ग्रामीणों का कहना है कि शव काफी हद तक गल चुका था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह कई दिनों से तालाब में पड़ा था। लगता यही है कि जिस जिन बच्ची लापता हुई उसी दिन उसकी मौत हुई होगी। बच्ची की मौत कैसे हुए इस सच को सामने लाने की चुनौती अब पुलिस के सामने है।

### तालाब तक जाने का रास्ता नहीं


कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में आठ दिन से लापता बच्ची का शव सोमवार सुबह गांव के तालाब में मिला तो यह सवाल भी खड़े हुए कि बच्ची आखिर इस तालाब पर कैसे और क्यों पहुंची। ग्रामीणों के अनुसार जिस तालाब में शव मिला है, वहां तक पहुंचने का कोई सीधा रास्ता नहीं है। चारों ओर खेत और तारबंदी है। लोगों का कहना है कि संगीता माता पिता के साथ घर पहुंचने के बाद गांव में डीजे देखने गई थी, इसके बाद वापस नहीं लौटी।

# सपा और आप ने की रमजान में लाउडस्पीकर की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी ने रमजान माह में लाउडस्पीकर के उपयोग की विशेष अनुमति देने की मांग की है।

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई को ज्ञापन देकर कहा गया कि रोजेदारों को सहरी और इफ्तार के समय की सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर की आवश्यकता रहती है। जाहिद खां, मौलाना नासिर, मोनिस कुरैशी, मुशाहिद अली, हाफिज जाहिद, आरिफ खां, मुफ्ती कासिम, हाफिज कासिम, सलीम अली, जान वारिस अहमद, मोहम्मद शान, बिलाल खां, अजमत खां व अन्य मौजूद रहे। उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिर हुसैन ने संभल और आसपास के क्षेत्रों की मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जाने के मुद्द उठाकर रमजान में लाउडस्पीकर की अनुमति मांग की। मोहम्मद अयूब, मोहम्मद नाजिम, हाफिज मोहम्मद जीशान, हाफिज अबुल करीम, हाफिज वजहुल कमर, हाफिज अमानत इलाही, मौलाना तय्यब, एहसान इलाही, मोहम्मद शाद, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद असलम और मोहम्मद अकरम व अन्य उपस्थित रहे।



एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई को ज्ञापन सौंपते सपा नेता फिरोज खां। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बालिकाओं को किया गया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 .0 अभियान के अंतर्गत सोमवार को मिशन शक्ति टीम और महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकार और स्वावलंबन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

### डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने विनोद कुमार

**चंदौसी, अमृत विचार :** मौलागढ़ में आयोजित अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ और डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी की संयुक्त बैठक में डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार एडवोकेट को सर्वसम्मति से चुना गया।

### सड़क किनारे पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बबराला, अमृत विचार :** बसंतपुर डांडा निवासी 22 वर्षीय राजेंद्र पुत्र विजय सिंह का शव सोमवार सुबह रामपुर मार्ग स्थित कर्मवीर चौधरी के खेत में शहतूत के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक राजेंद्र मजदूरी करता था और चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। परिजनों ने बताया कि वह कभी-कभी घेर पर भी सो जाता था, इसलिए रात में उसकी तलाश नहीं की गई। पत्नी बबिता, मां मूर्ति देवी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिना डिग्री चल रहा क्लीनिक,किया सील

**बबराला, अमृत विचार :** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर के चिकित्साधिकारी डॉ. अजहर अली ने पुलिस टीम के साथ गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक के पास अवैध रूप से संचालित 'न्यू चाइल्ड केयर' नामक अस्पताल पर छापेमारी की। जांच के दौरान अस्पताल संचालक वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

# वंदे मातरम् की अनिवार्यता पर भड़के सांसद जियाउर्रहमान बर्क

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **बोले, हमें देशभक्ति का सबूत देने की जरूरत नहीं, जिन्हें शक है वे पढ़ लें इतिहास**



जियाउर्रहमान बर्क।

**अमृत विचार:** सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने वंदे मातरम् को अनिवार्य किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके समाज को देशभक्ति का सबूत देने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों को संदेह है, वे इतिहास के पन्ने पलटकर देख लें, समाज का योगदान खुद सामने आ जाएगा।

अपने आवास पर प्रेस वार्ता में सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि जब से प्रदेश और देश में भाजपा सरकार है, तब से जमीनी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे विषय सामने लाए जाते रहे हैं। राष्ट्रगान का सभी सम्मान करते हैं, लेकिन ये जबरदस्ती या दिखावे के तौर पर नहीं कराया जाना चाहिए। हमें बार-बार यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि मैं या हमारा समाज इस देश के प्रति कितना वफादार है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि ऐसे नियम लागू करने से देश को क्या हासिल होगा। इससे न तो रोजगार मिलेगा, न कोई नई फैक्ट्री खुलेगी, न कॉलेज और यूनिवर्सिटी बनेंगी। बर्क ने कहा कि हाल ही में संसद में विपक्ष ने सरकार की गलत नीतियों को मजबूती से उजागर किया है। उन्हीं मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए इस तरह के फैसले सामने लाए जा रहे हैं। सरकार को ऐसे काम करने चाहिए जिनसे देश तरक्की की राह पर आगे बढ़े।

# असमोली में सर्राफा दुकान से जेवर लेकर भागे कार सवार

कार्यालय संवाददाता,संभल/ असमोली

**अमृत विचार:** असमोली कस्बे में सोमवार दोपहर सर्राफा व्यापारी की दुकान पर ज्वेलरी खरीदने के बहाने पहुंचे तीन बदमाशों ने 25 ग्राम वजनी सोने के कंगन पार कर दिए। व्यापारी के शोर मचाने पर दो आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए, जबकि एक को लोगों ने आल्टो कार समेत पकड़ लिया। घटना से बाजार में हड़कंप मच गया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

असमोली कस्बे में संभल-जोया मुख्य मार्ग स्थित धर्मशाला मार्केट में शांति ज्वेलर्स के मालिक पवन कुमार सोमवार दोपहर करीब दो बजे दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान आल्टो कार यूपी 16 वी 1710 दुकान के सामने आकर रुकी। कार से सूट-बूट पहने तीन युवक उतरे और जेवर देखने लगे। करीब डेढ़ घंटे तक वे सोने के आभूषण दिखवाते रहे। इसके बाद तीनों उठकर जाने लगे। पवन कुमार ने दिखाए गए जेवरों की जांच की तो 25 ग्राम वजनी सोने के कंगन गायब मिले। संदेह होने पर उन्होंने कार सवारों को आवाज दी, लेकिन वे भागने लगे। शोर सुनकर बाजार के लोग इकट्ठा हो गए। पीछा करने पर दो आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए, जबकि तीसरे को लोगों ने पकड़ लिया। उसकी आल्टो कार भी कब्जे में ले ली गई।

सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम महावीर पुत्र बदलू निवासी गांव भदौड़ा, थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद बताया। उसने अपने फरार साथियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी है, जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण जंगलों की ओर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गए, लेकिन देर शाम तक दोनों हाथ नहीं आए थे। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि सर्राफा व्यापारी पवन कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



एक आरोपी को पकड़कर लाता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



इसी कार में सवार होकर आये बदमाश। ● अमृत विचार

● **लोगों ने एक आरोपी को कार सहित दबोचा, दो बदमाश भाग गए**

● **दिनदहाड़े घटना से मचा हड़कंप फरार आरोपियों की तलाश**

### तीनों बदमाश जाहिर कर रहे थे संपन्नता

पवन कुमार ने बताया की कार में सवार होकर जिस तरह से तीनों लोग आए थे उससे एहसास ही नहीं हो रहा था कि यह बदमाश या उचक्के हो सकते हैं। तीनों खुद को संपन्न व्यक्ति दर्शाकर सोने के महंगे जेवर देख रहे थे। तीनों एक के बाद एक जेवर देखते रहे और बातें करते रहे। इसी दौरान 25 ग्राम वजन के सोने के कंगन छुपा लिए और फिर बहाना बनाकर निकलने लगे। जब डब्बे में कंगन गायब दिखे तो उसे माजरा समझ में आ गया और तुरंत तीनों लोगों को आवाज देने के साथ ही शोर मचा दिया। तब एक व्यक्ति को पकड़ा जा सका।

# मैक्स पिकअप पलटी, एक युवक की मौत, 15 घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **अमरोहा के लोग बदायूं में रिश्तेदारी में दावत खाने जा रहे थे**

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र में के मेरठ-बदायूं मार्ग पर सोमवार रात अनियंत्रित होकर मैक्स पिकअप पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के 15 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नौ लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिवार के लोग दावत खाने के लिए जा रहे थे।

लोगों का कहना है कि मैक्स पिकअप की रफ्तार बहुत तेज थी। चालक ने अचानक सामने पशु आ जाने पर बचाने का प्रयास किया तो अनियंत्रित होकर पिकअप डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डायल 112 और 108 एंबुलेंस की तीन गाड़ियां पहुंचीं और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पताल में विवेक पुत्र धर्मवीर निवासी गांव बांसखेड़ी, थाना नौगांवा सादात, अमरोहा को मृत घोषित कर दिया। जबकि दिशांत , रजत, तुषार, राहुल , लकी ,अभिषेक, संसार, बिंदो, आजाद ,विक्की , मनोज, अतुल, रोमो, देव और निकुल घायल हो गए। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि एक ही परिवार के लोग बदायूं के थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव अजीतपुर में दावत में जा रहे थे। दो की हालत गंभीर है। घायलों ने बताया कि पशु सामने आ गए, जिन्हें बचाने के प्रयास में वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया और पलट गया।

# विहिप नेता को फिर दी गई धमकी

**संभल,अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप सिंह को फिर धमकी दी गई है। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बीते सप्ताह विहिप मेरठ प्रांत से आए मंत्री राजकुमार डुंगर और सहमंत्री जितेंद्र कुमार ने डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया तथा एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई से मिल कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी। यह धमकी उस समय दी गई थी जब बांग्लादेश में हिंदू की हत्या के विरोध में संभल में प्रदर्शन किया गया था। आरोप है कि उक्त पोस्ट शारिक रहीम तुर्क नामक व्यक्ति द्वारा की ग। सोमवार को गौरव प्रताप सिंह ने बताया कि एफआईआर के बाद भी आरोपी ने दोबारा टिप्पणी की है, जिसमें उसने लिखा है कि वह प्रदेश छोड़कर भागा नहीं है, बल्कि किसी काम से बाहर गया हुआ है और यहीं मौजूद है।

# क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता,चंदौसी

● **एसएम कॉलेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज परिसर में सोमवार को परिषदीय विद्यालयों की जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने किया।

बालक वर्ग की उच्च प्राथमिक श्रेणी में 100 मीटर दौड़ में लहरावन के रचित ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 200 मीटर और 600 मीटर दौड़ में फतेहपुर गुन्नौर के अरविंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में कैल गुन्नौर के बॉबी विजेता रहे। प्राथमिक वर्ग में करेली पवांसा के संजय ने 50, 100 और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लहरावन के चिराग ने 400 मीटर दौड़ में बाजी मारी। योग प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय करेली के छात्रों ने पहला स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक स्तर की 100 और 200 मीटर दौड़ में शेरुआ की संतोष ने दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में दयौरा खास की राशि और 600 मीटर दौड़ में लहरावन की प्रतिज्ञा विजेता रहीं। बीईओ मुंशीलाल पटेल, देवेंद्र सिंह, विनोद कुमार, अरुण कुमार, अंशुल शर्मा, विनोद मेहरा आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. दुर्गा टंडन ने किया।

## न्यूज डायरी

### सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन व ईपीएफ की उठाई मांग

**चंदौसी, अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने सोमवार को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को ज्ञापन देकर स्थायी, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल के दौरान जून 2021 से जुलाई 2022 तक का बकाया वेतन अभी तक नहीं मिला है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ईएसआई की राशि खातों से काटी जा रही है, लेकिन ईएसआई कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। साथ ही टैरियर यूटिलिटी कंपनी द्वारा कर्मचारियों से सिक्योरिटी के रूप में ली गई धनराशि और जनवरी 2022 से सितंबर 2023 तक का ईपीएफ भी जमा नहीं किया गया है। कई कर्मचारियों का आंशिक वेतन और बोनस भी बकाया है। संघ ने सातवें वेतन आयोग के एरियर, सेवा लाभ और संविदा कर्मियों के लंबित भुगतान को होली से पूर्व जारी करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राजवर सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।





### भाजपा नेता उमेश दिवाकर ने थामा सपा का दामन

**संभल, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिला मंत्री मीनाक्षी सागर के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के बाद सोमवार को उमेश दिवाकर भी भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी और राज्यसभा सांसद जावेद अली खान की मौजूदगी में भाजपा के उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनुसूचित मोर्चा उमेश सिंह दिवाकर ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उमेश सिंह ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी पर चंदौसी क्षेत्र के विकास की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कहा कि चंदौसी पिछले 40 वर्षों में जैसी थी, आज भी वैसी ही है।

### गुन्नौर के गांव में दिखा खतरनाक सांप रसल वाइपर

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र के गांव जाफरपुर में सोमवार को एक प्लॉट में दुर्लभ प्रजाति का रसल वाइपर देखकर लोग दहशत में आ गए। गांव में लोग अपने का में लगे थे तभी एक छोटी दीवार पर रसल वाइपर सांप नजर आया। कुछ ही देर में काफी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंच गये। हालांकि डर की वजह से कोई भी सांप के नजदीक नहीं गया। ग्रामीण प्रताप यादव ने डीएफओ और वन क्षेत्राधिकारी को जानकारी दी। बावजूद विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान सांप खेत में खड़ी फसल में चला गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र रेस्क्यू टीम भेजकर सांप को पकड़वाने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। वन क्षेत्राधिकारी बृजमोहन ने बताया कि रसल वाइपर दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई। एहतियात के तौर पर ग्रामीण खेतों में जाते समय विशेष सावधानी बरतने, ऊंचे जूते पहनने और अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी गई है।



### व्यापार समझौते में किसान-दुग्ध उत्पाद बाहर रखने की मांग

**संभल,अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अमेरिका से व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। व्यापार समझौते से कृषि व दुग्ध उत्पादों को बाहर रखने की मांग उठाई । किसान नेताओं ने कहा कि किसान जिन उत्पादों का उत्पादन करता है, उनमें अनाज, दालें, सब्जियां, फल और सबसे अहम दूध शामिल हैं। यदि इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार डील में शामिल किया गया, तो देश के छोटे और सीमांत किसानों पर गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारिक रिश्ते बनाए जाएं, लेकिन किसानों के उत्पादों को इस डील से अलग रखा जाए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी हुई और किसानों के साथ अन्याय किया गया, तो वे एकजुट होकर बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



# सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर तमन्ना बोली, मेरी मर्जी

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **तमन्ना के पति अमन ने कहा मिल रही हैं धमकियां, अफसरों से मिलकर करेंगे शिकायत**

**अमृत विचार:** हिंदू युवक से शादी की मन्नत पूरी होने के बाद हरिद्वार से बुर्का पहनकर कांवड़ लाने वाली तमन्ना को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ लोग उन्हें धमकियां दे रहे हैं। तमन्ना और उनके पति अमन त्यागी ने अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा की मांग करने और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। तमन्ना का कहना है कि मैं बुर्का पहनकर कांवड़ लाई यह मेरी मर्जी, किसी को इससे क्या दिक्कत है।

थाना असमोली क्षेत्र के गांव बदनपुर बसई निवासी अमन त्यागी और उनकी पत्नी तमन्ना रविवार को नैमिषारण्य तीर्थ में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में धमकियां मिलने का खुलासा किया। अमन त्यागी ने कहा कि बुर्का मैंने उन्हें नहीं पहनाया और न ही किसी प्रकार का दबाव डाला। 22 साल तक वे अपने घर पर थीं, तब भी बुर्का पहनती थीं। अब यदि अपनी मर्जी से पहन रही हैं तो किसी को आपत्ति क्यों है? हमारे सनातन धर्म में हर व्यक्ति को आस्था और जीवन जीने की स्वतंत्रता है।

तमन्ना ने बताया कि भगवान भोलेनाथ में आस्था है और अगले वर्ष भी कांवड़ लेकर आएंगी। लोगों को इससे क्यों परेशानी हो रही है? सभी को अपनी मर्जी से जिंदगी बिताने और धार्मिक क्रियाकलाप करने की आजादी है। मैं भी वही कर रही हूं। दंपति का कहना है कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से धमकियां दे रहे हैं। इस तरह के लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जांच कर धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



पति अमन के साथ बैठी तमन्ना। ● अमृत विचार

### बुर्का पहनकर कांवड़ लाने की रही चर्चा

**संभल, अमृत विचार :** बदनपुर बसई गांव की रहने वाली तमन्ना मलिक ने चार साल पहले अमन त्यागी से प्रेम विवाह किया था। अमन के हिंदू होने के कारण काफी विरोध भी हुआ था। तमन्ना कहती है कि उसने भोलेनाथ से मन्नत मांगी थी कि उसका विवाह अमन से हो जायेगा तो वह हरिद्वार से कांवड़ लेकर आयेगी। मन्नत पूरी करने के लिए तमन्ना पति अमन के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर लाई। चर्चा का कारण यह रहा कि तमन्ना बुर्का पहनकर कांवड़ लाई थी। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला तो यह मामला देश में चर्चा का विषय बन गया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**संभल/ओबरी,अमृत विचार:** गन्ने से लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें पिता पुत्री घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मुरादाबाद जिले के थाना छजलैट के सराय खजूर गांव निवासी मोहम्मद असलम 13 साल की पुत्री नुजहतके साथ बाइक से थाना असमोली के नहरौली गांव स्थित रिश्तेदारी से अपने घर लौट रहे थे। मनोटा चोधरपुर मार्ग पर अहरौला माफी गांव के सामने तेज रफ्तार गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे पिता-पुत्री दूर जा गिरे। हादसा होते ही आसपास के लोग दौड़े और नहरौली स्थित रिश्तेदारों को हादसे की सूचना दी तो वे मौके पर पहुंचे और घायलों को अमरोहाके थाना डिडौली के गांव चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां मोहम्मद असलम की हालत नाजुक बनी है।

न्यूज ब्रीफ

## 'कुष्ठाश्रम' शब्द हटाने का विधेयक पेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकार ने उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय कानूनों से भेदभावपूर्ण शब्दावली हटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधेयक पेश किया। इसके तहत उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम, 1916 से 'कुष्ठाश्रम' शब्द हटाया जाएगा। यह विधेयक उस अध्यादेश के स्थान पर लाया गया है, जिसे सरकार ने दो फरवरी को जारी किया था। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के सात मई 2025 के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को कुष्ठ रोगियों से जुड़े कानूनों में मौजूद भेदभावपूर्ण प्रावधानों की पहचान कर उन्हें समाप्त करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि ऐसे प्रावधान मानवाधिकार और मानवीय गरिमा के प्रतिकूल हैं।

## दो राजकीय विवि की स्थापना के लिए विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को बहुमत से पारित करा लिया। सदन में विधेयक पेश करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि संशोधन विधेयक के तहत ज्ञानपुर, जनपद भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उन्नत कर विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा। इससे आसपास के 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा और हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

## एनएचएम संविदा कर्मियों का बकाया वेतन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) व अन्य इकाइयों पर तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। करीब एक लाख कर्मचारियों का दिसंबर और जनवरी का वेतन जारी कर दिया गया है। डॉ. पिंकी जोवल, प्रबंध निदेशक, एनएचएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि फरवरी माह का वेतन भी कर्मचारियों को होली पर्व से पूर्व हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने एमडी के निर्णय पर आभार व्यक्त किया है।

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बालीवुड में दहशत फैलाने के इरादे से फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित बंगले पर की गई फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। यूपी एसटीएफ ने मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा एसटीएफ को साथ लेकर मुख्य शूटर समेत गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार शूटर यूपी के आगरा, नोएडा और इटावा के रहने वाले हैं। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को सुराग लगा कि फायरिंग करने वाले शूटर शुभम लोनकर गैंग से जुड़े हैं। शुभम के तार लारेंस बिशनोई गैंग से भी जुड़े हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लखनऊ आई और एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ ने हरियाणा के झज्जर में दबिश देकर आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव बिजौली निवासी मुख्य शूटर दीपक, सनी, सोनू व रितिक (भाई), विष्णु कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी टीम ने गाजियाबाद के साहिबाबाद से जतिन भारद्वाज और विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

# धर्मस्थल केवल आस्था नहीं, राष्ट्रचेतना के भी केंद्र : योगी

## विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने कहा- आस्था को दबाने वालों को नया उत्तर प्रदेश स्वीकार नहीं करेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान परिषद में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- विरासत पर गर्व के साथ आगे बढ़ रही डबल इंजन सरकार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना और सांस्कृतिक चेतना के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने भारत की आस्था, विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने का कार्य किया है। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई, जबकि समाजवादी पार्टी उनके नाम पर जनता को गुमराह करती रही है।

विधान परिषद में सोमवार को मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस ने राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और अन्य धार्मिक आयोजनों का विरोध किया। सपा सरकार के दौरान कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी और अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा पर रोक लगाई गई। वहीं दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों को भी बाधित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को मिथक बताया, जबकि सपा शासन में रामभक्तों पर गोलियां तक चलीं और मंदिर निर्माण के मार्ग में कानूनी अड़चनें खड़ी की गईं। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि भारत की आस्था को कैद करने का प्रयास अब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

योगी ने कहा कि आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है और देश-प्रदेश से हर दिन लाखों श्रद्धालु वहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने आस्था को सशक्त भारत की अटल आधारशिला मानते हुए प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, विंध्याचल, चित्रकूट, शुकतीर्थ, संभल, बरेली और नैमिषारण्य सहित बौद्ध, जैन और सिख तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पहचान अब दीपोत्सव, देव दीपावली और रंगोत्सव जैसे आयोजनों से बन रही है। ये आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक गौरव को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का माध्यम हैं।

### विपक्ष पर मुख्यमंत्री का हमला

- **राज्यपाल का अपमान अस्वीकार्य**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक प्रमुख हैं, उनके प्रति अभद्र व्यवहार लोकतंत्र और संविधान दोनों का अपमान है।
- **राष्ट्रीय प्रतीकों पर दोहरा रवैया**– सपा व कांग्रेस पर आरोप लगाया कि एक ओर संविधान की बात करते हैं, दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय प्रतीकों का विरोध कराते हैं।
- **समाज को बांटने की राजनीति**– आरोप लगाया कि सपा नेता जातीय संघर्ष भड़काने और समाज में विद्वेष फैलाने वाले बयान देते हैं।
- **संवैधानिक संस्थाओं पर हमला**– मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहा है।
- **कांग्रेस से सबक लेने की नसीहत**– योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस विधान परिषद से बाहर हो चुकी है, सपा भी अगर अनर्गल बयानबाजी और महापुरुषों का अपमान जारी रखेगी तो उसका भविष्य भी वैसा हो सकता है।

### टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में एक ऐतिहासिक परिवर्तन की यात्रा से गुजरा है। अब प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली और विकास की दिशा का प्रतीक बन चुका है। यह नई त्रिवेणी प्रदेश की प्रगति, पारदर्शिता और जनविश्वास की आधारशिला बनी है। बिना अतिरिक्त टैक्स लगाए टैक्स चोरी पर रोक लगाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया।

# अखिलेश-राहुल ने चुपके से लगवाई थी वैक्सीन

## दावे पर सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### विधान परिषद

- बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां
- कहा- सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ यूपी में सशक्त हो रहा स्वास्थ्य ढांचा



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने बजट सत्र के दौरान दावा किया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के राहुल गांधी ने कोरोना बचाव में चुपके-चुपके वैक्सीन लगवायी थी, सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य स्वरूप फोटो प्रस्तुत करने की बात कही।

बजट सत्र के दौरान सोमवार को प्रश्नकाल के बाद शाहनवाज खान समेत सपा सदस्यों ने नियम-105 अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर मुद्दा उठाया। मुकुल यादव ने कहा कि मरीजों को अपेक्षित इलाज नहीं मिल रहा है, सरकारी अस्पतालों में 38 प्रतिशत चिकित्सक व 46 प्रतिशत नर्सेस की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 45 फीसदी मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सुविधा नहीं है। जवाब में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मूलमंत्र के साथ स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही है। प्रदेश में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। मेडिकल कॉलेजों में विलय हुए जिला अस्पतालों सहित पीएचसी और सीएचसी में सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, वहां निजी क्षेत्र की भागीदारी से एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके पूर्व प्रश्न काल में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत आवंटित रुपये से पूर्व में हुए कार्यों को लेकर सवाल पूछे। ऊर्जा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने पूर्ण कार्य की जांच कराकर सूची सदन के पटल पर रखवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कोरोना महामारी को देखते हुए सेवानिवृत्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को छोड़ करके काटे गये राहत भत्तों का सवाल किया था, सत्ता पक्ष के जवाब में संतुष्ट न होने पर सभापति ने इसे दिखवा लेने के सरकार को निर्देश दिये।

शून्यकाल में निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने उन्नाव के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारियों को पेंशन गणना में एक नोशनल वेतनवृद्धि का लाभ दिलाये जाने की सूचना दी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के जवाब के बाद सभापति ने सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया।

### बजट पर नेता विरोधी दल ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार :** परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकार बजट का 50 प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पाई है और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है। उन्होंने बजट को जनविरोधी बताते हुए ठोस कार्ययोजना पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन उनकी आय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है।

### पर्यटन विकास की 111 परियोजनाएं पूरीं

**अमृत विचार :** विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायकों ने सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दे सदन में उठाए। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। विधानसभा में पर्यटन विभाग को लेकर सवाल उठे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 2022 से 2025-26 के बीच विभिन्न श्रेणियों में कुल 111 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और कोई परियोजना लंबित नहीं है।

# पॉलिटिकल रायता पर नोकझोंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर गरमाई बहस
- शून्यकाल में समस्याओं के सवाल गूंजे, आशा-आंगनबाड़ी मानदेय का मुद्दा भी उठा

**अमृत विचार:** विधानसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने तमाम मुद्दे उठाकर मंत्रियों को घेरा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की 'पॉलिटिकल रायता' वाले बयान पर सदन में नोकझोंक हुई। बाद में अध्यक्ष के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर बहस देखने को मिली तो शून्यकाल में स्थानीय समस्याओं की गूंज और आशा-आंगनबाड़ी मानदेय पर सवाल हुए।

विधानसभा में उस समय तीखी नोकझोंक देखने को मिली जब सपा विधायक आरके वर्मा के बोलने के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि सीधे सवाल होंगे तो सीधे जवाब देंगे, लेकिन राजनीतिक सवाल किए गए तो 'राजनीतिक रायता' फैलाया जाएगा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मंत्री सही बात कह रहे हैं। बाद में सपा विधायक कमाल अख्तर ने भी हस्तक्षेप करते हुए मंत्री से सवाल किया कि उनके विभाग में 'रायता' कहां बन रहा है। इस पर सदन में हल्की मुस्कान और टिप्पणी का माहौल रहा।

विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने निजी अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि 281 अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, 533 अस्पताल सीज किए गए और 1541 को नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा 426 डायग्नोस्टिक सेंटरों को नोटिस और 57 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 91 को सीज किया गया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा उठा। प्रयागराज से सपा विधायक संदीप पटेल ने आशा बहुओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्थायीकरण और मानदेय बढ़ाने की मांग की। प्रतापगढ़ के विधायक आरके वर्मा ने भी पूछा कि आंगनबाड़ी कर्मियों का वेतन बढ़ाया जाएगा या नहीं। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जवाब में कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय दोगुना किया गया है।

### कुपोषण के मुद्दे पर मंत्री से स्पीकर ने मांगा जवाब

विधानसभा में सपा विधायक रागिनी सोनकर ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण व एनीमिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कटौती के कारण महोबा में बच्चों को दूध में पानी मिलाकर दिया गया। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य जब लिखित जवाब पढ़ने लगीं तो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें टोका और कहा कि सिस्टम में पहले से उपलब्ध जवाब न पढ़ें, बल्कि अपने स्तर से स्पष्ट उत्तर दें। इसके बाद मंत्री ने कहा कि सरकार साल में 300 दिन बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रही है और कुपोषण के मामलों में सुधार हो रहा है।

### विधानसभा में बजट पर चर्चा जारी

विधानसभा में सोमवार को बजट पर चर्चा की भी शुरुआत हुई। सत्ता पक्ष और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने बजट को सर्वतोन्मुखी और विकासोन्मुखी बताते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, जबकि विपक्ष ने इसे झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और रालोद के सदस्यों ने जहां क्षेत्रीय मांगें और विकास योजनाएं रखीं, वहीं सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य, सड़क और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। बजट पर चर्चा मंगलवार को भी जारी रहेगी।

# विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन में घपले का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अध्यक्ष ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकराई

**अमृत विचार:** विधानसभा में सपा ने जल जीवन मिशन में कथित घपले का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा सदस्यों ने विधानसभा की समिति बनाकर जांच कराने की मांग की। सपा का आरोप था कि प्रदेश के कई जिलों में टंकियां गिर रही हैं, नलों से पानी नहीं आ रहा और पाइपलाइन डालने के बाद गांवों की सड़कें भी दुरुस्त नहीं की जा रहीं। हालांकि अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकरा दी।

सपा के कमाल अख्तर और प्रभु नारायण सिंह ने नियम-56 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर कहा कि योजना की अंतिम तिथि बार-बार बढ़ाई जा रही है और अब इसे 2028 तक कर दिया गया है। उन्होंने लखीमपुर और सीतापुर में टंकियां गिरने, कुछ स्थानों पर ट्यूबवेल से कम प्रेशर में जलापूर्ति होने और पाइपलाइन की गुणवत्ता खराब होने का आरोप लगाया। सपा सदस्यों ने दावा किया कि देश भर में दर्ज 17 हजार शिकायतों में से 85 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से संबंधित हैं। साथ ही कहा कि गांवों की गलियां खोद दी गईं, लेकिन मरम्मत नहीं हो रही और हैंडपंप योजना भी बंद कर दी गई है। मामले में अध्यक्ष ने सदन में दायर याचिकाओं का छह माह में निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वासन दिया कि समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### जलशक्ति मंत्री बोले आरोप बेबुनियाद

इस पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सपा के सदस्यों की बातें आधारहीन हैं और वे अपने क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से परिचित नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि जहां भी गड़बड़ियां सामने आईं, वहां सख्त कार्रवाई की गई है।

# उप्र. शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 वर्ष से अधिक पुराने भवनों को मिलेगा नया जीवन, स्ट्रक्चरल ऑडिट होगा अनिवार्य
- पीपीपी मॉडल, ट्रांजिट आवास और तीन वर्ष की समय सीमा के साथ शहरी पुनर्विकास

**अमृत विचार:** तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जर्जर हो चुके पुराने आवासीय परिसरों की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार ने 'उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026' लागू कर दी है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है।

इस नीति का उद्देश्य 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल पुराने भवनों को नया जीवन मिलेगा, बल्कि निर्माण, रियल एस्टेट और संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश के कई शहरों में पुरानी अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुकी हैं। नई नीति के तहत वही सार्वजनिक और निजी परियोजनाएं पुनर्विकास के लिए पात्र होंगी, जो कम से कम 25 वर्ष पुरानी हों या स्ट्रक्चरल ऑडिट में असुरक्षित पाई गई हों। हाउसिंग सोसायटी या अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के मामलों में पुनर्विकास प्रक्रिया शुरू करने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की सहमति अनिवार्य होगी। हालांकि, 1500 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल की भूमि, एकल मकान, नजूल भूमि, लीज की भूमि और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की भूमि को इस नीति से बाहर रखा गया है।

### तीन मॉडल से होगा पुनर्विकास

सरकार ने पुनर्विकास के लिए तीन विकल्प तय किए हैं, जिसमें शासकीय एजेंसी द्वारा सीधे पुनर्विकास, पीपीपी मॉडल के तहत निजी डेवलपर की भागीदारी और सोसायटी या एसोसिएशन द्वारा स्वयं पुनर्विकास शामिल है। पीपीपी मॉडल में शासकीय एजेंसी, डेवलपर और सोसायटी के बीच त्रिपक्षीय समझौता होगा, जिसमें सभी की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय होंगी। हर परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करना अनिवार्य होगा, जिसमें कॉरपेट एरिया, पार्किंग, कॉमन एरिया, ट्रांजिट आवास या किराया व्यवस्था और वित्तीय प्रबंधन शामिल रहेगा।

### तीन वर्ष में पूरी होगी परियोजना

पुनर्विकास परियोजनाओं को सामान्यतः तीन वर्ष में पूरा करना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थितियों में अधिकतम दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा। नियोजन मानकों में व्यावहारिक लचीलापन रखते हुए बोर्ड की मंजूरी से कुछ शर्तों में केस-टू-केस आधार पर छूट दी जाएगी। साथ ही, आपस में जुड़े एक से अधिक भूखंडों को मिलाकर पुनर्विकास की अनुमति भी दी गई है, जिससे समेकित और बेहतर शहरी विकास संभव हो सके।

सक्रियता

अति संवेदनशील जिलों समेत प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों को किया गया अलर्ट

# होली और रमजान एक साथ, पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व में उपद्रव करने के लिए बदनाम लोगों को लिया जा रहा रडार पर



**अमृत विचार:** होली और रमजान एक साथ पड़ रहे हैं तो पुलिस के लिए कानून व्यवस्था को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। दोनों समुदायों के पर्व शांति और सौहार्द से मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस के साथ ही खुफिया टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, बरेली, आजमगढ़, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, मेरठ, रामपुर, सहारनपुर समेत प्रदेश भर में चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उधर पुलिस ने पूर्व के उपद्रवों में शामिल रहे असामाजिक तत्वों को भी रडार पर ले लिया है।

होली का मुख्य पर्व 3 और 4 मार्च को है, लेकिन होलिका से संबंधित कार्यक्रम महा शिवरात्रि से ही शुरू हो जाते हैं। इसके तहत ब्रज क्षेत्र में तो लगातार फाग खेले जाने के आयोजन होना शुरू हो चुके हैं। दूसरी ओर 18 या 19 फरवरी से रमजान शुरू हो सकते हैं, जो कि एक महीने तक जारी रहेंगे। ऐसे में होली और रमजान का महीना साथ-साथ होंगे। इस चुनौती से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी एडीजी, पुलिस कमिश्नर और आईजी-डीआईजी से कहा गया है कि वह फोर्स को अलर्ट मोड पर रखें। खास कर मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष नजर रखी जाए। रमजान से पहले क्षेत्र की मस्जिदों समेत सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए।

### पीस कमेटी की बैठक शुरू करें

पुलिस और प्रशासन के अफसरों से कहा गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में पीस कमेटियों की बैठक करना शुरू कर दें। सख्त हिदायत दी गई है कि पीस कमेटी की बैठकें महज रस्म अदायगी न हों, बल्कि उनमें दोनों समुदायों के कद्दावर और बड़े धार्मिक लोग शिरकत करें। उनसे खुले मन से बात की जाए। साथ ही रमजान और होलिका दहन के मौके पर आने वाली दिक्कतों के बारे में जरूर पता लगाया जाए।

### होलिका दहन स्थलों का करें सत्यापन

पुलिस को हिदायत दी गई है कि होलिका दहन स्थलों का भी पुलिस अधिकारी सत्यापन करें। यदि यदि किसी जिले में होली से पहले या फिर बाद में जुलूस की परंपरा हो तो देख लिया जाए कि पूर्व उसका रूट क्या था। कोई भी नया रूट या फिर नई परंपरा न पड़ने दी जाए। पुलिस अधिकारी रूट को पैदल गश्त करके उसका निरीक्षण कर लें। होलिका दहन भी नए स्थान पर नहीं कराया जाए। यदि विवाद की स्थिति आती है तो उसे दोनों पक्षों को बुलाकर प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए।

# फार्म-7 के दुरुपयोग को लेकर सपा विधायक चुनाव आयोग को देंगे ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर अज्ञात नामों से फार्म-7 भरवाए गए हैं। कन्नौज, बलिया, अयोध्या सहित कई जिलों के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों के बावजूद निवार्चन आयोग की ओर से कार्रवाई नहीं हो रही।

सपा प्रमुख ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा 2027 का विधानसभा चुनाव हारने जा रही है, इसलिए मतदाता सूची के एसआईआर में फार्म-7 के जरिए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के सभी विधायक फार्म-7 के दुरुपयोग और अन्य विसंगतियों को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन देंगे और विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के माध्यम से हो तथा किस बूथ पर किसके नाम से फार्म-7 जमा हुआ, इसका पूरा डेटा सार्वजनिक किया जाए। अखिलेश यादव ने मेरठ का एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि विधायक मनोज पारस के क्षेत्र में 37 हजार और डॉ. मुकेश वर्मा के क्षेत्र में 75 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि बलिया में हमारे विधायक मो. रिजवी की पत्नी का वोट भी काट दिया गया।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक सपा में शामिल

कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक केके शर्मा ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सोमवार को सपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया।

# अमृत विचार

मंगलवार, 17 फरवरी 2026




पहली और सबसे बड़ी जीत स्वयं पर विजय प्राप्त करना है।

–प्लेटो, दार्शनिक



## रहमान को कमान

आज तारिक रहमान के शपथ ग्रहण के साथ बांग्लादेश की सत्ता चुनी हुई सरकार के हाथों में होगी। इस बदलाव का सीधा असर हसीना के समय विकसित भारत–बांग्लादेश संबंधों पर पड़ेगा। शेख हसीना के दौर में सुरक्षा, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहयोग में प्रगति दक्षिण एशिया में सहयोग का मॉडल मानी गई। अब नई व्यवस्था भारत के लिए अवसर बनेगी या चुनौती यह भविष्य बताएगा। सकारात्मक पक्ष यह है कि तारिक रहमान और उनके सलाहकार सार्वजनिक रूप से 'रचनात्मक सहयोग' और 'नए सिरे से संबंध' की बात कर रहे हैं। इसका अर्थ पुराने ढांचे को तोड़े बिना राजनीतिक परिवर्तनों के अनुरूप समीकरणों का पुनर्संतुलन है।

नई सरकार की संतुलित संबंधों की बात को हमें असुरक्षा के बजाय परिपक्व कूटनीति के संकेत के रूप में लेना चाहिए। एक आत्मविश्वासी भारत अपने पड़ोसी की बहुध्रुवीय कूटनीति से विचलित नहीं होता, हालांकि नकारात्मक आयाम भी कम नहीं। बीएनपी की वैचारिक पृष्ठभूमि और जमात-ए-इस्लामी जैसे दलों का संभावित प्रभाव भारत के लिए चिंता का विषय है। जमात का ऐतिहासिक झुकाव पाकिस्तान की ओर रहा है और भारत-विरोधी बयानबाजी उसकी राजनीति का हिस्सा रही है। तारिक रहमान को घरेलू दबावों के बीच 'भारत के प्रति नरम' न दिखने की मजबूरी हो सकती है, जिससे सार्वजनिक रुख कठोर और व्यावहारिक सहयोग सीमित हो सकता है। 'नए सिरे से संबंध' की अभिव्यक्ति का तात्पर्य है कि ढाका द्विपक्षीय संबंधों में अधिक समता, पारदर्शिता और पारस्परिकता चाहता है। भारत को इसे व्यापार असंतुलन कम करने, निवेश को द्विदिश बनाने और लोगों-से-लोगों के संपर्क बढ़ाने के अवसर की तरह देखना चाहिए। तीस्ता नदी जल-बंटवारा समझौते का जटिल मुद्दा नई सरकार के साथ और कठिन हो सकता है, क्योंकि तारिक को घरेलू राष्ट्रवादी दबाव झेलने होंगे। इसी तरह, कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स—रेल, सड़क, बंदरगाह और ऊर्जा ग्रिड पर भी जमात का वैचारिक विरोध बाधा बन सकता है। सुरक्षा समन्वय, विशेषकर आतंकवाद-रोधी सहयोग और सीमा प्रबंधन, हसीना काल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। यदि नई सरकार इस सहयोग को कमजोर करती है, तो पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, परंतु बांग्लादेश स्वयं भी उग्रवाद की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा; इसलिए सुरक्षा सहयोग की बुनियाद पूरी तरह ढहने की संभावना कम है। ढाका का बीजिंग या इस्लामाबाद की ओर झुकाव तभी सीमित होगा, जब नई दिल्ली भरोसे, संवेदनशीलता और व्यावहारिक लाभों पर आधारित संबंधों का नया अध्याय लिख सके। शेख हसीना की भारत में मौजूदगी और संभावित प्रत्यर्पण का प्रश्न राजनीतिक रूप से विस्फोटक है। प्रत्यर्पण विधिक प्रक्रिया और द्विपक्षीय संधियों पर निर्भर करेगा। यदि इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई के रूप में देखा गया, तो यह तारिक सरकार के लिए अंतर्राष्ट्रीय आलोचना का कारण बन सकता है। अल्पसंख्यक, विशेषकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा नई सरकार की परीक्षा होगी।

यदि बीएनपी धर्मनिरपेक्षता के बजाय 'समानता' की भाषा अपनाती है, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि समानता का अर्थ बहुसंख्यक वर्चस्व न बन जाए। हिंसा से दूरी का सार्वजनिक संदेश अंतर्राष्ट्रीय छवि सुधारने का प्रयास भी हो सकता है।

### प्रसंगवश

## ब्रह्मांड की सरकार और धरती की राजनीति

आने वाली 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 शुरू हो रहा है। ज्योतिषियों ने बताया है कि इस बार वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। सब लोग न ज्योतिषी हैं और न खगोल के जानकार। ग्रहों की गणना समझ से बाहर हो सकती है, लेकिन हर साल यह बात पढ़कर लोग ठहर जाते हैं। वर्ष के राजा के विचार में एक प्रतीक छिपा है, वह ध्यान खींचता है। इस विचार में सत्ता को लेकर एक ऐसी सोच छिपी है, जो हमारी रोजमर्रा की राजनीति से बिल्कुल अलग है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार हर नव संवत्सर के साथ सृष्टि की सत्ता बदलती है। एक ग्रह वर्ष का राजा बनता है, कोई मंत्री, कोई सेनापति, कोई वर्षा का अधिपति।

यह पूरी व्यवस्था प्रतीकात्मक है, लेकिन कल्पना कीजिए कि ऊपर कहीं तो यह मान लिया गया है कि सत्ता स्थायी नहीं होती। वह हर साल बदलती है। उत्तदायित्व परिवर्तित होते रहते हैं। कोई एक हमेशा के लिए नहीं बैठा रहता। यह विचार अपने आप में सुंदर है, क्योंकि हमारी धरती पर सत्ता अक्सर स्थायित्व चाहती है। यहां कुर्सी को पकड़ कर रखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक मानी जाती है। हमारी परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक ही नहीं है, बल्कि आवश्यक है। फिर भी बदलाव को जोखिम समझा जाता है। ज्योतिषीय मान्यताएं कहती हैं कि अगर बृहस्पति वर्ष के राजा हों तो ज्ञान, संतुलन और नैतिकता के संकेत माने जाते हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

अगर शनि हों तो अनुशासन और कठोर परिश्रम के संकेत। मंगल राजा हों तो ऊर्जा और संघर्ष होना तय है। इन मान्यताओं को कोई आस्था कहता है, कोई इन्हें सांस्कृतिक कल्पना के दायरे में रखता है, तो किसी की नजर में यह प्रतीकात्मक भाषा है। तमाम दृष्टियों के बावजूद एक बात तय है कि हर साल का स्वभाव अलग हो सकता है। हर समय एक जैसा नहीं होता।

धरती पर सत्ता का लोभ इस कदर हावी है कि हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो व्यवस्था आज है, वही अंतिम है। जो सोच अभी प्रबल है, वही स्थायी है, लेकिन कैलेंडर हर साल बदलकर यह स्मरण करवा देता है कि समय स्थिर नहीं है। अगर ग्रहों की कल्पित सत्ता बदल सकती है, तो मनुष्य की सत्ता क्यों नहीं? अगर ब्रह्मांड को हर साल नई दिशा दी जा सकती है, तो समाज में नई सोच क्यों नहीं आ सकती?

कई लोग तर्क-वितर्क करते हैं। ज्योतिष की सत्यता या असत्यता में उलझ जाते हैं, लेकिन बात उस प्रतीक की है, जो हमारी परंपराओं ने हमें दिए हैं। परंपराएं भूमिकाओं को अस्थायी करार देती हैं। यानी, आज जो राजा है, कल वह आम आदमी होगा। आज जो मंत्री बन उद्बोधन देता है, वह कल श्रोताओं की कतार में होगा। आज जो नीति नियंता है, निर्णय लेने में समक्ष है, कल उससे सवाल पूछे जाना अवश्यंभावी हैं, दरअसल जीवन भी कुछ ऐसा ही है। बचपन में पिता सवाल पूछते हैं, बड़ा होकर बेटा पूछने लगता है। कभी शिक्षक मंच पर होता है तो कभी शिष्य मंचासीन हो जाते हैं। कभी हम निर्णय लेते हैं, तो कभी निर्णय मानने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

नव संवत्सर का विचार सकारात्मकता का भाव लेकर आता है। चाहे पिछले वर्ष में कितनी ही उलझनें रही हों, कितनी मुश्किलें आई हों, पर नव संवत्सर कहता है कि पुनः शुरुआत संभव है। विज्ञान कहता है कि अगर हर चक्र के उपरांत नया चक्र आने के प्रति कुदरत आश्वस्त रहती है, तो हममें यह आश्वासन का भाव क्यों नहीं होना चाहिए? लोग अक्सर बड़े सिद्धांतों में उलझ जाते हैं। सोशल मीडिया के दौर में यह सब अधिक हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गिग-इकोनॉमी में सहकारिता की दस्तक






डॉ. शिवम भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर

भारत टैक्सी को लेकर इस समय चर्चा आम है। कोई इसे ओला-उबर जैसी सेवाओं का सरकारी विकल्प बता रहा है, कोई गिग-इकोनॉमी में सरकार का एक प्रयास, तो कोई इसे टैक्सी बाज़ार में अनावश्यक सरकारी दखल कहकर खारिज कर देना चाहता है। इस शोर के बीच सबसे ज़रूरी बात यह है कि इस पहल को भावनात्मक या राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि उसके संस्थागत ढांचे, आर्थिक तर्क और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समझा जाना चाहिए।

सहकारिता मंत्रालय के अधीन गठित सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है। यह संस्था जून 2025 में मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत हुई और कई बड़े सहकारी संगठनों की भागीदारी से इसका गठन हुआ। दिसंबर 2025 से यह दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कुछ शहरों में पायलट रूप में चल रही थी, जहां मंत्रालय के अनुसार रोज़ाना दस हज़ार से अधिक राइड पूरी हो रही थीं।

भारत टैक्सी के व्यावसायिक मॉडल का मूल अंतर उसके स्वामित्व ढांचे में है। निजी टैक्सी प्लेटफॉर्मों जैसे कि ओला-ऊबर में स्वामित्व निवेशकों के पास होता है और ड्राइवर स्वतंत्र कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते हैं। भारत टैक्सी में पंजीकृत ड्राइवरों, जिन्हें 'सारथी' कहा गया है, को सहकारी संस्था के सदस्य और शेयरधारक का दर्जा दिया जाने की बात कही गई है। न्यूनतम शेयर पूंजी के साथ वे संस्था में भागीदारी प्राप्त करते हैं और प्रतिनिधियों के चुनाव में हिस्सा लेते हैं। इसका अर्थ यह है कि प्लेटफॉर्म के स्वामित्व और लाभ के ढांचे में ड्राइवर को संस्थागत हिस्सेदारी देने का प्रयास किया गया है।

> सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है।

निजी प्लेटफॉर्म आम तौर पर प्रति राइड कमीशन पर आधारित होते हैं, जो कई बार 15 से 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। भारत टैक्सी का घोषित ढांचा कमीशन-मुक्त है। कहा जा रहा है कि ड्राइवर से केवल सीमित सदस्यता शुल्क लिया जाएगा और किराये की पूरी राशि उसके खाते में जाएगी। सहकारी संस्था के पास जो अधिशेष रहेगा, वह भी अंततः सदस्यों की सामूहिक पूंजी का हिस्सा होगा। आय-वितरण के इस ढांचे का सीधा उद्देश्य ड्राइवर की शुद्ध आय बढ़ाना और प्लेटफॉर्म-लाभ में उसकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है, हालांकि, केवल सदस्यता शुल्क से तकनीकी अवसंरचना का खर्च निकालना प्रबंधन के लिए एक चुनौती हो सकती है, जिसका उत्तर परिचालन के विस्तार में छिपा है।

यात्रियों के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण पहलू किराया-प्रणाली है। ऐप-आधारित सेवाओं की सबसे बड़ी आलोचना डायनेमिक या सर्ज प्राइसिंग को लेकर रही है, जिसमें मांग बढ़ने पर किराया कई गुना तक बढ़ जाता है। फिलहाल भारत टैक्सी में एल्गोरिद्मिक सर्ज प्राइसिंग नहीं रखने की नीति घोषित की गई है। इसके स्थान पर पारंपरिक मीटर-मॉडल की तरह सीमित कंजेशन सरचार्ज का प्रावधान है। उपलब्ध टैरिफ-संरचना के अनुसार न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर, पिक-अप चार्ज और वेटिंग चार्ज पहले से निर्धारित हैं, जिससे किराये की पूर्वानुमेयता बढ़ती है।

प्रारंभिक आकलनों में यह अनुमान व्यक्त किया गया है कि कमीशन-मुक्त मॉडल के कारण किराये प्रतिस्पर्धी ऐप्स से कम हो सकते हैं, विशेषकर पीक आवर्स में। परंतु यह केवल अनुमानित तुलना है; किसी भी निष्कर्ष के लिए दीर्घकालिक परिचालन डेटा ही निर्णायक होगा। परिवहन-अर्थशास्त्र में वास्तविक लागत, राइड-वॉल्यूम और परिचालन दक्षता ही किराये के स्थायित्व को तय करते हैं।

ड्राइवर कल्याण के संदर्भ में भी कुछ ठोस प्रावधान सामने आए हैं। दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा कवर, ई-श्रम पंजीकरण तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ाव जैसे कदम गिग-वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का औपचारिक ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं। भारत में गिग-इकोनॉमी का विस्तार तेज़ हुआ है, पर सामाजिक सुरक्षा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो पाई। इस दृष्टि से यह मॉडल नीति-स्तर पर एक संरचनात्मक हस्तक्षेप का संकेत देता है।

इस सेवा की एक और उल्लेखनीय विशेषता इसका सार्वजनिक परिवहन तंत्र से संस्थागत एकीकरण का प्रयास भी शामिल है। मेट्रो स्टेशनों, एयरपोर्ट और अन्य परिवहन केंद्रों के साथ समझौतों के माध्यम से इसे फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी का औपचारिक हिस्सा बनाने की योजना बनाई गई है, हालांकि प्रतिस्पर्धा का संदर्भ भी उतना ही स्पष्ट है। निजी प्लेटफॉर्म वर्षों का परिचालन अनुभव, विशाल पूंजी, डेटा-आधारित एल्गोरिद्म और व्यापक उपयोगकर्ता आधार लेकर इस क्षेत्र में स्थापित हैं। किसी भी नए प्लेटफॉर्म के लिए सेवा-गुणवत्ता, ऐप-स्थिरता, राइड-मैचिंग और ड्राइवर-उपलब्धता के समान स्तर तक पहुंचना एक कठिन प्रक्रिया होती है। सहकारी ढांचे की सफलता भी इस बात पर निर्भर करेगी कि निर्णय-प्रक्रिया कितनी पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित रहती है।

तथ्यों के आधार पर भारत टैक्सी को न तो तात्कालिक क्रांति कहा जा सकता है और न ही इसे साधारण सरकारी हस्तक्षेप के रूप में खारिज किया जा सकता है। इस प्रयोग का वास्तविक मूल्यांकन कुछ ठोस मापदंडों पर होगा। ड्राइवर की वास्तविक आय और सामाजिक सुरक्षा में परिवर्तन, यात्रियों के लिए किराया-स्थिरता और सेवा-गुणवत्ता, तथा सार्वजनिक परिवहन तंत्र के साथ इसका व्यावहारिक एकीकरण। यही वे संकेतक हैं, जो आने वाले समय में तय करेंगे कि भारत टैक्सी भारतीय शहरी परिवहन में संरचनात्मक बदलाव लाती है या केवल विकल्पों की सूची में एक और ऐप जोड़ती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने




केरल भारत का एकमात्र राज्य है, जो गांधी जी के पदचिह्नों पर आगे बढ़ा है, जिसकी तरक्की हुई है। केरल असल में पंचायती राज वाला पहला राज्य है। वहीं कानून के मामले में देश का दूसरा सबसे अच्छा राज्य है। मुख्यमंत्री विजयन आगामी विधानसभा चुनाव में अपना पद बनाए रखेंगे।

–मणिशंकर अय्यर
कांग्रेस नेता

केरल के लोग ज्यादा जिम्मेदार और जवाबदेह शासन के लिए यूडीएफ को राज्य की सत्ता में वापस लाएंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। वे यह भी जानते हैं कि एलडीएफ और बीजेपी गुप्त पार्टनर हैं।

–जयराम रमेश
कांग्रेस नेता



# राज्यपाल का अभिभाषण व संवैधानिकता



डॉ. कैलाश चंद सैनी

पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी
राजस्थान विधानसभा

भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद केवल औपचारिकता का प्रतीक नहीं, बल्कि संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है। संविधान निर्माताओं ने इस पद की परिकल्पना एक ऐसे तटस्थ अभिभावक के रूप में की थी, जो निर्वाचित सरकार और संघ के मध्य समन्वय का सेतु बने। इस पद की गरिमा निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा में निहित है, किंतु वर्तमान में विभिन्न राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के घटनाक्रमों ने इस भूमिका को पुनः विमर्श के केंद्र में ला दिया है।

कर्नाटक में राज्यपाल द्वारा संयुक्त सत्र के अभिभाषण की केवल दो पंक्तियां पढ़कर सदन से प्रस्थान करना, तमिलनाडु में मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित अभिभाषण के कुछ अंशों को छोड़ना और केरल में नीतिगत असहमति व्यक्त करना- ये प्रसंग स्थापित संवैधानिक परंपराओं से विचलन के स्पष्ट संकेत हैं। इन घटनाओं से यह आभास होता है कि राज्यपाल स्वयं को निर्वाचित सरकार के समानांतर एक शक्ति-केंद्र के रूप में देख रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल संसदीय शिष्टाचार के प्रतिकूल है, बल्कि संघीय ढांचे के भी प्रतिकूल प्रतीत होती है।

संविधान का अनुच्छेद 176 अनिवार्य करता है कि राज्यपाल प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र तथा आम चुनाव के बाद प्रथम बैठक में विधानमंडल को संबोधित करेंगे। यह अभिभाषण राज्य सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्यक्रमों का नीति वक्तव्य होता है। अनुच्छेद 176 के अनुसार राज्यपाल अभिभाषण एक संवैधानिक दायित्व है, जो पूर्णतः मंत्रिपरिषद की सलाह पर आधारित होता है। राज्यपाल यहां राज्य सरकार के संवैधानिक संवाहक की भूमिका निभाते हैं।

> भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है।

इसके साथ ही, अनुच्छेद 159 के तहत राज्यपाल संविधान की रक्षा और संरक्षण की शपथ लेते हैं। संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा यह है कि राज्यपाल सरकार के नीतिगत विजन से निजी तौर पर असहमत होने के बावजूद उसे पढ़ने के लिए बाध्य हैं, क्योंकि वह दस्तावेज उस जनादेश का प्रतिनिधित्व करता है, जो जनता ने सरकार को दिया है। जब राज्यपाल इसे परिवर्तित या संक्षिप्त करते हैं या पढ़ने से इनकार करते हैं, तो वे परोक्ष रूप से उस लोकतांत्रिक जनादेश का अनादर कर रहे होते हैं।

राज्यपाल की शक्तियों और सीमाओं पर न्यायपालिका ने अक्सर मार्गदर्शक रेखाएं खींची हैं। शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य (1974) के ऐतिहासिक मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ ने स्थापित किया था कि राज्यपाल, राष्ट्रपति की भांति ही अपनी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर ही करेंगे। इसी प्रकार, नबाम रेबिया प्रकरण (2016) में सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः रेखांकित किया कि राज्यपाल अपनी व्यक्तिगत इच्छा या राजनीतिक पसंद के आधार पर निर्वाचित सरकार के नीतिगत कार्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। न्यायालय का मत रहा है कि अभिभाषण जैसे मामलों में राज्यपाल के पास कोई विवेकाधीन शक्ति नहीं होती; उन्हें मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार मसौदे को ही पढ़ना होता है।

सरकारिया आयोग (1988) और पुंछी आयोग (2010) ने राज्यपाल के पद की निष्पक्षता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से यह अनुशंसा की थी कि राज्यपाल की नियुक्ति की प्रक्रिया में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लेना अनिवार्य होना चाहिए। इससे पद की स्वीकार्यता बढ़ती है और राजभवन व मुख्यमंत्री सचिवालय के बीच अनावश्यक टकराव की संभावना कम होती है। वर्तमान परिस्थितियां इंगित करती हैं कि इन सुझावों की अनदेखी ने ही इस पद को अक्सर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का उपकरण बना दिया है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में 'संवैधानिक नैतिकता' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा था कि किसी संविधान की सफलता केवल उसके लिखित प्रावधानों पर नहीं, बल्कि उन मर्यादाओं और आत्मसंयम पर निर्भर करती है, जिन्हें पदों पर आसीन व्यक्ति अपनाते हैं। यह दृष्टिकोण आज और भी प्रासंगिक हो गया है। राज्यपाल का पद राजनीतिक संघर्ष का केंद्र नहीं बनना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा इस परंपरा को समाप्त करने के लिए संविधान संशोधन का सुझाव और कर्नाटक में सुप्रीम कोर्ट की राय लेने पर विचार, यह स्पष्ट करता है कि विवाद अब केवल राजनीतिक मतभेद तक सीमित नहीं रहा। यह संघीय ढांचे के भीतर उभरते एक बड़े संवैधानिक टकराव का पूर्व संकेत है। समाधान राज्यपाल के पद को समाप्त करने में नहीं, बल्कि उसे उसकी मूल भावना में पुनर्स्थापित करने में निहित है।

संवैधानिक पदों की प्रभावशीलता विधिक प्रावधानों के साथ-साथ संस्थागत संयम पर टिकी होती है। राजभवन और निर्वाचित सरकारों के बीच मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करने के बजाय बंद कमरों में संवैधानिक संवाद के माध्यम से सुलझाना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## गोंडवाना जंक्शन

मैं कन्याकुमारी की यात्रा पर गया। यह एक सुनियोजित यात्रा थी, या यूं कहिए कि कन्याकुमारी मुझे बुला रही थी। मुझे भी लगने लगा कि यह संभवतः मेरा सबसे लंबा प्रवास हो। अमूमन मैं लंबा प्रवास नहीं करता, लेकिन स्वामी विवेकानंद रॉक पर खड़े होकर समुद्रों के भिन्न-भिन्न रंग यह अहसास दिला गए कि जब संस्कृति बदलती है, जल के रंग भी बदल जाते हैं। इस स्थान को ही गोंडवाना जंक्शन कहते हैं। यही वह स्थान है, जहां से गोंडवाना के तीन बंधु हमेशा के लिए बिछड़ गए। अगर जंबूद्वीप का इतिहास समझना है, तो हमें एक बार इस पत्थर पर खड़ा होना ही होगा।



प्रवीण कुमार झा

लेखक

11.8 करोड़ वर्ष पूर्व एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका भारत से अलग हो गए। इसी घटना से शिलॉन्ग, राजमहल, सिलहट (बांग्लादेश) की पहाड़ियां बनीं। 8.8 करोड़ वर्ष पूर्व मेडागास्कर पूरी तरह अलग हो गया और भारत समुद्र में विचरण करता स्वतंत्र द्वीप बन गया।

मेडागास्कर से अलग होने के बाद भारत लगभग 18-20 सेमी प्रति वर्ष की गति से पूर्व की ओर जाने लगा। यह किसी जहाजी यात्रा से कम नहीं थी। मुझे उस वक्त की कल्पना कर 'लाइफ़ ऑफ़ पाई' फ़िल्म याद आ गई। तमाम जंगल और डायनासॉर लिए भारत अकेला समुद्र में विचरण कर रहा था।

यहां एक बात बतानी जरूरी है कि C आकार के पैन्जिया के मध्य जो समुद्र था, वह टेथीज़ सागर कहलाता था। अब जब सभी द्वीप बिखर गए, तो वहां खुला समुद्र रह गया। भारत इसी समुद्र में आगे बढ़ रहा था, जो अब हिंद महासागर कहलाता है। अगर भारत को एक जहाज मानें, तो इसका अगला नुकीला हिस्सा आज का सिंध और कच्छ का हिस्सा था।

भारत जैसे ही मेडागास्कर से कुछ दूर आज के रियूनियन द्वीप तक पहुंचा कि अचानक जैसे लक्ष्मण-रेखा पर पैर रख दिया। ज्वालामुखी विस्फोट होने लग गए, बल्कि इन विस्फोटों से ही वह रियूनियन द्वीप बन कर तैयार हुआ। अगर भारत वहां से न गुजरता तो यह खूबसूरत स्थान ही न होता। यह विडंबना है कि इसी द्वीप पर सदियों बाद भारत से बंधुआ मजदूर ले जाए गए, जिसका विवरण मैंने 'कुली लाइन्स' पुस्तक में दिया है। लगभग 6.8 करोड़ वर्ष पूर्व यह विस्फोट शुरू हुआ और अगले 40 लाख वर्षों तक चलता रहा। भारत ने इतने घाव झेले कि लगभग संपूर्ण जीवन खत्म हो गया। डायनासॉर युग भी इसके साथ ही खत्म हो गया।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## ब्रह्मपुत्र पुल व अंडरवाटर टनल बनेगा विकास सेतु

असम की धरती पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी की जनसभा में भारत माता की जय का उद्घोष किया, तो वह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि उत्तर–पूर्व के विकास को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश भी था। उनके संबोधन में संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं के समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की झलक दिखाई दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2014 के बाद उत्तर–पूर्व को प्राथमिकता दी गई है और यह क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। असम, जो लंबे समय तक भौगोलिक दूरी और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण पिछड़ा माना जाता था, आज बड़े प्रोजेक्ट्स के जरिए नए युग में प्रवेश कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने 6-लेन के आधुनिक पुल कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। लगभग 3,030 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी को जोड़ता है। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है, जो इंजीनियरिंग की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बन जाने से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय घटकर मात्र सात मिनट रह जाएगा। इससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। ब्रह्मपुत्र, जो असम की जीवनरेखा है, अब विकास का सेतु बन चुकी है।



कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्षों में उत्तर–पूर्व के 125 से अधिक महान व्यक्तित्वों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र की प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि को राष्ट्रीय मंच पर उचित पहचान मिल रही है। लंबे समय तक उपेक्षित रहे इस भूभाग को अब देश के विकास मानचित्र में प्रमुख स्थान दिया जा रहा है।

विकास की इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली ट्विन-ट्यूब अंडरवाटर रेल एवं सड़क टनल को मंजूरी दी है। यह परियोजना गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच बनाई जाएगी। लगभग 15.8 किलोमीटर लंबी यह टनल तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल और महत्वाकांक्षी है। पूरे प्रोजेक्ट, जिसमें अप्रोच रोड और रेलवे ट्रैक भी शामिल हैं, की लंबाई 33.7 किलोमीटर होगी और इस पर लगभग 18,600 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

इस टनल के बन जाने से वर्तमान में 240 किलोमीटर की दूरी घटकर लगभग 34 किलोमीटर रह जाएगी। इससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क भी सुदृढ़ होगा। यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपात स्थिति में सेना और आवश्यक संसाधनों की तेजी से आवाजाही संभव हो सकेगी। एक ट्यूब में सिंगल रेल ट्रैक की सुविधा होगी और ट्रेनें बिजली से संचालित होंगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा कि ट्रेन के गुजरने के दौरान सड़क यातायात नियंत्रित रहेगा। इसमें बैलिस्टिक ट्रैक जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जो इसे अत्याधुनिक संरचना बनाता है।


इन परियोजनाओं का महत्व केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है। उत्तर–पूर्व भारत लंबे समय से भौगोलिक अलगाव और सीमित बुनियादी ढांचे के कारण आर्थिक रूप से पीछे रहा है। जब मजबूत पुल, आधुनिक सड़कें और सुरक्षित रेल नेटवर्क तैयार होते हैं, तो वे केवल दो स्थानों को नहीं जोड़ते, बल्कि संभावनाओं को जोड़ते हैं। इससे उद्योग, कृषि, पर्यटन और छोटे व्यवसायों को नई ऊर्जा मिलती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# बर्बरीक: करुणा, त्याग और धर्म-संतुलन का अमर प्रतीक

यदि हम अपने पौराणिक इतिहास का दृष्यावलोकन करें, तो सबसे बड़े दानी के रूप में हमारे सामने कर्ण का नाम आता है- कर्ण से जिसने जो मांगा, उसने वह उसको दान में दिया, परंतु यहां हम देखते हैं कि कर्ण ने सदैव अर्थ का ही दान किया, परंतु वो योद्धा जो सर्वशक्तिमान था, धर्म का ज्ञाता था, जिसने अपने शीश तक का दान दे दिया, ऐसा अभूतपूर्व परमवीर योद्धा- एक मात्र और केवल एक बर्बरीक हुए हैं। बर्बरीक भी कर्ण के काल में ही पैदा हुए और कर्ण के साथ ही महाभारत युद्ध में अप्रकट भी हो गए।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

## स्कंद पुराण में उल्लेख

बर्बरीक कुंती पुत्र महाबली भीम के पौत्र और अति बलशाली मायावी घटोत्कच के पुत्र थे। इनकी मां का नाम नागकन्या अहिलावती (कहीं-कहीं मोरवी) था। भारतीय पौराणिक परंपरा में कुछ पात्र ऐसे हैं, जो ग्रंथों में तो बहुत सीमित रूप से दिखाई देते हैं, परंतु लोक गाथाओं में विशाल स्वरूप धारण कर लेते हैं। बर्बरीक ऐसा ही एक नाम है, जो महाभारत के युद्ध में बिना कोई अस्त्र उठाए इतिहास में अमर हो गए। आगे चलकर यही वीर बर्बरीक खाटू श्याम के रूप में लोक आस्था का केन्द्र बने और घर-घर पूजे जाने लगे। बर्बरीक की कथा मुख्य रूप से स्कंद पुराण के कौमारिका एवं रेवा खंड में मिलती है, परंतु यहां भी बर्बरीक नाम का उल्लेख नहीं मिलता है। वर्तमान में उपलब्ध स्कंद पुराण के अवंती खंड/ रेवा खंड में श्याम/श्यामदेव की कथा का संकेत है, जिसको कलियुग में पूजे जाने का वरदान भगवान श्री कृष्ण ने दिया है और शीशदान की स्वीकृति प्रदान की है।

## प्रचलित श्लोक

शीशं मे देवदेवेश गृहाण पुरुषोत्तम। युद्ध दर्शनमिच्छामि तव प्रसादान्महामुने।। अर्थात हे पुरुषोत्तम मेरा यह शीश स्वीकार कीजिए एवं मैं आपकी कृपा से इस महायुद्ध का साक्षी बनना चाहता हूं। इसके अलावा एक और श्लोक आता है कि कलौ त्वं श्यामनामा पूज्यः सर्वजन प्रियः। भविष्यसि महामात्र भक्तानां फलदायकः।। अर्थात कलयुग में तुम श्याम नाम से पूजे जाओगे और तुम सबके प्रिय और भक्तों को वांछित फल प्रदान करने वाले होगे। पूर्व में आप श्याम के नाम से ही जाने जाते रहे और इसी नाम से आपका पूजन भी होता रहा।





## महाभारत का मौन साक्षी

पौराणिक कथाओं के अनुसार बर्बरीक एक अद्भुत वीर थे, जिन्होंने देवी की घनघोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने भगवान शिव से बर्बरीक को वरदान देने की प्रार्थना की। भगवान शिव ने बर्बरीक को तीन अचूक बाण प्रदान किए। ये सामान्य बाण नहीं, बल्कि दिव्य और चेतन अस्त्र थे, जो युद्धभूमि में स्वयं ही शत्रु और मित्र का भेद कर सकते थे। इन्हीं बाणों के कारण बर्बरीक अपार शक्ति के स्वामी बने और एक श्रेष्ठ वीर के रूप में विख्यात हुए। बर्बरीक की विशेषता केवल उनकी शक्ति नहीं थी, बल्कि उस शक्ति पर उनका विवेकपूर्ण नियंत्रण भी था। जब उनकी माताश्री को अपने पुत्र की अद्भुत सामर्थ्य का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने उससे एक ही प्रतिज्ञा करवाई-कि वह इन बाणों का उपयोग केवल असहाय और कमजोर समाज की रक्षा के लिए करेगा। उन्होंने पुत्र से यह भी कहा कि उसे सदैव युद्ध में हारने वाले पक्ष का साथ देना होगा। बर्बरीक ने मां की इस आज्ञा और प्रतिज्ञा का जीवनपर्यंत पालन किया। इसी कारण वे "हारे का सहारा" कहे गए।

घटोत्कच की मृत्यु के बाद बर्बरीक ने युद्ध में जाने की अनुमति मांगी। मां ने उन्हें विदा करते समय फिर से उनकी प्रतिज्ञा स्मरण कराई। महाभारत के युद्ध में उस समय कौरवों की स्थिति कमजोर थी और वे पराजय के निकट थे। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार बर्बरीक ने कौरवों के पक्ष में युद्ध करने का निर्णय लिया। परंतु यह स्थिति धर्म के संतुलन के लिए घातक थी। भगवान श्रीकृष्ण, जो पांडवों के पक्ष में थे, बर्बरीक की शक्ति और उनकी प्रतिज्ञा को भली-भांति समझ गए। उन्होंने बर्बरीक से युद्ध में आने का कारण पूछा। बर्बरीक ने स्पष्ट किया कि वह सदैव हारने वाले का साथ देता



है। यह भाव करुणा से उपजा था, किंतु धर्म की दृष्टि से विनाशकारी हो सकता था।

श्रीकृष्ण ने बर्बरीक की शक्ति की परीक्षा ली, जिसमें वे पूर्णतः सफल हुए। तब भगवान को एक कठोर और अप्रिय निर्णय लेना पड़ा। ब्राह्मण के वेश में उन्होंने बर्बरीक से शीश का दान मांगा। महादानी बर्बरीक ने दान स्वीकार किया, परंतु पहले भगवान का वास्तविक स्वरूप देखने की इच्छा प्रकट की। श्रीकृष्ण के दर्शन के बाद बर्बरीक ने कहा कि अब जीवन का कोई प्रयोजन नहीं बचा। उन्होंने केवल एक इच्छा रखी-युद्ध को अंत तक देखने की। भगवान के "एवमस्तु" कहते ही बर्बरीक ने अपना शीश अर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण ने उस शीश को एक ऊंचे टीले पर स्थापित किया, जहां से वह संपूर्ण युद्ध देख सका। इस महान त्याग के फलस्वरूप भगवान ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि कलियुग में वे उनके ही नाम "श्याम" से पूजे जाएंगे। यही श्याम आगे चलकर खाटू श्याम के रूप में विख्यात हुए।


## राजस्थान के सीकर में प्रमुख धाम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू उनका प्रमुख धाम है- जहां श्याम केवल एक पौराणिक स्मृति नहीं, बल्कि लोक आस्था के जीवंत देवता हैं। लोक कथाओं में प्रचलित है कि बर्बरीक के शीश का खाटू में प्राकट्य हुआ था। खाटू श्याम की विषेशता यह है कि यहां श्याम राजा नहीं, सेवक के रूप में पूजे जाते हैं, जबकि द्वारका में द्वारिकाधीश के रूप में पूजे जाते हैं। खाटू श्याम युद्ध जिताने वाले देव नहीं हैं, अपितु संकट में साथ देने वाले आराध्य हैं। लोक कथाओं के अनुसार खाटू के राजा रूपसिंह की पत्नी नर्मदा कंवर को स्वप्न में भगवान के शीश के प्रकट होने का आभास हुआ था, जिसके बाद राजा रूपसिंह चौहान ने सन् 1027 ई. में इस स्थान पर प्रथम मंदिर का निर्माण करवाया। इसके उपरांत सन् 1727 में मारवाड़ के दीवान अभय सिंह ने मंदिर का भव्य जीणोद्धार करवाया। मंदिर के निर्माण में मकराना के प्रसिद्ध सफेद संगमरमर का उपयोग हुआ है तथा गर्भगृह के दरवाजों की परतों को चांदी से मढ़ा गया है। मंदिर के पास ही श्याम कुंड स्थित है, जहां बाबा का पावन शीश प्रकट हुआ था। श्याम बाबा का पूजन गंध, पुष्प, धूप, दीप एवं भोग से किया जाता है। बाबा को भोग में विशेष रूप से चूरमा मिश्री मावा, खीर या पेड़े का भोग लगाया जाता है। बाबा को मुख्य रूप से ध्वजा को विजय प्रतीक के रूप में अर्पित करते हैं। भक्तों को मोरछड़ी से आशीर्वाद प्राप्त होता है। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक खाटूश्याम जी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण फाल्गुन लक्खी मेले का आयोजन किया जाएगा।

पौराणिक कथा

## सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की माया

एक बार सुदामा ने श्रीकृष्ण से जिज्ञासावश पूछा, "कान्हा, मैं आपकी माया के दर्शन करना चाहता हूं। माया वास्तव में होती कैसी है?" श्रीकृष्ण यह प्रश्न टालना चाहते थे, पर सुदामा की जिद के आगे मुस्कराते हुए बोले, "अच्छा, समय आने पर तुम्हें स्वयं दिखा दूंगा।" एक दिन कृष्ण ने कहा, "सुदामा, आओ, गोमती में स्नान करने चलें।" दोनों गोमती नदी के तट पर पहुंचे, वस्त्र उतारकर जल में उतरे। कुछ ही क्षणों में श्रीकृष्ण स्नान कर तट पर लौट आए और अपना पीतांबर पहनने लगे। सुदामा ने सोचा-मैं भी एक डुबकी और लगा लेता हूं। जैसे ही उसने डुबकी लगाई, भगवान ने उसे अपनी माया के दर्शन करा दिए। सुदामा को लगा कि गोमती में अचानक बाढ़ आ गई है और वह बहता जा रहा है। किसी तरह वह एक घाट के पास रुका और बाहर निकला। चारों ओर एक अनजान नगरी थी। वह आगे बढ़ा तो देखा-एक हथिनी आई और उसके गले में फूलों की माला डाल गई। लोग इकट्ठे हो गए और बोले, "हमारे राजा का देहांत हो गया है। परंपरा है कि हथिनी जिसके गले में माला डाल दे, वही राजा होता है। अब आप हमारे राजा हैं।"



सुदामा आश्चर्यचकित रह गया। उसका राजतिलक हुआ, राजकन्या से विवाह हुआ और समय के साथ उसके दो पुत्र भी हुए। जीवन सुख से चल रहा था कि एक दिन उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार पड़ी और अंततः चल बसी। सुदामा शोक में डूब गया। तभी लोगों ने कहा, "मायापुरी का नियम है-राजा को अपनी रानी के साथ चिता में प्रवेश करना होता है।"

यह सुनते ही सुदामा घबरा गया। उसे लगा- मेरी तो मृत्यु नहीं हुई, फिर मैं क्यों जलूं? अब उसे पत्नी का शोक भूलकर अपनी ही चिंता सताने लगी। उसने कहा, "मैं इस नगरी का निवासी नहीं हूं।" पर कोई नहीं माना। अंत में उसने विनती की-"मृत्यु से पहले मुझे स्नान करने दो।" पहरे के साथ उसे नदी तक ले जाया गया। डर से कांपते हुए सुदामा ने जैसे ही जल में डुबकी लगाई और बाहर आया- मायानगरी लुप्त थी। सामने वही गोमती तट था और श्रीकृष्ण अभी भी पीतांबर पहन रहे थे। सुदामा फूट-फूट कर रोने लगा।

श्रीकृष्ण ने अनजान बनते हुए पूछा, "सुदामा, क्यों रो रहे हो?" सुदामा बोला, "प्रभु, जो मैंने देखा- वह सत्य था या यह?" कृष्ण मुस्कराए-"जो देखा, भोगा वह माया थी, स्वप्न था। सत्य तो मैं हूं। माया अज्ञान है, आत्म-विस्मरण है। जो मुझे जान लेता है, उसे माया बांध नहीं पाती।" सुदामा समझ गया और जो समझ गया, वह श्रीकृष्ण से भिन्न कैसे रह सकता है।

बोधकथा

## ईमानदारी का फल

एक था चेकपोस्ट का अधिकारी, धीरज। वह अत्यंत ईमानदार, संतोषी और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति था। भ्रष्टाचार के इस युग में ऐसे व्यक्ति का जीवन आसान नहीं होता। चारों ओर से समझौते की नीति अपनाने का दबाव रहता, छोटे-बड़े लोग तरह-तरह से उसे प्रभावित करने का प्रयास करते, परंतु धीरज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहा। बार-बार होने वाले स्थानांतरण उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके थे, किंतु उसने कभी शिकायत नहीं की।

एक बार उसने तस्करी का एक बड़ा माल पकड़ा। माल का मालिक एक प्रभावशाली व्यापारी था, जिसके संबंध बड़े-बड़े राजनेताओं और अधिकारियों से थे। पहले तो उसने धीरज को प्रलोभन देने का प्रयास किया और यहां तक कह दिया कि यदि वह आंख मूंद ले तो पचास लाख रुपये देने को तैयार है, पर धीरज तनिक भी विचलित नहीं हुआ। इसके बाद नेताओं और मंत्रियों के फोन आने लगे, दबाव डाला जाने लगा, किंतु उसने किसी की नहीं सुनी। उसने नियमों के अनुसार चालान किया और पूरा माल जब्त कर लिया। मामला न्यायालय पहुंचा, परंतु धन और प्रभाव के बल पर केस शीघ्र ही खारिज हो गया। ऊपर से मंत्रियों की नाराजगी का परिणाम यह हुआ कि धीरज को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ा। इतनी बड़ी क्षति के बाद भी वह टूटा नहीं। उसका आत्मसम्मान और ईमानदारी आज भी उतनी ही दृढ़ थी। कुछ समय बाद एक बड़े उद्योगपति को इस पूरी घटना की जानकारी मिली। उसने धीरज को बुलाया और उसकी निष्ठा से प्रभावित होकर अपनी कंपनी में सर्वोच्च पद पर सम्मान सहित नियुक्त कर लिया। यहां उसे न केवल पहले से अधिक वेतन मिला, बल्कि सभी आवश्यक सुविधाएं भी प्राप्त हुईं। धीरज अब पहले से भी अधिक सतर्क और जिम्मेदार हो गया। वह मालिक के हितों की रक्षा करता और अधीनस्थ कर्मचारियों के अधिकारों तथा कल्याण का विशेष ध्यान रखता।



प्रत्येक माह वह सभी कर्मचारियों की बैठक करता, जिसमें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, संतोष और परोपकार जैसे मूल्यों पर चर्चा करता। उसके नेतृत्व में कंपनी निरंतर उन्नति करने लगी। एक दिन उसने उद्योगपति को धन की असारता का बोध कराते हुए शिक्षा, चिकित्सा और असहायों की सहायता के लिए एक ट्रस्ट बनाने का सुझाव दिया। उद्योगपति ने सहर्ष यह प्रस्ताव स्वीकार किया और धीरज को ही ट्रस्ट का सचिव बना दिया। अब कंपनी की आय का एक निश्चित अंश लोककल्याण के कार्यों में व्यय होने लगा। ठीक ही कहा गया है-धन तो बहुतों को मिल जाता है, पर उसका सदुपयोग वही कर पाता है, जिसके जीवन में ईमानदारी और पुण्य का प्रकाश हो।

## क्यों लगता है मृत्यु से डर

मृत्यु जीवन का विश्राम स्थली हैं, जहां जीवात्मा अपनी थकान दूर करती, नये जीवन के लिए शक्ति प्रदान करती है। थकान दूर करने के लिए विश्राम तो नित्य ही करते हैं। पुनः नई शक्ति एवं स्फूर्ति से दैनिक कार्यों में जुड़ जाते हैं। विश्रामावधि में जाने में ना तो डर लगता है, ना ही किसी प्रकार की कठिनाई अनुभव होती है। विश्राम के अभाव में तो व्यय हुई शक्ति की आपूर्ति नहीं हो पाती। काया कमजोरी तथा श्रम के अयोग्य हो जाती है। जीवन भर की थकान को मिटाने के लिए भावी जीवन के लिए शक्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से मृत्यु रूपी विश्राम अवधि भी उतनी ही आवश्यक है। काया-परिवर्तन इसलिए आवश्यक हो जाता है कि लंबी अवधि तक श्रम करने के कारण वह इस योग्य नहीं रहती कि कठोर श्रम कर सके। पुराने फटे वस्त्रों को बदलकर, नये पहन लिए जाते हैं। जर्जर हो गई मशीनों को पूर्ण रूपेण परिवर्तित कर देना ही उचित होता है।

इन परिवर्तनों में ना तो किसी प्रकार का दुराग्रह होता है, ना आसक्ति और नहीं किसी प्रकार का भय। नये के प्रति, परिवर्तन के प्रति भयभीत हो जाने अथवा पुरातन के प्रति आसक्ति बने रहने से उन लाभों से वंचित रह जाना पड़ता है, जो नए वस्त्रों एवं वस्तुओं से मिलता है। मृत्यु के संबंध में यही बात लागू होती है।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

मृत्यु इसलिए भी आवश्यक एवं उपयोगी है कि जीव नये जीवन का, परिवर्तन का आनंद ले सके। मृत्यु का क्रम रुक जाय, उस स्थिति की कल्पना की जाय तो पता चलता है कि जीवन कितना नीरस एवं उभरा होगा। लंबी आयु, अमर काया, जर्जर, अशक्त बनी लाश ढोने के समान होगी, बुढ़ापा वैसे ही कितना नीरस भार भरा प्रतीत होता है। उस पर भी यदि उसके साथ अमरता का वरदान जुड़ जाए तो कितनी कठिनाई होगी। निश्चित ही कोई विचारशील, काया रूपी अमरता को स्वीकार न करना चाहेंगे। असमर्थ, अशक्त, जराजीर्ण काया की गठरी के बोझ को कौन सदा ढ़ोना चाहेगा? फिर मृत्यु से डर क्यों लगता है? शरीर के प्रति आसक्ति क्यों बनी रहती है? इन कारणों पर विचार करने पर पता चलता है, कि मृत्यु एवं जीवन के स्वरूप की वास्तविक जानकारी न होने के कारण ही भय लगता है। हमारी सत्ता शरीर से अलग है-शाश्वत, अविनाशी एवं अमर है। यह बोध बना रहे तो मृत्यु की आशंका से भयभीत होने का कोई कारण नहीं दिख पड़ता। शरीर सत्ता को ही सब कुछ मान लेने, मृत्यु के साथ जीवन का अंत समझ लेने से डर लगता है। शास्त्र इसलिए निर्देश देते हैं कि अपनी सत्ता को जानो और पहचानो, शास्त्रों का प्रत्येक को अध्ययन करना चाहिए।

## सास-बहू का रिश्ता: वास्तु शास्त्र से सामंजस्य की राह



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

हर परिवार में सास-बहू का बंधन अनमोल होता है, लेकिन कभी-कभी छोटे-मोटे मतभेद इसकी मिठास कम कर देते हैं। वास्तु शास्त्र कहता है कि घर की दिशाओं में संतुलन लाकर दोनों पक्षों से प्रयास करने पर ये रिश्ता और मजबूत हो सकता है। सास और बहू दोनों मिलकर ये उपाय अपनाएं, तो प्रेम और समझदारी घर की शान बनेगी।

- **दोनों के लिए शुभ आरंभ-** सास-बहू संयुक्त रूप से गुरुवार या शुक्रवार से उपाय शुरू करें, ये दिन पारिवारिक एकता के प्रतीक हैं। यदि तनाव ज्यादा हो, तो शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से प्रारंभ करें। सभी उपाय 40-45 दिनों तक निरंतर करें, फिर जीवनभर आदत बनाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा घर में बनी रहेगी।
- **वायु कोण: संवाद की कुंजी-** घर के उत्तर-पश्चिम कोण (वायु कोण) को साफ रखें, कचरा या टूटा सामान न रखें। चांदी की कटोरी में केसर-कपूर भरकर रखें, हर शनिवार बदलें। सास या बहू इसे 43 दिनों तक संभालें, संवाद में मधुरता आएगी।
- **अग्नि कोण: प्रेम का प्रकाश-** दक्षिण-पूर्व (अग्नि कोण) में शाम को लाल बल्ब जलाएं। सास या बहू कोई भी 45 दिनों तक रोजाना करें। ये उपाय गलतफहमियां दूर कर सास-बहू में विश्वास जगाता है।
- **ईशान कोण: शांति का आधार-** उत्तर-पूर्व दिशा हमेशा स्वच्छ रखें, कूड़ेदान न रखें। पूजा स्थल यहीं बनाएं। रोज साफ करने का संकल्प लें, 40 दिनों में शांति का प्रभाव दिखने लगेगा।



- **शयनकक्ष व्यवस्था: सम्मान का स्थान-** सास का कमरा दक्षिण-पश्चिम में, बहू का पश्चिम या दक्षिण में रखें। दोनों कमरों में लाल फ्रेम वाली संयुक्त फोटो लगाएं। शुक्रवार से स्थापित कर 21 दिनों तक रोज प्रणाम करें।
- **दैनिक वास्तु आदतें-** सूर्योदय पूर्व घर साफ करें, गुड़युक्त जल सूर्य को अर्घ्य दें। रोज पहली रोटी गुड़ सहित गाय को दें। गुरुवार से अपनाएं, 48 दिनों बाद स्थायी करें। झगड़े कम होते हैं।
- **सास के लिए खास उपाय-** अगर आप बहू हैं, तो रोज सुबह सास के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें और अगर आप सास हैं, तो रोज सुबह बहू को आशीर्वाद दें भले वो आपका पैर छुए न छुए, फिर घर संभालने दें। गुरुवार को केसर तिलक लगाएं। 40 दिनों का कोर्स पूरा करें। ये वास्तु ऊर्जा संतुलित कर प्रेम स्थापित करते हैं।

### विशेष वास्तु उपाय

**भूमि कोण (दक्षिण-पूर्वी मध्य) रहस्य**

घर के दक्षिण-पूर्वी मध्य भाग (भूमि तत्व क्षेत्र) में एक छोटा सा तांबे का लोटा रखें, जिसमें 7 जौ के दाने और गुड़ का टुकड़ा डालें। इसे लाल कपड़े से ढकें और कभी न हिलाएं। सास इसे स्थापित करें, बहू रोज जल चढ़ाएं। 21 दिनों में मनमुटाव गायब हो जाएगा।

**नीलिमा यंत्र स्थापना**

ईशान कोण के नीचे भूमि में (या अलमारी में) नीले रंग का त्रिकोणाकार यंत्र (नीलिमा यंत्र) दबाएं, जो बहू-सास की एकता का प्रतीक है। इसे शुक्रवार को केसर से स्थापित करें। 108 दिनों तक सक्रिय रहेगा, झगड़े जड़ से समाप्त हो जाएगी।

**वास्तु पिरामिड संधि**

घर के केंद्र (ब्रह्मस्थान) में पारदर्शी कांच का छोटा पिरामिड रखें, जिसके नीचे सास-बहू की संयुक्त फोटो (बिना फ्रेम) हो। रोज शाम 5 मिनट ध्यान करें। ये ऊर्जा संधि उपाय दोनों के कर्म बंधन को जोड़ता है, 40 दिनों में प्रेम स्वाभाविक हो जाता है।

**शयन ऊर्जा समन्वय**

सास के बिस्तर के नीचे बहू के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें और बहू के बिस्तर के नीचे सास के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें। इसे हर पूर्णिमा बदलें। ये उपाय निद्रा के दौरान वास्तु तरंगों को एकाकार करता है, सपनों में भी प्रेम का संचार होता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 83,277.15 | 25,682.75 |
| बढ़त | 650.39 | 211.65 |
| प्रतिशत में | 0.79 | 0.83 |

सोना 1,59,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 17 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



# आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार

## जनवरी में वस्तुओं के निर्यात में 0.6% और सेवाओं के निर्यात 26.33% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल दर साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।



### पेट्रोलियम का सर्वाधिक आयात

भारत ने पेट्रोलियम का सबसे अधिक आयात किया। इसके बाद क्रमशः इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, सोना, मशीनरी और परिवहन उपकरण का रहा। देश से 101.13 अरब डॉलर की इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात किया गया। इसके बाद, 45.69 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद, 39.38 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, 25.73 अरब डॉलर की दवाओं और 23.53 अरब डॉलर के जवाहरात और गहनों का निर्यात हुआ।

### रूस से आयात घटा, चीन, यूएई अमेरिका, सऊदी अरब से बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और सऊदी अरब से भारत का आयात बढ़ा है जबकि रूस से आयात में कमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-जनवरी के दौरान क्रमशः चीन, यूएई, रूस, अमेरिका और सऊदी अरब से सबसे अधिक आयात किया गया। इनमें रूस को छोड़कर अन्य देशों से आयात में वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि जनवरी 2026 में रूस से मात्र 2.86 अरब डॉलर का आयात किया गया जबकि उससे पहले के नौ महीने में पांच अरब डॉलर के औसत के साथ रूस से 44.98 अरब डॉलर का आयात हुआ था।

- सबसे ज्यादा निर्यात क्रमशः अमेरिका, यूएई, चीन, नीदरलैंड और ब्रिटेन को किया गया, अमेरिका, यूएई और चीन को निर्यात में वृद्धि, नीदरलैंड और ब्रिटेन को निर्यात कम

### सरकारी आंकड़े : थोक महंगाई जनवरी में 1.81 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश में थोक मुद्रास्फीति जनवरी में लगातार तीसरे महीने बढ़ते हुए 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य चीजों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर पिछले साल जनवरी में 2.51 प्रतिशत जबकि दिसंबर 2025 में 0.83 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा, जनवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह मूल धातुओं के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं तथा वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि रही। डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 1.55 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 0.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सब्जियों के मामले में जनवरी में महंगाई दर 6.78 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- गैर खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि कारण

## न्यूज ब्रीफ

### चीनी निर्यात वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 2.01 लाख टन

नई दिल्ली। भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से कोटा वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है।


### चांदी में दो प्रतिशत की गिरावट, सोना 700 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर सभी कर मिलाकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी कर मिलाकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस साल 4 नए मॉडल पेश करेगी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस वर्ष चार नए मॉडल पेश करेगी, जिनमें एक 'प्लग-इन हाइब्रिड' एसयूवी भी शामिल है। कंपनी के एमडी ने कहा कि कंपनी ने प्रीमियम एसयूवी 'मेजेस्टर' पेश की है और अपनी उत्पादन क्षमता को वर्तमान के 1.2 लाख इकाई से बढ़ाकर तीन लाख वाहन सालाना करने जा रही है। इसके अलावा, कंपनी स्थानीय उत्पादन को भी बढ़ाएगी और नए मॉडल लाएगी। इसमें कुल मिलाकर 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश होगा।

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, 650 अंक चढ़ा सेंसेक्स



निफ्टी ने ली 212 अंकों की बढ़त

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावरग्रिड सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 4.45 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## जनवरी में सोने का आयात 349% बढ़ा

नई दिल्ली। भारत ने जनवरी 2026 में 1,207.06 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया जो पिछले साल जनवरी की तुलना में 349 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के के अनुसार, जनवरी में चांदी का आयात 127 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 200.38 करोड़ डॉलर का रहा। पिछले साल जनवरी में 268.70 करोड़ डॉलर का सोना और 88.28 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने (अप्रैल-जनवरी) में 6,146.39 करोड़ डॉलर का सोना और 977.53 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई।

## वर्ष 2035 तक में घरेलू खुदरा बाजार दोगुना होने की उम्मीद

मुंबई। घरेलू खुदरा बाजार वर्ष 2035 तक बढ़कर 210-215 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो 2025 में अनुमानित 90-95 लाख करोड़ रुपये का दोगुने से भी अधिक होगा। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से यह रिपोर्ट 'रिटेल लीडरशिप समिट 2026' में जारी की। रिपोर्ट कहती है कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर होने से भारत खुदरा बाजार में वृद्धि का प्रमुख चालक रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र के अगले चरण की वृद्धि में वे कंपनियां आगे रहेंगी जो स्पष्ट रणनीतिक ध्यान, अनुशासित क्रियान्वयन और कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित बदलाव को अपनाएंगी। उपभोक्ता जुड़ाव, परिचालन मॉडल और प्रतिभा प्रबंधन में संरचनात्मक परिवर्तन अपनाने वाले खुदरा विक्रेता 200 लाख करोड़ रुपये के बाजार की यात्रा में असमानुपातिक मूल्य अर्जित कर सकेंगे।

## जनवरी में बेरोजगारी दर बढ़कर 5% पर

नई दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी में बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई जो दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत थी।

- देश के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में बढ़ी बेरोजगारी

नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान जारी करके कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।

आधिकारिक बयान में दावा किया गया है कि फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थाई रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे। हालांकि, एनएसओ ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही।

## एआई से उत्पन्न गलत सूचना लोकतंत्र के लिए खतरा: जितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को एआई उपकरणों के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये तैयार की गई गलत सूचना में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर करने की ताकत है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने कहा कि एआई छात्रों और शिक्षकों के लिए सीखने की प्रक्रिया को काफी बेहतर बना सकता है, लेकिन इसे ऐसा शॉर्टकट नहीं माना जाना चाहिए जिससे आलोचनात्मक सोच या जिज्ञासा कमजोर पड़े।



- केंद्रीय राज्यमंत्री ने समिट में कहा- एआई को शॉर्टकट न माना जाए

जितिन ने कहा कि एआई शिक्षकों की जगह नहीं ले सकता और शिक्षा में इसके जोखिमों से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। मंत्री ने कहा, अगर डिजिटल साक्षरता नहीं होगी तो साइबर खतरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साइबर सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा है और एआई डीपफेक के जरिये गलत सूचना फैलाई जाती है। भारत जैसा देश जो वास्तव में लोकतांत्रिक है जहां केंद्रीय, राज्य या निगम स्तर पर साल भर चुनाव होते रहते हैं, अगर एआई के जरिए गलत सूचना फैलाई गई तो यह लोकतंत्र को पटरी से उतार सकती है। उन्होंने कहा, यह लोगों की सोच को गलत दिशा में मोड़ सकती है और एक बार मतदान हो गया तो वह बेहद नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि लोग झूठी जानकारी के आधार पर वोट दिया होगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार नीतियां बनाएगी और नागरिकों की सुरक्षा तथा उनके भविष्य की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी, लेकिन इसमें सबको योगदान देना होगा।



# वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल, वास्तविक लिखित प्रतिलिपि पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ केंद्र की ओर से प्रस्तुत वीडियो के ट्रांसक्रिप्ट (लिखित प्रतिलिपि) को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एआई के दौर में अनुवाद बिल्कुल सटीक होना चाहिए। दरअसल, वांगचुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि अनुवाद में ऐसे शब्द भी जोड़ दिए गए हैं जो वांगचुक ने कहे ही नहीं थे। कोर्ट ने केंद्र को भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि सरकार वांगचुक के बयानों की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करे। पीठ ने कहा, मिस्टर सॉलिसिटर, हमें भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट चाहिए। जिस पर उन्होंने भरोसा किया है और जो आप कह रहे हैं, वह अलग है। हम निर्णय करेंगे। उन्होंने जो कहा है, उसकी वास्तविक प्रतिलिपि होनी चाहिए। पीठ ने कहा, उन्होंने जो कहा, कम से कमउसका सही अनुवाद होना चाहिए। आपका अनुवाद सात से आठ मिनट तक चलता है, जबकि भाषण केवल तीन मिनट का है। हम एआई के युग में हैं, अनुवाद में कम से कम 98 प्रतिशत सटीकता होनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को फिर से होगी।



### जो बात कही नहीं, वह भी अदालत में : सिब्बल

- सिब्बल ने अनुवाद पर सवाल उठाते हुए कहा, वांगचुक ने अपना अनशन जारी रखा और नेपाल का संदर्भ देकर युवाओं को उकसाना भी जारी रखा यह पंक्ति कहां से आ रही है। यह एक बहुत ही अनोखा नजरबंदी आदेश है, आप ऐसी बात पर भरोसा कर रहे हैं जो मौजूद ही नहीं है और फिर कहते हैं कि यह व्यक्तिपरक संतुष्टि पर आधारित है।

### वांगचुक स्वस्थ, रिहा नहीं कर सकते: केंद्र

- केंद्र ने इससे पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि वांगचुक की हिरासत के बाद से 24 बार चिकित्सकीय जांच की गई है और वह स्वस्थ और ठीक हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक की नजरबंदी का आदेश जारी किया गया था, वे अब भी बने हुए हैं और स्वास्थ्य कारणों से उन्हें रिहा करना संभव नहीं होगा।

### हिमंत के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार, हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों की ओर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पक्षकारों के सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायत लेकर गुवाहाटी हाईकोर्ट के समक्ष जाने को कहा। शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की सुनवाई तेजी से करने को भी कहा। पीठ ने पक्षकारों से कहा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। उसकी शक्ति को कम मत आंकिए।

### 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अनुच्छेद-32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख करने पर सवाल भी उठाया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, आप चाहते हैं कि हम अनुच्छेद-32 के तहत दायर याचिका पर विचार कर यह तय करें कि आपके पिता, आपकी माता और आपका भाई कौन है।

## असम : राहुल से बात करने के बाद भूपेन बोरा ने इस्तीफा वापस लिया

गुवाहाटी, एजेंसी

- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था

असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने सोमवार सुबह पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया लेकिन राहुल गांधी और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं से बातचीत के बाद उसे वापस ले लिया।

बोरा के त्यागपत्र की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, पार्टी की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने बोरा से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी उनसे फोन पर बात की। जितेंद्र सिंह ने कहा कि बोरा ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा, भूपेन जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। परिवार के अंदर कभी-कभी मनमुटाव हो जाता है लेकिन यह हमारा आंतरिक मामला है। भूपेन जी ने असम की जनता के लिए लड़ाई लड़ी है और कांग्रेस में लंबा राजनीतिक जीवन बिताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनसे इस्तीफा वापस लेने का आग्रह किया, उनकी राहुल गांधी जी और केसी वेणुगोपाल जी से बात हुई।

इस बीच बोरा ने कहा कि उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बोरा से बात की है और उनका इस्तीफा आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया है। गोगोई ने कहा, अगर पार्टी में कुछ मुद्दों के कारण भूपेन बोरा को ठेस पहुंची है तो हम उनसे माफी मांगते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे अपने त्यागपत्र में बोरा ने दावा किया था कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है और राज्य इकाई में उन्हें उनका हक नहीं दिया जा रहा है। बोरा 2021 से 2025 तक असम कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष थे और पिछले साल उनकी जगह गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप दी गई।

### हिमंत ने बोरा को भाजपा में दिया न्योता, नहीं बनी बात

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा के दरवाजे उनके लिए खुले हैं। अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो वह उन्हें किसी सुरक्षित सीट से चुनाव जितवाने की कोशिश करेंगे। हिमंत ने कहा, उनके इस्तीफे से यह प्रतीकात्मक संदेश मिलता है कि कांग्रेस में किसी सामान्य परिवार का व्यक्ति तरक्की नहीं कर सकता। वह कल शाम बोरा के आवास पर जाएंगे और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बातचीत करेंगे। हालांकि बोरा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। राहुल गांधी से बातचीत के बाद उनका इस्तीफा वापस लिए जाने की घोषणा कर दी गई।

## प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों पर ध्यान न दें विद्यार्थी : सीबीएसई

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों से मंगलवार से शुरू होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाहों से गुमराह न होने का आग्रह किया है। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जैसा कि पहले भी देखा गया है, कुछ अनैतिक तत्व परीक्षाओं के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी खबरें फैलाकर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की गलत सूचनाओं में अक्सर प्रश्नपत्र लीक होने और बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के कथित प्रश्नपत्रों के प्रसार के झूठे दावे शामिल होते हैं। अधिकारी ने कहा, इसलिए, सीबीएसई अभिभावकों, विद्यार्थियों, विद्यालयों और सभी संबंधित हितधारकों से आग्रह करता है कि वे सतर्क रहें और अपुष्ट समाचारों, अफवाहों या फर्जी खबरों से गुमराह न हों। इस तरह की निराधार सामग्री पर भरोसा करना, उससे जुड़ना या उसे आगे बढ़ाना अनावश्यक चिंता और भ्रम पैदा कर सकता है और तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

## शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक के आने के बाद भाजपा ने मंदिर में गोमूत्र छिड़का

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक एवं पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गोमूत्र से मंदिर का शुद्धिकरण किया। महाशिवरात्रि पर विधानसभा क्षेत्र सिल्लोड के रहीमाबाद स्थित शिव मंदिर में मुस्लिम विधायक के जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसपर भाजपा और अन्य संगठनों ने विरोध जताया है। भाजपा की सिल्लोड इकाई के प्रमुख मनोज मोरेलू ने दावा किया, सत्तार गोमांस खाते हैं और उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर उसकी पवित्रता को भंग किया है। इसलिए हमने मंदिर को शुद्ध करने के लिए गोमूत्र छिड़का। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तार हाल में हज पर गए थे और अब मंदिर जा रहे हैं।

## ईडी ने न्यूजक्लिक, प्रबीर पुरकायस्थ पर 184 करोड़ का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। ईडी)ने समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' और उसके प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ पर फेमा के तहत 184 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पोर्टल के स्वामित्व वाली कंपनी पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड पर 120 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि पुरकायस्थ पर कथित उल्लंघनों के लिए 64 करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया है। इन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, मुख्य रूप से एक तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निधियों का गलत विवरण देने और दूसरे सेवाओं और निर्यात की गलत घोषणा। इस घटनाक्रम पर 'न्यूजक्लिक' से अभी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ईडी ने सबसे पहले सितंबर 2021 में राष्ट्रीय राजधानी के सैदुलजाब इलाके में स्थित न्यूजक्लिक परिसर में धनशोधन के आरोपों में छापेमारी की थी। एजेंसी ने इस मामले में पुरकायस्थ समेत 25 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। भाजपा ने 2023 में 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार के एक समाचार का हवाला देते हुए पोर्टल और उसके प्रवर्तकों पर कदाचार का आरोप लगाया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद से बातचीत की

नई दिल्ली। भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरी भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद साहब के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, सामाजिक सद्भाव, भाईचारा बढ़ाने और शिक्षा में सुधार लाने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।

प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। शेख अबू बक्र अहमद भारत के 10वें और वर्तमान ग्रैंड मुफ्ती हैं, जिन्हें फरवरी 2019 में नियुक्त किया गया था। केरल के एक प्रमुख सुन्नी विद्वान के रूप में, वह अखिल भारतीय सुन्नी जमीयतुल उलमा का नेतृत्व करते हैं।

## अवैध हिरासत का दावा: अबू सलेम की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि उसे 10 महीने से अधिक समय से अवैध हिरासत में रखा गया है, जबकि वह 1993 के मुंबई विस्फोट मामले में उसे दी गई 25 साल की सजा पहले ही काट चुका है। वर्ष 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था। प्रत्यर्पण समझौते की शर्तों के अनुसार, सलेम को मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता और उसके कारावास की अवधि 25 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती। सलेम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रिहाई की मांग की थी, जिसमें दावा किया था कि अच्छे व्यवहार के लिए दी छूट को शामिल करने पर वह पहले ही 25 साल की कैद काट चुका है।

## पहलगाम हमले के मृतक की बेटी को 10 महीने बाद भी नहीं मिली सरकारी नौकरी

- महाराष्ट्र सरकार ने किया था वादा, तंगी से जूझ रहा है परिवार

पुणे/मुंबई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पिता की मौत के दस महीने बाद भी असावरी जगदाले महाराष्ट्र सरकार के सरकारी नौकरी के वादे के पूरा होने का इंतजार कर रही हैं।

असावरी के पिता संतोष जगदाले उन 26 लोगों में एक थे जिनकी मौत पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों की गोलीबारी में हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के छह पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। असावरी ने कहा, वादा किए हुए 10 महीने हो गए हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य सरकार के आश्वासनों से अवगत कराया है। असावरी ने कहा, मैंने एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालयों से संपर्क किया है। मेरा परिवार तंगी का सामना कर रहा है और सारी बचत खत्म हो गई है।

# भारत में शिखर सम्मेलन एआई के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने का अहम अवसर

- एआई इंपैक्ट समिट को लेकर ब्रिटिश सरकार की टिप्पणी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की सरकार ने कहा है कि सोमवार से भारत में शुरू होने जा रहे एआई इंपैक्ट समिट में ब्रिटेन का ध्यान इस बात को रेखांकित करने पर रहेगा कि कृत्रिम मेधा (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और किस प्रकार दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है।

उपप्रधानमंत्री डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल इस बात पर प्रकाश डालने के लिए उत्सुक है कि एआई दुनिया के हर कोने में रोजमर्रा की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता है और एक नवीनीकरण इंजन के रूप में यह किस तरह डॉक्टरों को तेजी से निदान करने, शिक्षकों को व्यक्तिगत शिक्षण प्रदान करने, परिषदों को मिनटों में सेवाएं प्रदान करने और व्यवसायों को अगली पीढ़ी के अच्छे रोजगार सृजित करने में मदद कर सकता है। लैमी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन तय करेगा कि हम एआई के लाभों के लिए मिलकर कैसे काम करें।

## भारत-अमेरिका साझेदारी से बड़े अवसर मिलेंगे

**न्यूयॉर्क।** एआई संचालन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रूब्रिक के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिपुल सिन्हा ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में भारत तथा अमेरिका की मजबूत साझेदारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण एवं डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं पैदा कर सकती है। सिन्हा ने यहां कहा कि मैं भारत-अमेरिका संबंधों का बड़ा पक्षधर रहा हूं।

## पर्यावरण के लिए खतरे का संकेत

# पानी गटक रहा एआई




दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (कृत्रिम मेधा) की धूम मची है। शिक्षा, रोजगार, विज्ञान, व्यापार, तकनीक से लेकर जीवन के हर क्षेत्र को यह नई विधा प्रभावित कर रही है। किसी काम को चुटकियों में कर देने के गुण के कारण इसका इस्तेमाल आम जीवन में बढ़ गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूख ने पर्यावरण को नया झटका दिया है। एक नई रिसर्च के अनुसार, 2025 में एआई सिस्टम्स की पानी की खपत वैश्विक बोतलबंद पानी की कुल खपत से ज्यादा हो गई है। डेटा सेंटर्स में एआई सर्वर्स को ठंडा रखने और बिजली उत्पादन के लिए अरबों लीटर पानी खर्च हो रहा है, जो जल संकट को और गहरा सकता है। ये स्टडी सिर्फ चेतावनी है। एआई का फायदा तो है, लेकिन पर्यावरण की कीमत कौन चुकाएगा ये बड़ा सवाल है?

### कैसे करता है पानी की खपत

- असल में एआई खुद पानी नहीं पीता बल्कि उसे चलाने वाली मशीनें और डेटा सेंटर्स बहुत अधिक पानी इस्तेमाल करते हैं। जब कोई भी एआई सिस्टम काम करता है तो उसके पीछे विशाल डेटा सेंटर्स चलते हैं, इन डेटा सेंटर्स में हजारों सर्वर लगे होते हैं जो गर्म होते रहते हैं। इन्हें ठंडा रखने के लिए कूलिंग सिस्टम का इस्तेमाल होता है और इसी कूलिंग में लाखों लीटर पानी खर्च हो जाता है। कई जगहों पर यह पानी सीधे वॉटर कूलिंग सिस्टम में जाता है तो कहीं बिजली बनाने के दौरान इस्तेमाल हुए पानी की खपत भी इसमें जुड़ जाती है। नए एआई मॉडल तैयार करने में सर्वर फुल कैपेसिटी पर चलते हैं। इस दौरान बिजली की खपत बढ़ती है, बिजली उत्पादन व सिस्टम को ठंडा रखने में काफी पानी खर्च होता है।

### क्या कहती है रिसर्च

- एआई सर्वरों में पानी की खपत को लेकर एक शोध भी हुआ है। डेटा केंद्रों का कार्बन और जल पदचिह्न और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए इसके संभावित निहितार्थ नाम से प्रकाशित हुई है। इस शोध का नेतृत्व डच शोधकर्ता एलेक्स डी व्रीस-गाओ ने किया। स्टडी का फोकस उन डेटा सेंटर्स पर रहा जिन पर एआई सिस्टम चलते हैं और जिनकी वजह से ऊर्जा और पानी की भारी खपत होती है। हालांकि रिसर्च में यह भी माना गया है कि सटीक आंकड़े निकालना आसान नहीं है क्योंकि कंपनियां अपने पर्यावरणीय रिपोर्ट्स में एआई और नॉन-एआई वर्कलोड को अलग-अलग नहीं दिखातीं। सीधे आंकड़ों की कमी के चलते शोधकर्ताओं ने एक अलग तरीका अपनाया। उन्होंने गूगल, मेटा, अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियों के डेटा सेंटर्स से जुड़े पर्यावरणीय रिपोर्ट्स, औसत उत्सर्जन आंकड़ों और पानी की खपत से जुड़े डाटा का विश्लेषण किया। इसके आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि एआई वर्कलोड को संभालने के लिए कितनी बिजली और पानी की जरूरत पड़ रही है।

पर्यावरण पर सबसे ज्यादा असर एआई के रोज़ाना इस्तेमाल से पड़ता है। जब सवाल पूछते हैं, इमेज या वीडियो बनवाते हैं तो सर्वर पर भारी लोड पड़ता है।

### बोतल बंद पानी से ज्यादा इस्तेमाल

- शोध के मुताबिक, साल 2025 में सिर्फ एआई सिस्टम से निकलने वाला कार्बन उत्सर्जन करीब 3.26 करोड़ से लेकर 7.97 करोड़ टन कार्बन डाइ ऑक्साइड के बीच हो सकता है। यह मात्रा न्यूयॉर्क सिटी जैसे बड़े महानगर के सालाना कार्बन फुटप्रिंट के बराबर मानी जा रही है। वहीं पानी की खपत का आंकड़ा और भी चौंकाने वाला है। एआई से जुड़े डेटा सेंटर्स हर साल करीब 312 से 764 अरब लीटर पानी इस्तेमाल कर सकते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में इस्तेमाल होने वाले बोतलबंद पानी से भी ज्यादा है। इससे साफ है कि एआई सिर्फ ऊर्जा की नहीं बल्कि पानी की सुरक्षा का भी बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### एल सल्वाडोर में जब्त की 6.6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल सल्वाडोर की नौसेना ने 6.6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज़ को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार डील के करीब ऑस्ट्रेलिया-ईयू

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए विवादास्पद मुद्दों को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं। सुश्री वॉन डेर लेयन ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी कर सकती हैं।

### चीन में पटाखों में हुआ धमाका, आठ की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में चंद्र नववर्ष से पहले पटाखों की एक दुकान में विस्फोट होने से आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य मामूली रूप से झुलस गए। डोंगहाई काउंटी सरकार ने एक बयान में कहा कि जियांग्सू प्रांत के एक गांव में रविवार दोपहर विस्फोट तब हुआ जब एक व्यक्ति ने दुकान के पास पटाखा जला दिया। चीन में चंद्र नववर्ष की आधी रात पटाखे जलाना एक परंपरा है लेकिन हाल के वर्षों में वायु प्रदूषण से कई स्थानों पर पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### महिला से अभद्रता में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अदालती दस्तावेज से पीड़िता का विवरण हटा दिया गया है।

# ईरान बोला-अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाए तो हम समझौते के लिए तैयार

## परमाणु मुद्दे पर जिनेवा में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता के पूर्व ईरान ने दिए संकेत

- अमेरिका से समझौते के लिए ईरान ने अपनाया लचीला रुख

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक अच्छी शुरुआत बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।



### ...तो इजराइली हमलों का समर्थन करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से वादा किया है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत असफल होती है, तो वह ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर इज़राइली हमलों का समर्थन करेंगे। अमेरिकी समाचार पोर्टल सीबीएस न्यूज ने यह दावा किया है। रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने यह बात दिसंबर में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान कही, जिसमें इस मामले से जुड़े दो स्रोतों का ज़िक्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने इस बात पर भी चर्चा की है कि अमेरिका ईरान की मिसाइल अवसंरचना के खिलाफ संभावित अभियान में इज़रायल की मदद कैसे कर सकता है। इसमें इज़राइली लड़ाकू विमानों के लिए हवा में ईंधन भरने देना और संबंधित क्षेत्रीय देशों से उनके एयरस्पेस में दाखिल होने की इजाज़त मांगना शामिल है।

### वार्ता के लिए जिनेवा रवाना हुए अराघची

**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नज़र आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में कूटनीतिक और विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्ज़रलैंड के विदेश मंत्री इग्नाज़ियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 को जाएंगे इजराइल

**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिवसीय इज़राइल दौरे पर रहेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संपन्न कॉन्फ्रेंस ऑफ प्रेसिडेंट्स ऑफ मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशंस को संबोधित करते हुए मोदी की यात्रा की घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा, संसद में संबोधन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह यहां कौन आ रहे हैं? नरेन्द्र मोदी। उन्होंने कहा, इज़राइल और भारत के बीच गहरी साझेदारी है और हम विभिन्न प्रकार के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत अत्यंत शक्तिशाली और अत्यंत लोकप्रिय है। एक सूत्र ने यहां बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा संक्षिप्त (25 से 26 फरवरी तक) रहने की संभावना है, लेकिन इसका प्रभाव गहरा होगा, क्योंकि मोदी को न केवल इज़राइल में, बल्कि दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल है। यात्रा का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है और इस दौरान मोदी के इज़राइली संसद 'नेसेट' को संबोधित करने की संभावना है। समझा जाता है कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के सभी मुद्दों को उठाएंगे।

# कनाडा से द्विपक्षीय संबंध और मजबूत करेगा भारत

- विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने कनाडाई समकक्ष से की वार्ता

म्यूनिख, एजेंसी



विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय सहयोग प्रगाढ़ करने और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (जीएसी) द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है।

जयशंकर ने शनिवार को हुई बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात और बातचीत बहुत अच्छी रही। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं। दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। आनंद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा-भारत संबंधों और हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगामी कार्यों पर चर्चा करने के लिए मेरे भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मिलकर अच्छा लगा। आनंद ने कनाडा के लिए एक साझेदार के रूप में भारत के महत्व को रेखांकित किया, दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।

### समुद्री सुरक्षा को और बढ़ावा देंगे भारत-ग्रीस

**नई दिल्ली।** भारत और ग्रीस ने समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने, नौसेनाओं के संचालन में पारस्परिक सामंजस्य को मजबूत बनाने तथा पेशेवर सहभागिता को और प्रगाढ़ करने के लिए साझा प्रतिबद्धता दोहराई है। ग्रीस की नौसेना के प्रमुख, वाइस एडमिरल दिमित्रियोस एलेफ्थेरियोस कातारास ने यहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ वार्ता की। नौसेना ने एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की।

## चार अदालतों को बम से उड़ाने की दी गई धमकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ और मांड्या, कोडगु तथा बेंगलुरु दक्षिण की जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद सोमवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने बताया कि एहतियात के तौर पर धारवाड़, मांड्या जिलों, बेंगलुरु दक्षिण और कोडगु जिलों में अदालत परिसरों से वकीलों और कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर को घेर लिया और गहन जांच की। व्यापक तलाशी अभियान के बाद संबंधित जिलों की पुलिस ने इसे फर्जी ईमेल करार दिया, क्योंकि किसी भी अदालत में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, दोपहर में ईमेल प्राप्त हुआ।

# चेक बाउंस के मामले में राजपाल यादव को बेल

- दिल्ली हाईकोर्ट ने 18 मार्च तक स्थगित की अभिनेता की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने चेक बाउंस मामलों में अभिनेता राजपाल यादव की सजा 18 मार्च तक स्थगित कर दी और उन्हें जेल से रिहा किए जाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने यह आदेश इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए पारित किया कि यादव ने शिकायतकर्ता कंपनी मैसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्रालि के बैंक खाते में 1.5 करोड़ रुपये जमा कर दिए हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि हम अंतरिम रूप से आपकी सजा को स्थगित कर रहे हैं।। यादव ने 19 फरवरी को अपने परिवार में होने वाली शादी के आधार पर उनकी सजा को स्थगित करने का अनुरोध किया था। अदालत ने यादव को अपना पासपोर्ट सौंपने और बिना अनुमति के देश न छोड़ने का निर्देश दिया। अदालत ने यादव को सुनवाई की अगली तारीख 18 मार्च को भौतिक रूप से या ऑनलाइन माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत बॉलीवुड अभिनेता व उनकी पत्नी की पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।



## एसडीपीआई के अध्यक्ष फैजी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के. फैजी को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह आदेश सुनाया। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। एसडीपीआई पर अब प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक इकाई होने का आरोप है। इससे पहले ईडी ने एसडीपीआई को पीएफआई की राजनीतिक इकाई बताया था। केंद्र सरकार ने सितंबर 2022 में पीएफआई को गैरकानूनी संगठन बताते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# गाजा में शांति को पांच अरब डॉलर देगा शांति बोर्ड : ट्रंप

- अमेरिका के राष्ट्रपति ने की अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाज़ा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रंप ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान में अंतिम रूप दिया जाएगा। यहां शांति बोर्ड के सदस्य बैठक करेंगे।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाज़ा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाज़ा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थायीकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रंप ने दावा किया कि अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने स्वीकार कर लिया था। कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को रिकॉर्ड रफ्तार से जरूरतमंदों तक पहुंचाया।


## न्यूजीलैंड में तूफान से हवाई यातायात ठप

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में भारी बारिश एवं तेज हवाओं के कारण हवाई यातायात बाधित हो गया है। इसकी वजह से कई उड़ानें रद्द की गई हैं और 30,000 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। वेलिंगटन हवाई अड्डे के अनुसार, आज सुबह ओशिनिक द्वीप और देश की राजधानी के बीच आवागमन करने वाली अधिकांश उड़ानें रद्द या विलंबित रहीं। एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अस्थायी रूप से उड़ानें निलंबित कर दी हैं। खराब मौसम के कारण कुछ सड़कें बंद कर दी गई हैं और ट्रेन एवं फेरी सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। वेलिंगटन के अधिकारियों ने वाहन चालकों से यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है।

## आज का भविष्यफल -पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17.30 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- धनिष्ठा 09.16 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों की प्रसिद्धि बढ़ेगी। आप लोगों की सहायता करने का प्रयास करेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए आप प्रेरित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।

**वृष** — आज महत्वपूर्ण कार्य देरी से पूरे हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। स्टॉक मार्केट में सावधानीपूर्वक निवेश करें। विदेश में रहने वाले लोगों को कुछ समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। कमर दर्द को लेकर समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। किसी पुरानी बात को लेकर आप सोच-विचार करेंगे। साहसिक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं। भविष्य को लेकर बड़ा निर्णय लेंगे। संपत्ति विवाद के तूल पकड़ने की आशंका है।

**कर्क** — आज व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निर्माण संबंधी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। घरेलू उपयोग के लिए वस्तुओं को खरीद सकते हैं। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करना पसंद करेंगे।

**सिंह** — आज आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें। किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर आज अत्यंत सजग रहेंगे। लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। काम में आ रही रुकावटों के कारण जो चिंता थी वो काफी हद तक दूर हो जायेगी।

**तुला** — आज रक्तचाप के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। अधिक मसालेदार और गरम भोजन का सेवन न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना आपको भारी पड़ सकता है। मन में कुछ शंका पनपती रहेगी। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। आर्थिक लेन-देन के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। उच्च अधिकारियों से आपको सहायता मिलेगी। अधूरे छोड़े हुए कार्यों को आज पुन: प्रारम्भ करने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आपके मन में प्रसन्नता और उत्साह का भाव रहेगा। ऑनलाइन भुगतान के दौरान सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवन के प्रति सकारात्मकता बढ़ेगी। अपच के कारण एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज आपको किसी व्यापारिक यात्रा के लिए जाना पड़ सकता है। परिवार में किसी अनहोनी घटना का भय बना रहेगा। अनावश्यक बहसबाजी से दूर रहें। माता-पिता आप पर अविश्वास जतायेंगे। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुँचा सकते हैं।

**कुंभ** — आज तत्परता के साथ काम पूरा करने पर आपका फोकस रहेगा। रिटेल व्यापार संबंधित कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। आपके ऊपर लक्ष्यों को प्राप्त करने का दबाव रहेगा। कड़ी धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें, अन्यथा सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज युवाओं के विवाह की चर्चा आगे बढ़ सकती है। बच्चों की सफलता से स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन की कमी के कारण समस्या होगी। निम्न रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में विस्तार के लिए लोन लेना पड़ सकता है।

## सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

### सुडोकू - 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |



> भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान अतिरिक्त दबाव होता है, लेकिन खिलाड़ी सदियों पुरानी प्रतिद्वंद्विता को लेकर बाहर हो रही चर्चाओं पर गौर न करके शांतचित्त होकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं।
>
> –अक्षर पटेल


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, मंगलवार, 17 फरवरी 2026


### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| कनाडा–न्यूजीलैंड | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| नेपाल–स्कॉटलैंड | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## इटली को 24 रनों से हराकर इंग्लैंड पहुंचा सुपर आठ में



**कोलकाता।** विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन कर रही इटली को 24 रन से हराकर सोमवार को टी–20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक्स की आक्रामक पारी के दम पर इंग्लैंड ने आखिरकार अपनी लय हासिल करते हुए सात विकेट पर 202 रन बनाए। जैक्स ने 22 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए और टूर्नामेंट में पहली बार टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। जवाब में इटली ने शानदार प्रदर्शन किया। एक समय लग रहा था कि कोई उलटफेर हो जाएगा पर इंग्लैंड ने वापसी की। इटली के लिए बेन मानेंटी ने 25 गेंद में 60 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंद में 45 रन बनाए। जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंग्लैंड को मैच में लौटाया। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी।

## अफगानिस्तान ने यूएई को हराकर उम्मीद को कायम रखा



**नई दिल्ली।** अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन–तीन मैच खेले हैं।

# अब सेमीफाइनल या फाइनल में ही हो सकता है महा मुकाबला

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

- टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान मैच नहीं





**अमृत विचार।** भारतीय टीम द्वारा कोलंबो में पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप मैच में करारी शिकस्त देने से फैंस का जोश और रोमांच सातवें आसमान पर है, और वह एक बार फिर से दोनों देशों के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले की संभावनाएं देख रहे हैं।

टूर्नामेंट में अभी तक भारत और पाकिस्तान ने तीन-तीन मुकाबले खेले हैं। ग्रुप-ए में भारत तीन जीत के साथ सुपर-8 राउंड में पहुंच गया है, वहीं दो मैच जीतने वाले पाकिस्तान के सामने 18 फरवरी को नामीबिया पर जीत हासिल करने की चुनौती है। जहां तक सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान का मैच होने की बात है, तो यह कतई नहीं हो सकता है।

सुपर-8 में भारत-पाक टीमों के बीच मैच नहीं होने की वजह यह है कि प्री-सीडिंग व्यवस्था के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान को सुपर-8 के अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। इस चरण में पहुंचने वाली टीमें केवल अपने ग्रुप में विरोधी टीमों का सामना करेंगी, इसलिए सुपर-8 में भारत-पाक के बीच दोबारा मुकाबला होना संभव नहीं है, लेकिन भारत और पाकिस्तान की टीमें अगर सेमीफाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों के बीच एक बार फिर भिड़ंत हो सकती है।

**अपने ग्रुप में पहले या दूसरे स्थान पर ही दोबारा भिड़ंत :** सेमीफाइनल में भारत-पाक मैच के लिए शर्त यह है कि जब एक टीम अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे और दूसरी टीम दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर आए। अगर भारत और पाकिस्तान दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर या दूसरे स्थान पर रहती हैं तो दोनों के बीच सेमीफाइनल में भी भिड़ंत संभव नहीं होगी। टी-20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च और दूसरा 5 मार्च को खेला जाना है। अगर दोनों टीमें सेमी फाइनल में पहुंचकर अपने-अपने मैच जीतती हैं, तो फाइनल में महा मुकाबले की तस्वीर बनेगी।

### सुपर-8 की यह है तस्वीर

सुपर–8 में पहुंचने वाली टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। ग्रुप–1 की 4 टीमों को अपने ग्रुप में आपस में मैच खेलने होंगे। यही कहानी ग्रुप–2 में भी होगी। सुपर–8 के लिए दोनों ग्रुप के लिए पहले से तय सीडिंग के आधार पर क्वालीफाई करने पर ग्रुप–1 में भारत को एक्स–1, आस्ट्रेलिया को एक्स–2, वेस्ट इंडीज को एक्स–3 और दक्षिण अफ्रीका को एक्स–4 टीम के रूप में नामित किया गया है। इसी तरह ग्रुप–2 में इंग्लैंड को वाई–1, न्यूजीलैंड को वाई–2, पाकिस्तान को वाई–3 और श्रीलंका को वाई–4 के रूप में नामित किया गया है। अब इनमें से जो टीम सुपर–8 में नहीं पहुंचेगी, उसके स्थान पर उसके ग्रुप से पहुंचने वाली दूसरी टीम शामिल हो जाएगी।

### सुपर-8 में द. अफ्रीका, वेस्ट इंडीज से मैच तय, श्रीलंका व जिम्बाब्वे से संभावित

प्री सीडिंग के अनुसार सुपर–8 में पहुंचने के साथ ही भारत (एक्स–1) के मैचों की स्थिति भी स्पष्ट हो गई है। सुपर–8 में भारत की पहली भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका (एक्स–4) से 22 फरवरी को अहमदाबाद में होगी, जबकि 26 फरवरी को संभावित रूप से चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला करना होगा। एक मार्च को भारत अपना सुपर–8 का अंतिम मैच वेस्ट इंडीज (एक्स–3) के साथ खेलेगा।

## टी-20 विश्व कप : पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई शानदार पारी की हो रही जमकर तारीफ

# इशान किशन : आज में जीने वाला जिंदादिल खिलाड़ी



नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड की 1965 में आई फिल्म 'वक्त' में आशा भोंसले का गाया गाना "आगे भी जाने ना तू, पीछे भी जाने ना तू, जो भी है बस यही एक पल है" समय की अनिश्चितता को दर्शाता है कि जिंदगी कभी भी बदल सकती है, भविष्य अनजान है और अतीत को बदला नहीं जा सकता है लेकिन इशान किशन के लिए ये शब्द एक अलग मायने रखते हैं। यह शायद किशन का पसंदीदा गाना नहीं हो लेकिन इन पंक्तियों का भाव उनके करियर की कहानी से मिलती है।

पटना के 27 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने उस दौर से वापसी की जब भारतीय क्रिकेट जगत उनसे उम्मीद छोड़ने लगा था। ऋषभ पंत टी20 विश्व कप विजेता टीम में वापसी कर चुके थे, ध्रुव जुरेल प्रभावी प्रदर्शन कर रहे थे, संजू सैमसन हमेशा की तरह दावेदार थे और जितेश शर्मा भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहे थे। ऐसे में चयन क्रम में पांचवें स्थान पर खड़े किशन के लिए राह लगभग बंद दिख रही थी। आक्रामक शैली के इस बल्लेबाज के लिए लगातार अनिश्चितता के सहारे जीवन बिताना आसान नहीं था। किशन ने मानसिक थकान के चलते ब्रेक लेने का फैसला किया। लेकिन इसके बाद उन्हें चयन से बाहर किया गया, केंद्रीय अनुबंध रद्द हुआ और उन पर घरेलू क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं होने के आरोप लगे।

उनके करीबी मित्र अंशुमत श्रीवास्तव ने कहा अगले ही दिन से लोगों ने मान लिया कि वह क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं हैं। तरह-तरह की बातें लिखी गईं। किशन ने हालांकि इन बातों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुस्कुराते रहे और मेहनत करते रहे। वर्तमान में जीना कठिन होता है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया को सर्वोपरि मान लिया।

अंशुमत के अनुसार आज आप जो पाकिस्तान के खिलाफ देख रहे हैं, वह दो साल पहले शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। ये रन उस प्रक्रिया का एक हिस्सा है। अंशुमत पटना स्थित 'इशान किशन क्रिकेट अकादमी' के सह-संस्थापक भी हैं और इस दौरान उनकी मेहनत के साक्षी रहे। इस मुश्किल दौर में अंशुमत के अलावा किशन के परिवार और करीबी लोगों का सुरक्षा घेरा बना रहा।

पिता प्रणव पांडेय, बड़े भाई और चिकित्सक राज किशन ने उन्हें भावनात्मक संबल दिया। किशन की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई। बेहतर एकाग्रता के लिए उन्होंने ध्यान शुरू किया। पिता की सलाह पर भगवद गीता पढ़नी शुरू की। अभ्यास के लिए वह नियमित तौर पर दिन में दो बार अपनी अकादमी जाते। पोषण पर ध्यान देने के लिए निजी शेफ रखा और बाहर का खाना छोड़ दिया। नींद और आराम की निगरानी भी व्यवस्थित ढंग से की गई। भले ही किशन ने सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन भारतीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर उठे सवाल उन्हें आहत कर गए थे।

अंशुमत ने कहा ब्रेक के दौरान वह मानसिक रूप से थके हुए थे और उन्हें विश्राम की जरूरत थी। उन्होंने इसे अपने तरीके से संभाला। यह कभी लक्ष्य नहीं रहा कि रणजी, सैयद मुश्ताक अली या विजय हजारे ट्रॉफी में इतने रन बनाने हैं। न्यूजीलैंड श्रृंखला और घरेलू क्रिकेट में उनका औसत शानदार रहा। मिलनसार और खुशमिजाज स्वभाव के किशन टीम माहौल को हल्का बनाए रखना पसंद करते हैं। अंशुमत कोलंबो सिर्फ पाकिस्तान मैच देखने नहीं, बल्कि अपने इस 'भाई' के साथ रहने भी पहुंचे। उन्होंने कहा वह मजाक करना और हंसी-मजाक से माहौल हल्का रखना पसंद करते हैं।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की हो सकती है छुट्टी



**कराची।** भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है। सूत्र ने कहा पीसीबी अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी। सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला। टीम प्रबंधन ने तय किया है कि अब बहुत हो चुका और बाबर आजम तथा शाहीन को आराम देकर सलमान मिर्जा और नसीम शाह या फखर जमां को उतारा जाए।

### बेखौफ किशन ने हमसे मैच छीन लिया : हेसन



**कोलंबो।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि बेखौफ होकर खेल रहे ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक ने उनकी टीम और भारत के बीच अंतर पैदा किया। किशन की 40 गेंद पर 77 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने रविवार को यहां पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। हेसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि वह बेखौफ होकर खेलता है। वह मैदान के दोनों तरफ रन बना सकता है। इसलिए वह सिर्फ लेग साइड तक ही सीमित नहीं है। हम जानते हैं कि वह लेग साइड का मजबूत बल्लेबाज है, लेकिन वह रिवर्स शॉट भी खेल सकता है। इसलिए, अगर विशेष कर पावर प्ले में स्पिन गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे हो तो उसे रोकना चुनौती हो सकती है। हेसन ने स्वीकार किया कि किशन ने प्रेमदासा की धीमी पिच पर पाकिस्तान के धीमे गेंदबाजों के खिलाफ 37 गेंदों में 66 रन बनाकर उनकी स्पिन–प्रधान रणनीति को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से वह शानदार फॉर्म में हैं, उससे हमारे स्पिनरों पर काफी दबाव पड़ा और शायद वे 'बेसिक्स' से भटक गए। उसके अलावा (शिवम) दुबे का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर था, लेकिन मुकाबला कठिन था।

# भारत-पाक मैचों का व्यावसायिक महत्व जल्द हो जाएगा कम


करांची, एजेंसी

- पाकिस्तानी क्रिकेट विशेषज्ञों ने लगातार हार पर जताई चिंता

पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला लगातार एकतरफा होने और भारत के दबदबे के कारण इन मुकाबलों का व्यावसायिक महत्व कम होता जा रहा है।

भारत की रविवार को आसान जीत ने पाकिस्तान को पहले से कहीं ज्यादा झटका दिया है क्योंकि ऐसी उम्मीदें थीं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ हाल के गतिरोध के दौरान देश के प्रशासकों के कड़े रुख के बाद खिलाड़ी भी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। लेकिन भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से करारी शिकस्त दी जिससे दोनों टीमों के बीच अंतर भी स्पष्ट हो गया। टी20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को नौ में से आठ मैचों में हराया है। इसके अलावा पिछले साल एशिया कप में सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम को भारत से लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का पाकिस्तान पर सीमित ओवरों की क्रिकेट में दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जीत के बाद से पाकिस्तान अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक भी वनडे मैच नहीं जीत पाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) तौकीर जिया ने कहा कि हर हार के साथ आईसीसी में बहुचर्चित इन मैचों का व्यावसायिक महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा सच तो यह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच के मैच बहुत एकतरफा हो गए हैं। देर-सवेर आईसीसी और सदस्य बोर्ड के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच के मैचों का महत्व कम हो जाएगा। यहां एक विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले परवेज़ मीर ने इस बात से सहमति जताई कि पाकिस्तान के प्रशंसक कभी बराबरी पर रहने वाली प्रतिद्वंद्विता के फिर से शुरू होने की उम्मीद खोते जा रहे हैं।



हार से निराश पाकिस्तानी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज। एजेंसी

### पहली पारी में ही गंवा दिया था मैच : वकार यूनिस



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में 61 रन की करारी शिकस्त के बारे में कहा कि जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम उसी समय इस मैच से बाहर हो गई थी। वकार ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा पाकिस्तान ने पहली पारी में ही मैच गंवा दिया। एक बार जब भारत ने 175 रन बना लिए तो मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। गेंद स्पिन हो रही थी और सूर्यकुमार यादव ने गेंदबाजी में पूरी समझदारी से बदलाव किए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ने अपने स्पिन गेंदबाजों का उतना अच्छा इस्तेमाल किया जितना भारत ने किया। लेकिन मैच पहली पारी में ही खत्म हो गया था क्योंकि भारत ने बहुत ज्यादा रन बना लिए थे। हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन अगर भारत ने 175 की जगह 140 या 150 रन बनाए होते तो शायद स्थिति अलग होती।

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की की

पालेकल, एजेंसी

पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी से श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा कर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। तीन मैच में दूसरी हार साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर आठ में पहुंचने की राह मुश्किल हो गयी। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज निसांका ने 52 गेंद में नाबाद 100 रन की शानदार पारी खेली। कुसल मेंडिस ने 38 गेंद में 51 रन का योगदान दिया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते श्रीलंका के बल्लेबाज पतुम निसंका।

मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सोमवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 181 रन पर सिमट गया। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले। हेड ने भी 29 गेंदों में 56 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में 104 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक के स्कोर की राह पर ला खड़ा किया।

श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी 10 ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (चार ओवर में 37 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिये। पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला शुरुआत में गलत साबित हुआ। मार्श और हेड ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी।

### अभिषेक शर्मा पहले क्रीज पर समय बिताये : शास्त्री

**कोलंबो।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल | दूसरे दिन की खेल समाप्ति तक कर्नाटक ने छह विकेट पर बनाए 689 रन

# पडिक्कल के दोहरे शतक से उत्तराखंड बेदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन बल्लेबाजों का ऐसा दबदबा देखने को मिला। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का ऐतिहासिक दोहरा शतक रहा, जिसके चलते कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 689 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

दूसरे दिन कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलना शुरू किया और आक्रामक अंदाज में रन गति को आगे बढ़ाया। क्रीज पर जमे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर के साथ पारी को मजबूती दी। नायर ने 108 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए। पडिक्कल ने 288 गेंदों में अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला दोहरा शतक जड़ते हुए 232 रनों की यादगार पारी खेली। उनकी पारी में 29 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। रविचंद्रन स्मरण ने 10 चौकों की मदद से शतक पूरा किया। उत्तराखंड टीम की ओर से आदित्य रावत ने 132 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य को एक-एक सफलता मिली।



दोहरा शतक लगाने के बाद जश्न मनाते कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल। अमृत विचार

### शमी के तीन विकेट से जम्मू कश्मीर-बंगाल मैच में रोमांच बढ़ा

**कल्याणी।** मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बायें तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने तीन विकेट लिए।